3 | बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर 403 करोड़ रुपए से अधिक के...

6 | अभिमत
हिंदी की प्रतिद्वंदी बनी क्षेत्रीय राजभाषाएं?

10 | संस्कारधानी
जरूरतमंदों के लिए मेडिसीन बैंक से निःशुल्क दवाई

11 | छत्तीसगढ़
हत्या का प्रयास व छेड़खानी मामले का फरार आरोपी...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-35 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

सी-295 मालवाहक विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी को पहला नया मालवाहक विमान सी-295 सौंपा इसके साथ ही यह विमान विधिवत रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। रक्षा मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि हिन्डन वायु सेना स्टेशन में सी-295 मालवाहक विमान के अनावरण समारोह में शामिल हुआ। यह विमान विधिवत हवाई पट्टी के बिना आधे अधूरे बने रनवे से उडान भरने तथा उतरने में भी सक्षम है।

यूपी स्कूल थप्पड़ कांड पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए'

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। 'न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है।

चंदबाबू की याचिका पर शीघ्र सुनवाई का फैसला आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन

चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की उनकी गुहार ठुकराते हुए उनसे मंगलवार को फिर इसे 'विशेष उल्लेख' के दौरान उठाने को कहा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 'विशेष उल्लेख' के लिए सूचीबद्ध मामलों में नायडू का मामला शामिल नहीं होने के कारण उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर गौर करने से इनकार कर किया।

राहुल गांधी ने कहा हमने चुनाव में जो वादे किए थे, सभी वायदों को किया पूरा

छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आवास न्याय सम्मेलन में शामिल होने आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिलासपुर पहुँच कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिये इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक एकाउंट में जमा हो गये। एक दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। तखतपुर विधानसभा के ग्राम परसदा में आयोजित सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा हमने चुनाव में आपसे जो वादे किए थे। उन सभी वायदों को हमने पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, हमने सभी वायदों को पूरा किया।किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए दिये। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए के इलाज की सुविधा दिये गये, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42

हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। उन्होंने कहा जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं। आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी।आप सभी यहां दूर दूर से आये हैं आपने कीमती समय दिया इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। छत्तीसगढ़ में हमने जो वायदा किया वो पहले कैबिनेट में पूरा किया। हमारी सरकार गरीबों की, आदिवासियों, पिछड़ों वर्ग की सरकार है। उनके लिए कार्य करती है। राहुल गांधी ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना का शुभारंभ किया। योजना में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के 47 हजार 90 आवासहीन परिवार और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवार लाभांवित होंगे।आवास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार राशि देगी। आवास न्याय योजना से आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। ग्रामीण आवास न्याय योजनांतर्गत प्रथम चरण में राज्य के 47,090 आवासहीन परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष बचे 6,99,439 पात्र परिवारों को आवास स्वीकृति का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है। इस मौके पर सांसद गांधी और मुख्यमंत्री बघेल ने ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपए के मान से 5 करोड़ की राशि का वितरण किया। राहुल गांधी और भूपेश बघेल ने सम्मेलन में बिलासपुर जिले के लिए 669 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत वाले 414 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा इस दौरान चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र तथा नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्रों का वितरण किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय समय पर जारी करते रहेंगे। राहुल जहां भी अन्याय होता है वहां खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। उन्होंने नारा दिया कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। राहुल ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाला है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में तीसरा किश्त आयेगा। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की

किश्त हम 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और किसानों के खाते में पैसे डाल रहे हैं। वहीं उपमुख्यमंत्री उप-मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि स्वास्थ्य का अधिकार और घर का अधिकार सभी लोगों को मिले। आज उनके सोच की प्रतिपूर्ति यहां इस सम्मेलन में देखने को मिल रही है। आज 47 हजार से अधिक लोगों के खाते में आवास के लिए पैसे का ट्रांसफर किया गया।

कांग्रेस और उसके साथी महिला आरक्षण के फैसले को भटकाने में लगे : पीएम मोदी

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया को महिला आरक्षण का विरोधी बताते हुए कहा है कि वे इतने बड़े फैसले को भी भटकाने में लगे हैं वहीं उन्होंने राजस्थान की गहलोत सरकार पर लोगों के पांच साल बर्बाद करने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर पेपर लीक माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोदी यहां दादिया में भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके घमंडिया साथी महिला आरक्षण के घोर विरोधी हैं और वे महिला आरक्षण के इतने बड़े फैसले को भी भटकाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस महिला आरक्षण की बात कर रही हैं, वह यह काम 30 साल पहले कर सकते थी लेकिन कांग्रेसी कभी यह चाहते ही नहीं थे। आज भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में ये लोग मन से नहीं बल्कि माताऔर और बहनों के दबाव में सीधी लाइन में आए हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान जिन्होंने यह बिल रोका है, कांग्रेस के साथी अभी भी दबाव बना रहे हैं, इसलिए राजस्थान की महिलाओं को सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि वह जयपुर ऐसे समय

में आये है, जब भारत का गौरव सातवें आसमान पर है और भारत के सामर्थ्य की वाहवाही हो रही है, जहां कोई नहीं पहुंच पाया, चांद की उस सतह पर भारत पहुंचा है। चन्द्रयान वहां पहुंच गया जो दूनिया का कोई यान नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि जी20 की सफलता से भारत के विरोधी देश भी परेशान और हैरान है। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर नई संसद भवन में काम काज शुरु कर दिया है और भाजपा सरकार ने इसमें पहला सत्र माताओं, बहनों एवं बेटियों को समर्पित किया है। अनेक दशकों से माताएं एवं बहनें लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की आस लगाये बैठी थी। उन्होंने जनसभा में बैठे लोगों से पूछा यह उम्मीद किसने पूरी की, तब जवाब मिला कि मोदी ने, तब मोदी ने कहा कि नहीं, यह मैंने नहीं किया है, आपकी वोट की ताकत ने करके दिखाया हैं। आपके वोट ने मुझे चुना और मैंने आपकी सेवा की गारंटी दी। आज आपकी यह गारंटी मैंने पूरी कर दी है। आप लोग यह याद रखें कि मोदी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

गडकरी का स्क्रैपिंग नीति का सभी से समर्थन करने का आह्वान

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सभी हितधारकों से वाहन स्क्रैपिंग नीति का समर्थन करने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सबके लिए अच्छी पहल है इसलिए सभी को इसके स्वागत के लिए आगे आना चाहिए। गडकरी ने हितधारकों से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी हितधारकों के लिए फायदे की बात है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने वाहनों की मांग में लचीलापन लाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं और इस क्रम में राजमार्गों का विश्व स्तरीय नेटवर्क को बढाया जा रहा है, इलेक्ट्रोनिक वाहनों का प्रचलन शुरु किया गया है और वाहनों के लिए अनिवार्य स्वचालित फिटनेस परीक्षण जैसे कदम उठाए गये हैं। उन्होंने कहा कि ऑटो उत्पादन क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए और देश को दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो उद्योग बनने में समर्थन देना चाहिए। गडकरी ने इस दिशा में स्क्रैपिंग सुविधाएं स्थापित करने को सबसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इसके लिए जो जरूरी है उस दिशा में सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

दिल्ली, ओडिशा, बंगाल से आयुष्मान भारत में शामिल होने का आग्रह किया बघेल ने

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने कहा कि दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे इन राज्यों के गरीबों को बेहतर चिकित्सा सेवायें मिल सकेंगी। प्रो बघेल ने सोमवार को यहां आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के पांच वर्ष और और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय



आरोग्य मंथन को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत आज भारत में चल रही सबसे महत्वपूर्ण सरकारी कल्याण योजना है। और गरीबों को अमीरों की तरह ही सर्वोत्तम इलाज तक पहुंचने में मदद करती है। उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत उपस्थित थे। दो दिवसीय कार्यक्रम में दोनों योजनाओं से संबंधित चुनौतियों, रुझानों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा और विचार-विमर्श से भरा होगा।

अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा, राजग से बाहर निकली

वार्ता ✓ चेन्नई
www.dailypioneer.com

बढ़ती खींचतान और दरार के बीच तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी अन्नाद्रमुक ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी से अपना नाता तोड़ लिया और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से बाहर भी हो गयी। अन्नाद्रमुक की एक आपातकालीन बैठक में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर इस आशय का निर्णय लिया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मुख्यालय सचिव, सांसद और विधायक मौजूद थे। इस बैठक की अध्यक्षता अन्नाद्रमुक महासचिव और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता एडप्पादी के.पलानीस्वामी ने की।

वैट अधिनियम के तहत बकाया वसूली के लिये एकमुश्त निपटान अधिनियम 2023 लागू

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पुराने बकायादार 70 हजार से अधिक व्यवसायी होंगे लाभान्वित, 31 जनवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन

वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा वैट, वाणिज्यिक अधिनियम के तहत प्रांतीय, केन्द्रीय प्रवेशकर, वृत्तिकर एवं विलासिता कर की पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिये एकमुश्त निपटान अधिनियम लागू किया गया है। प्रदेश में पुराने बकायादार 70 हजार से अधिक व्यवसायी इसका लाभ ले सकते हैं। उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर श्री टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर विभाग ने विगत 15 सितम्बर को इस योजना को अधिसूचित कर दिया है। एकमुश्त निपटान के तहत कर, ब्याज और शास्ति की बकाया की वसूली की जाएगी। इसके लिए व्यवसाईयों को वाणिज्यिक कर वृत्त कार्यालयों में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। निपटान अधिनियम के तहत आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। एकमुश्त निपटान अधिनियम की खास बात यह है कि 31 जनवरी 2024 तक जिन प्रकरणों पर कर निर्धारण, रिवीजन, प्रथम या द्वितीय अपील, शासन के समक्ष अपील, उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में भी इसका विस्तार किया गया है। वर्ष 2010 में बकाया वसूली के लिए लाए गए सरल समाधान योजना में भाग लेने वाले व्यवसायी भी इस निपटान अधिनियम में शामिल हो सकते हैं। निपटान अधिनियम के अंतर्गत जिन बकाया प्रकरणों में विधानवार एक वर्ष में बकाया की राशि 50 लाख रुपए से अधिक है, उसमें कर राशि में 40 प्रतिशत की राशि माफ की जाएगी। ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफ की जाएगी। 50 लाख रुपए से कम बकाया के प्रकरणों में बकाया राशि का 60 प्रतिशत, ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफकी जाएगी। व्यवसाईयों की सुविधा के लिए एकमुश्त निपटान अधिनियम, नियम और आवेदन का प्रारूप वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा वेबसाईट https://comta&.cg.nic.in पर अपलोड किया गया है। एकमुश्त निपटान योजना के तहत आनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन करने वालों को हार्ड कॉपी संबंधित वृत्त कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निपटान अधिनियम में शामिल होने वाले व्यवसायी इसके लिए निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

वंचितों की भावनाओं को समझने वाला सेवक ही वास्तव में सच्चा सिविल सेवक होता है

प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि मिशन है : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन है जिसका सामूहिक लक्ष्य भारत को समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना है। मुर्मु ने सोमवार को यहां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात वर्ष 2021 बैच के 182 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सेवा अधिकार, भूमिका और दायित्व किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक मिशन है सिर्फएक नौकरी नहीं। यह भारत और भारतीयों को सुशासन के ढांचे के तहत अग्रणी बनाने का मिशन है। उन्होंने कहा कि देश और उसके लोगों की सेवा करना

उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना उनका सामूहिक लक्ष्य है। अधिकारी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के पास वर्ष 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से देश को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्धनों और वंचितों की भावनाओं को समझने वाला सिविल सेवक ही वास्तव में सच्चा सिविल सेवक होता है, जो केवल नौकरशाही से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सिविल सेवकों को 'फ़ाइल से फ़ील्ड' और 'फ़ील्ड से फ़ाइल' के बीच के अन्तर को समझने का प्रयास करना चाहिए यानि उन्हें केवल कार्यालय और फाइलों से परे जाकर व्यक्तियों के कष्टों और भावनाओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि यह जन-केंद्रित सतर्कता और संवेदनशीलता उन्हें फइलों के साथ कहीं अधिक सार्थक तरीके से जुड़ने में सक्षम बनाएगी।

रॉ की गोपनीय जानकारियां प्रकाशित करने के आरोपी मेजर जनरल वी के सिंह की याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मेजर जनरल वी के सिंह की ओर से सुरक्षा एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की कई 'गोपनीय' जानकारियां प्रकाशित करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से उन पर दर्ज मुकदमा और इससे संबंधित आरोप पत्र रद्द करने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सिंह की की ओर से दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2007 में उनके खिलाफ करवाई रद्द करने की गुहार लगाई गई थी। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिका के जरिए सिर्फ अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने हालांकि, इस मामले में याचिकाकर्ता को निचली अदालत में जाने की अनुमति दी। आरोप है कि सिंह ने अपनी पुस्तक 'इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलिजेंस-सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ)' की अनेक गोपनीय जानकारियां प्रकाशित कर सार्वजनिक की थीं। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने दलील दी कि पूरा मामला बदले की भावना से जुड़ा हुआ है।

शहरीकरण की भारत की यात्रा एक सफलता की कहानी है : पुरी

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि शहरीकरण की भारत की यात्रा एक सफलता की कहानी है और इसके खाके से यह अन्य देश सीख ले सकते हैं। पुरी सोमवार को यहां शहरीकरण के विषय में अर्बनशिफ्ट फोरम (एशिया) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी जी20 की अध्यक्षता के दौरान चर्चाओं में अब तक शहरीकरण के स्वस्थ तरीकों पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, शहरीकरण की हमारी यात्रा एक सफलता की कहानी है और इसके खाके से अन्य देश, विशेषकर विकासशील और गरीब देशों के लिए सीख ले सकते हैं। पुरी के पास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का भी प्रभार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के मुद्दे पर कार्रवाई में आगे है। मोदी द्वारा प्रस्तुत महत्वाकांक्षी पंचामृत कार्य योजना हमारी जलवायु के मुद्दे पर कार्रवाई तय करने का आधार है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच देशों में है। सम्मेलन में भारत, इंडोनेशिया, चीन, वियतनाम, मलेशिया, नेपाल, फिलीपींस, जॉर्डन और श्रीलंका की राष्ट्रीय सरकारों और शहरों के लगभग 150 प्रतिनिधियों साथ कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों, वित्तीय संस्थानों, कंपनियों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधित 'क्षेत्रीय शहरी चुनौतियाँ और अनुकरणीय समाधान' विषय पर जानकारी और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। शहरी विकास मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत लगभग एक करोड 19 लाख मिलियन घर स्वीकृत किए गए हैं , 1.13 करोड़ से अधिक घरों के निर्माण की योजना स्वीकृति की गयी और इस योजना में लगभग 77 लाख घर वितरित किये जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ में एक नई सियासी ड्रामेबाजी की शुरुआत : भाजपा

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. सरोज ने कहा : फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले नेता को यहां पर बुलाकर इस योजना की शुरुआत कराई गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ में एक नई सियासी ड्रामेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 16 लाख से ज्यादा लोगों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवास नहीं दिया और प्रदेश की गरीब जनता के साथ विश्वासघात किया। इस योजना के नाम पर होने जा रहे सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर से झूठ बांटने आ रहे हैं। इस योजना के नाम पर आज राहुल गांधी छत्तीसगढ़ की जनता को झूठ बाँटने आए हैं, क्योंकि सच तो वह है, जो आज के उपमुख्यमंत्री और तत्कालीन पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बघेल को दोषी ठहराया था। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. पाण्डेय ने सिंहदेव के उस पत्र का हवाला दिया, जिसमें सिंहदेव ने 16 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री बघेल को लिखा था कि ' प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के आवासविहीन लोगों को आवास बनाकर दिया जाना था। जिसके लिए मैंने कई बार आपसे चर्चा कर राशि आवंटन का अनुरोध किया था। किंतु इस योजना में राशि उपलब्ध नहीं की जा सकी। फलस्वरूप प्रदेश के लगभग 8 लाख लोगों के लिए आवास नहीं बनाए जा सके। इसके अतिरिक्त 8 लाख घर बनाने में करीब 10 हजार करोड़ रुपए प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सहायक होते। हमारे जन घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के 36 लक्ष्य अंतर्गत ग्रामीण आवास का अधिकार प्रमुख रूप से उल्लेखित है। विचारणीय है कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बेघर लोगों के लिए एक भी आवास नहीं बनाया जा सका और योजना की प्रगति निरंक रही। मुझे दुःख है, इस योजना का लाभ प्रदेश के आवासविहीन लोगों को नहीं मिल सका। अतः में अपने पद से त्यागपत्र देता हूं।' डॉ. पाण्डेय ने कहा कि यह भाजपा का नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के मंत्री का अपनी ही सरकार पर स्पष्ट आरोप है। क्या यह पत्र राहुल गांधी ने पढ़ा है? और, अगर नहीं पढ़ा है तो पहले उन्हें छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगते हुए अपने मंत्री के प्रश्न का उत्तर देना चाहिए। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. पाण्डेय ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा ने जनता के हक की लड़ाई सड़कों पर लड़ने की शुरुआत की और उसे सफलता मिली, तब मुख्यमंत्री और उनकी पूरी सरकार कहीं-न-कहीं इस विषय से घबराने लगी।

भाजपा की पत्रकारवार्ता पर पीसीसी अध्यक्ष का प्रहार

आवास न्याय योजना का विरोध भाजपा की गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के 7 लाख आवासहीनों को जबरिया रोक रखा है। उनको स्वीकृति नहीं दी जा रही थी, भाजपा की उसी गरीब विरोधी सोच के कारण भूपेश सरकार ने आवास न्याय योजना शुरू किया हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बार- बार आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आवास की स्वीकृति दिया जाये लेकिन प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों की मांग को नही माना तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने दम पर गरीबों के लिये योजना शुरू किया। इस योजना में 2011 की सर्वे सूची के अलावा 47000 नये लोगों को भी आर्थिक गणना करवा कर जोड़ा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हाथों आवास न्याय योजना की 1700 करोड़ की पहली किश्त 7 लाख आवासहीनों के खातों में पहुंच गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन 2011 के सर्वे सूची के आधार पर हो रहा है 10 साल में होने वाले जनगणना के कार्यक्रम होते तो अब तक प्रदेश के कई गरीबों का नाम आर्थिक सर्वेक्षण सूची में जुड़ता और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता लेकिन भाजपा गरीब विरोधी है इसीलिए जनगणना नहीं करवाई है और गरीबों को आवास की योजना से वंचित रखा है। इसीलिये भूपेश सरकार ने आर्थिक गणना करवाया और 47000 से अधिक नये आवासहीनों को ओर जोड़ा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 7 लाख से अधिक गरीबों को मकान दिया गया तो भाजपा के पेट मे दर्द क्यो हो रहा है? भाजपा के 9 सांसदों ने पीएम आवास के शेष हितग्राहियों को आवास दिलाने में रुचि क्यो नही दिखाई? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में पौने 5 साल में ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर 14 लाख 38 हजार 823 मकान स्वीकृत हुये जबकि रमन सरकार के दौरान पौने चार साल में ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर मात्र 2 लाख 37 हजार मकान स्वीकृत हुआ था। प्रतिवर्ष के अनुसार देखा जाए तो भूपेश सरकार के पौने 5 साल में प्रति वर्ष 2 लाख 80 हजार मकान बने जबकि रमन सरकार के पौने चार साल में प्रति वर्ष मात्र 59 हजार मकान ही बने थे। भूपेश सरकार ने गरीबो के मकान बनाने अब ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर 8489 करोड़ रुपया से अधिक की राशि जा रही कर चुके है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंत्योदय दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विश्व को एकात्म मानववाद का संदेश देने वाले महान राजनेता और गरीबों के कल्याण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 23 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ता एवं अल्पसंख्यक मोर्चा ने ग्रामीणों के बीच में जाकर मनाई। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकर्ता एवं अल्पसंख्यक मोर्चा ने फुटबॉल ग्राउंड शक्तिकेंद्र के बूथ क्षेत्र 245, 246 में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ मनाई।अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष बूथ पालक शेख नजमुल हक मंडल महामंत्री संजीव दास ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित किया। वो द्वि राष्ट्रवाद के खिलाफ थे उन्होंने अखंड भारत की कल्पना की थी। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद में संप्रदाय से ऊपर उठकर अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास की कल्पना की थी। वर्तमान में भारत सरकार बीमा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अंत्योदय योजना, किसान बीमा योजना, आवास योजना जैसे अनेक योजना पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों का प्रतिपादित है।उपस्थित भाजपाइयों ने उन्हें नमन करते हुए उनके सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लेकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष बूथ पालक शेख नजमुल हक महामंत्री संजीव दास शेख आरिफ सुकरू राम बिमला बुधरी भीमा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रादेशिक सम्मेलन में शामिल होने नगर पालिका अध्यक्ष एवं सरपंच को दिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकारों के संगठन छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के एक दिवसीय प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर बुधवार को निरंजन धर्मशाला भवन रायपुर मे आयोजित किया गया है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत सम्मेलन का शुभारंम्भ करेंगे।इस एक दिवसीय पत्रकार सम्मेलन व परिचर्चा मे पत्रकार जगत से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा सहित पत्रकारो की समस्या निदान के लिए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं उनकी टीम के द्वारा सार्थक पहल का प्रयास किया जायेगा।इस अवसर पर उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए पत्रकारो का सम्मान भी किया जायेगा।सोमवार को ब्लॉक इकाई कुआकोंडा क्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय एवं ग्राम पंचायत कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास जिला उपाध्यक्ष रामकृष्णा बैरागी ब्लॉक उपाध्यक्ष किशोर जाल ब्लाक महासचिव रवि कुमार दुर्गा जिला ऑफिस सेक्रेटरी शेखर दत्ता जिला सहसचिव एस एच अजहर आदि मौजूद थे।

भारत के संसद में एक नया इतिहास रचा गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारत के संसद में एक नया इतिहास रचा गया है । जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में महिला आरक्षण बिल लाया गया है । जिसे दोनों संसद में सर्वसम्मति से पास किया गया है। इस महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में भी पास हुआ है । अब परिसीमन आयोग के ऊपर रहेगा कि कौन सी सीट महिलाओं को जाएगी। हालांकि बिल को पूरी तरह से लागू होने में अभी समय है । देर से ही सही लेकिन मातृ शक्तियों के बारे में किया गया निर्णय प्रशंसनीय है। इस संबंध में क्या कहती है लौह नगरी दल्ली राजहरा की मातृशक्ति। बालोद जिले की महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष संगीता नायर ने कहा कि. 2024 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना चाहिए, कांग्रेस शुरू से महिला आरक्षण की पक्षधर रही है, मोदी सरकार के द्वारा पेश महिला आरक्षण बिल एक चुनावी जुमला है। यह हमारा अपना बिल है। महिला आरक्षण 2024 के चुनाव में लागू हो जाना चाहिये। । बिल पास होने के बाद भी आरक्षण के लिये इंतजार करना पड़ेगा। मोदी सरकार द्वारा पेश विधेयक में कहा गया है कि महिला आरक्षण अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद की परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इस प्रावधान के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले जनगणना और परिसीमन हो पायेगा ?

छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तुता स्थित धरना स्थल पर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ अपनी 4 सूत्री मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय एड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 14 नगर पालिक निगम, 43 नगर पालिका परिषद एवं 113 नगर पंचायतों कुल 172 नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त 25,000 प्लेसमेंट कर्मचारियों का एकमात्र संगठन है और अपने प्लेसमेंट कर्मचारियों के हितार्थ ठेका प्रथा बंद करने व निकायों में समायोजन करने की मांग को लेकर विगत कई वर्षों से निरंतर संघर्षरत है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ गंगा जल लेकर कसम लिया कि आचार संहिता से पहले हमारी मांगो को पूरा नहीं करने पर 25000 प्लेसमेंट कर्मचारी व परिवार के सदस्य कांग्रेस पार्टी को वोट नहीं देंगे। प्रशासन से आये प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपकर अपनी मांगो को शासन तक पहुंचाने का अनुरोध किया। वर्तमान सरकार द्वारा संविदा कर्मचारी को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की गई, स्वच्छता दीदी का 20 प्रतिशत, सामुदायिक सगठक का 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि की है, और सभी प्रकार / वर्ग के कर्मचारियों के लिए कुछ न कुछ लाभ दिया है किंतु नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी की न तो आज तक लंबित मांगों को पूरा किया और न ही वर्तमान में वेतन वृद्धि की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर बेटी बचाओ मंच ने नशा विरोधी रैली निकाली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बेटी दिवस पर रायपुर जोन तथा डगनिया बेटी बचाओ मंच ने बेटियों की सुरक्षा के लिए नशा मुक्ति समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए नशा विरोधी रैली निकाली। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई तथा जोन प्रभारी मृणालिनी मिश्रा, जोन अध्यक्ष निर्मला शर्मा , डगनिया अध्यक्ष कृष्ण वर्मा के विशेष उपस्थिति में डगनिया स्थित संतोषी मंदिर से नशा विरोधी नारे लगाते हुए क्षेत्र में भ्रमण किया व नशे की हालत में घूम रहे लोगों को समझाइश दी। वही गाजा तथा दारु पीने के अड्डे बना रखे ठेले व खोमचे वालों को ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी। रैली का समापन डगनिया बाजार चौक स्थित शीतला मंदिर में हुआ। समापन स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने संबोधन में कहा कि छेड़छाड़ व रेप की घटनाओं का सबसे बड़ा कारण नशा है। नशा से इंसान सूझबूझ को बैठता है और हैवान बन जाता है। इसलिए नशा भगाओ बेटी बचाओ। रैली में मुख्य रूप से मृणालिनी मिश्रा ,निर्मला शर्मा, कृष्णा वर्मा, वैजयंती चतुर्वेदी, लीला रहंगडाले ,आशा शर्मा, संगीता शर्मा, अर्चना झा, संतोषी जैतवार, विद्या पांडे, दमयंती ठाकरे ,अंजू शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

पुरखौती मुक्तांगन में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन सत्र संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी अंतिम दिन आज संगोष्ठी के प्रतिभागी अध्येताओं ने नवा रायपुर उपरवारा स्थित पुरखौती मुक्तांगन मुक्ताकाशी संग्रहालय का भ्रमण किया। संगोष्ठी प्रभारी डॉ पी सी पारख उप संचालक ने पुरखौती मुक्तांगन मुक्ताकाशी संग्रहालय की स्थापना और पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे कलाम आजाद के आगमन प्रसंग के बारे में बतलाया। सहायक अभियंता पोखराज पुरी गोस्वामी ने शोध अध्येताओं को छत्तीसगढ़ चौक होकर पहले आमचो बस्तर में निर्मित गोटूल, देवगुड़ी, जातरा, घानासार और आदिवासी समुदायों के रहवास तथा फिर सरगुजा प्रखंड के आवासीय संकुल सहित रामगढ़ की गुफाओं, सरगुजा राजमहल, डीपाडीह मंदिर और रजवार गृह के प्रदर्शों को दिखाया और उनके बारे में विस्तार से बतलाया। समापन सत्र में परिचर्चा के दौरान राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली से पधारे संग्रहालय विज्ञानी डॉ संजीब कुमार सिंह, नागपुर से पधारे मुद्राशास्त्री और अभिलेख शास्त्री डॉ जी एस ख्वाजा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पधारे प्रो. एस के चहल, कोलकाता राज्य अभिलेखागार के पूर्व अधिकारी डॉ. आनंदा भट्टाचार्य और मैनपुर कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. ब्रज किशोर प्रसाद ने संगोष्ठी के संबंध में अपने अनुभव साझा किए और इसे भविष्य के अनुसंधानों के लिए बहुत उपयोगी बतलाया। उपस्थित विद्वानों ने विभाग के आतिथ्य और अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की और सफल आयोजन के लिए संचालक के प्रति आभार जताया। सभी ने उपस्थित नई पीढ़ी के शोधार्थियों को प्रेरक संबोधन भी दिए। कृतज्ञता ज्ञापन डॉ जे आर भगत उप संचालक ने किया और कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार सिंह पुरातत्त्ववेत्ता ने किया। कार्यक्रम में संचालनालय के डॉ वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, तापस बसाक, राजीव मिंज, समीर टह्लू, मुकेश जोशी, अरुण निर्मलकर एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

ममता नेताम ने गणेश विसर्जन के समय होने वाली लापरवाही एवं अभद्र व्यवहार को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 2 की पार्षद ममता नेताम ने गणेश विसर्जन के समय होने वाली लापरवाही एवं अभद्र व्यवहार तथा सुरक्षा के लिए अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि दल्ली राजहरा के विभिन्न वार्डों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। बुधवार को हवन के साथ ही विसर्जन का कार्यक्रम चालू हो जाएगा अधिकतर गणेश का विसर्जन के लिए वार्ड नंबर एक और दो के मध्य स्थित राजहरा बाबा तालाब में लाया जाता है। कई बार देखा गया है कि मध्य रात्रि के बाद भी विसर्जन होता रहता है। जिसमें मोहल्ले वासियों के मध्य असंतोष व्याप्त है। गणेश भगवान के विसर्जन के लिए लाने वाले समिति के सदस्य लोग शराब के नशे में तेज आवाज में अभद्र गानों के साथ डीजे बजाते और डांस करते हुए आते हैं , साथ एक दूसरे को गाली गलौज भी करते रहते हैं नौबत मारपीट तक आ जाती है । इससे मोहल्ले में कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। पार्षद ने शांति बनाए रखने हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी से निवेदन किया है । ममता नेताम ने कहा है कि गणेश भगवान का विसर्जन का समय अधिकतम रात्रि 8:00 बजे तक रखें। विसर्जन करने वाली समितियां को तेज आवाज में डीजे बजाते गाली गलौज करने से मना करें। कई बार देखने को आता है कि अन्य समिति के महिलाएं भी विसर्जन के लिए आती हैं ,उन महिलाओं को शर्मिंदगी महसूस होती है ।

सीएमआर चावल खरीद के लिए फॉर्टिफाइड चावल और धान से चावल बनाने में चावल रिकवरी कम मिलने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा

एफआरके चावल वह ओटीआर को लेकर हुआ मंथन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

द फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया राईस मिल मिलर्स की गोवाहाटी , असम की बैठक में सीएमआर चावल ख़रीद के लिए लिये जाने वाले फ़ॉर्टिफ़ाइड चावल और धान से चावल बनाने में चावल रिकवरी कम मिलने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। एसोसिएशन की बैठक गोवाहाटी असम में संपन्न हुई ।

उल्लेखनीय है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य से फेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ योगेश अग्रवाल योगेश अग्रवाल , महासचिव विजय तायल और सचिव प्रमोद जैन शामिल हुए । बैठक में भारत सरकार की कुपोषण मुक्त भारत योजना में मिलर्स के सहयोग उपरांत उनके फ़ॉर्टिफ़ाइड चावल स्टेक के ग़लत तरीक़े से फेल करने पर सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रकाश डाला गया। उल्लेखनीय है कि पहले चावल का सैंपल एफसीआई द्वारा निर्धारित मापदंड जाँच कर स्वीकार करने उपरांत मिलर्स की बिना जानकारी के चावल का सैंपल लेकर उन्हें स्स्स्स्ध्र द्वारा अधिकृत NABL लैब में पहले एफसीआई द्वारा जाँच रिपोर्ट के आधार पर मानक स्तर का फ़ोर्टिफ़िकेंट ना मिलने पर रेजेक्ट किया गया ।मिलर्स द्वारा इसके विरुद्ध निर्धारित समय अवधि में अपील किए जाने पर सैंपल जाँच सीधे भारत सरकार खाद्य विभाग द्वारा दूसरे NABL लैब से जाँच करायी गई , जिसमे निर्धारित समय अवधि तक मिलर्स को रिपोर्ट ना देकर बहुत ही विसंगतिपूर्ण ,संदेहास्पद रिपोर्ट देकर पुनः चावल स्टेक को अमानक बताकर सभी राज्यो में सैकडो स्टेक को फेल किया गया । भारत सरकार की फ़ॉर्टिफ़ाइड चावल ख़रीद योजना में मिलर्स का काम केवल 1त्न स्त्रक्र्य का मिक्सिंग करने का होता जिसमे विटामिंस होते हैं । इसके लिए जो एफआरके मिलर्स को प्राप्त होता है वह या तो सरकार स्त्रक्र्य निर्माता से टेंडर के ज़रिये लेती है या कुछ राज्यो में मिलर्स स्त्रक्र्य निर्माता से ख़रीदकर जमा कराता है जिसका पैसा उसे मिलता है।स्त्रक्र्य निर्माता द्वारा ह्वक्रु लैब से सही गुणवत्ता का FRK होने का प्रमाणपत्र ख़रीद के समय मिलर्स को दिया जाता है। जब हमे प्राप्त होने वाले FRK की ख़रीद के समय गुणवत्ता सही पायी गई और मिलर्स स्त्रक्र्य निर्माता भी नहीं तब अन्य किसी भी जाँच में मिलर्स को दोषी मानकर चावल के स्टेक को रेजेक्ट कर मिलर्स को लाखों का नुक़सान सिर्फ़ इसलिए देना की उसने FRK सही गुणवत्ता का मिक्स नहीं किया बिलकुल एकतरफ़ा, अव्यहारिक, दोषपूर्ण और अन्यायपूर्ण निर्णय है । इस बैठक में चेयरमैन जी वी राव, अध्यक्ष तरसेम सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, महासचिव विजय तायल, सचिव प्रमोद जैन सहित देश के लगभग सभी राज्यो के प्रतिनिधियों ने जहाँ फ़ॉर्टिफ़ाइड चावल की ख़रीद सरकार द्वारा की जा रही है , इस विसंगति के कारण होने वाले नुक़सान का पुरज़ोर विरोध भारत सरकार के समक्ष करने का निर्णय लिया । अधिकांश प्रतिनिधियों ने इसे भ्रष्टाचार का पोषक भी करार दिया ।

भाजपा ने मनाई जिला व बुथ स्तर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

नारायणपुर। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जिला एवं बूथ स्तर पर आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उनके बताए रास्ते पर चलकर पार्टी के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे नारायणपुर विधानसभा विस्तारक विरेश मिश्रा ने संबोधित करते हुये कहा की पंज़्दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकुल रुप मे प्रस्तुत करते हुये देश को एकात्म मानववाद का मंत्र और समाज सेवा जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी।उनका सम्पुर्ण जीवन समाज सेवा के लिये समर्पित रहा है,पंज़्दीनदयाल जी एक महान चिंतक,विचारक और दार्शनिक होने के साथ ही एक एक योग्य राजनेता और कुशल पथ प्रदर्शक भी थे। ज्ञात हो भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम ने प्रत्येक बूथ पर जयंती को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्षों,बूथ अध्यक्षो को जिम्मेदारी दी।जिसके अनुसार बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की। जिसमें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में एम्बुलेंस पायलट्स के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के अन्तर्गत संचालित जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, जगदलपुर में दो दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण, डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विस से अनुमोदित , स्ध्रुस्र इंटीट्यूट एवम जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफनर्सिंग द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में एम्बुलेंस पायलट्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग से मख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार जैन ने आपदा प्रबंधन एवम संस्था की फैकल्टी चंदा पांडे एवं अर्शी परवीन ने प्रशिक्षण में आये चयनित एम्बुलेंस पायलट्स को आपातकालीन देखभाल एवम प्राथमिक देखभाल विशेषकर गर्भवती महिला और शिशु के विषय पर डिमॉन्सट्रेशन एवम व्याख्यान दिया। स्ध्रुस्र इंस्टीट्यूट के मानस शर्मा व साईराम टेक्नो मैनेजमेंट सॉलूशन प्राइवेट लिमिटे से नरेश मेट्टा ने महतारी एक्सप्रेस मोबाइल एप पर प्रशिक्षण भी दिया।

मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर 403 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव जिल के आगमन पर को 403 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की उपयोग के लिए सौगात दी। उन्होंने 131 करोड़ रुपए से अधिक के 5 हजार 293 कार्यों का लोकार्पण किया और 259 करोड़ रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को 13 करोड़ रुपए से अधिक राशि का चेक वितरित किया और 246 युवाओं को नौकरी प्रदान करने के लिए नियुक्ति पत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने विकास नगर स्टेडियम में आयोजित आमसभा में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिसमें लोक निर्माण विभाग के कार्य, सेतु निर्माण विभाग के कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य, जिला निर्माण समिति के कार्य, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कार्य, नगर पालिका कोंडागांव में कार्य, नगर पंचायत फरसगांव में कार्य, आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्य, वन विभाग के कार्य, स्वास्थ्य विभाग के कार्य और छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कंपनी में कार्य शामिल रहें। इन कार्यों में कोंडागांव में का 2 करोड़ की लागत से निर्मित आदिवासी विश्रामगृह भवन, 6 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक बस स्टेंड, 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी, बटराली से चेरबेड़ा तक 17 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क, जल जीवन मिशन अंतर्गत 24 ग्रामों में नल जल प्रदाय करने हेतु 26 करोड़ 3 लाख रुपए के कार्य, पुसपाल से मुखामारी तक 6 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क और पुल पुलिया का लोकार्पण, अमृत मिशन अंतर्गत कोंडागांव में जलापूर्ति हेतु 87 करोड़ 81 लाख रुपए के निर्माण कार्य, धनोरा में 3 करोड़ 44 लाख रुपए लागत के आईटीआई भवन और 1 करोड़ 91 लाख रुपए के आई.टी.आई छात्रावास भवन निर्माण कार्य, 18 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदायक कार्य, 3 अत्याधुनिक प्रियादर्शनी बगिचो का लोकार्पण और 32 ग्रामों में जलचर जीवों के लिए गमीशील तालाब निर्माण कार्य शामिल रहें। इन कार्यों के साथ ही नगर पालिका कोंडागांव और नगर पंचायत फरसगांव के कुछ विकास कार्य के शिलान्यास का भी आयोजन किया गया।

मालाकोट और डोंगरीगुड़ा में बनेगा मिनी स्टेडियम : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान लिंगाई माता मंदिर सीढ़ी में शेड निर्माण, माकड़ी ब्लॉक के हायर सेकेण्डरी स्कूल क्षमतापुर में भवन की स्वीकृति, माकड़ी ब्लॉक के हायर सेकेण्डरी स्कूल लुभा में भवन की स्वीकृति, कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में सब्जी मंडी का निर्माण, कोंडागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मालाकोट और ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा में मिनी स्टेडियम निर्माण, कोण्डागांव में देवांगन एवं सतनामी समाज के लिए भवन निर्माण की भी घोषणा की।

छत्तीसगढ़ योगासन खेल राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कार्यक्रम भिलाई में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

तीसरा छत्तीसगढ़ योगासन खेल राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कार्यक्रम भिलाई में संपन्न हुआ। मनसा कालेज आफ एजुकेशन भिलाई,दुर्ग में तीसरा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन खेल जज प्रशिक्षण (लेवल-1 और लेवल-2) कार्यक्रम 2023-24 संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के 3 दिन के सभी सत्रों में योगासन खेल प्रतियोगिता के आयोजन, सूक्ष्म अंकन योजना, मुद्रा की सटीकता, पारंपरिक आयोजन की स्कोरिंग प्रणाली, अनिवार्य योगासन चार्ट इत्यादि के बारे में बताया गया। वहीं अंतिम दिन के सत्र में प्रायोगिक और सैद्धांतिक परीक्षा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस जज़ प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन दंतेवाडा से तीन लोगो ने प्रशिक्षण में भाग लिया और जज लेवल का सर्टिफिकेशन प्राप्त किया,इसमें छबील कुमार साहू और नरोत्तम सिंह ध्रुव ने लेवल 2 और ईश्वरी पासवान ने लेवल 1 का जज प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। छबील कुमार साहू और नरोत्तम सिंह ध्रुव द्वारा दंतेवाड़ा जिला में योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में बहुत सारे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं साथ ही योग को बच्चों और युवाओं तक पहुंचाने के लिए योगासन भारत, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन और दंतेवाड़ा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के निर्देश और अध्यक्ष भगत राम साहू के मार्गदर्शन में योगासन खेल प्रतियोगिता के आयोजन एवं प्रचार प्रसार कार्य मे उनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

नयाखानी के दूसरे दिन मनाया गया गायता पटेल जोहारनी का त्योहार

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत हरवेल में हुए धूमधाम के साथ गायता पटेल जोहारनी का पर्व मनाया गया। इस प्रेरणास्पद त्योहार के मौके पर गांव के लोगों ने पुजा अर्चना किया और ग्राम पटेल पुजारी गायता ने गोंडवाना भवन हरवेल में सेवा अर्जी की। इस खास त्योहार को मनाने में हरवेल के ग्राम पंचायत के सरपंच सनबती महेश नेताम, उपसरपंच बालसिंह मंण्डावी, मोतीलाल नेताम, भुनेश्वर नेताम, लखन नेताम आदि ग्राम के विभिन्न सदस्यों की उपस्थिति रहें। इस त्योहार के माध्यम से गांव के लोग अपने परंपरागत संस्कृति को जीवित रखने के लिए मिलकर प्रयास कर रहे हैं। धूमधाम के साथ मनाया गया गायता पटेल जोहारनी का त्योहार हर वर्ष गांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक आयोजन होता है। इस त्योहार के दौरान ग्राम पटेल पुजारी गायता द्वारा गोंडवाना भवन में सेवा अर्जी करने से यह प्रकट होता हैं कि, ग्राम के लोग अपने धर्मिक मूल्यों और पारंपरिक संस्कृति के प्रति प्रतिबद्ध हैं। गायता पटेल जोहारनी के नयाखानी दिन को मनाने के लिए एक अद्वितीय मौका प्रदान करता है और गांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण समाजिक और धार्मिक आयोजन है। इस त्योहार के माध्यम से ग्राम के लोग एक साथ आकर्षित होते हैं और अपने समृद्ध धर्मिक धार्मिक संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इस पर्व के जरिए हरवेल के ग्राम पंचायत के सदस्यों ने अपने समुदाय को एक साथ लाने और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक धन में साझा करने का प्रयास किया हैं। इस प्रेरणास्पद त्योहार ने ग्राम पंचायत हरवेल के लोगों के बीच एक विशेष जगह प्राप्त की हैं और उनके समुदाय के आदर्शों को महत्वपूर्ण बनाया हैं।

तेज रफ्तार बाइकर्स बन रहे मुसीबत, यातायात पुलिस मौन

नारायणपुर। जिला मुख्यालय में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर प्रशासन सख्त नहीं है। नगर की सड़कों पर तेज गति से चल रहे वाहन आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। इससे अब तक कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस तेज गति से चलने वाले वाहनों के चालकों के साथ सख्ती से पेश नहीं आ रही है। शहर की सड़कों पर अधिकतर वाहनों को तेज गति से चलते हुए देखा जा सकता है और दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट और तीन सवारियां बिठा कर चलने वाले दोपहिया वाहन ज्यादातर हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई बाइक सवार जब तीन सवारियां बिठाकर बाइक चलाते हैं तो उस समय बाइक को नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है जिसकी वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगर की सड़कों पर ज्यादातर नाबालिगों को तेज गति से बाइक चलाते देखा जा सकता है न ही इनके पास ड्राइविंग लाइसेंस है और कई बार सड़कों पर पैदल चलने वाले आम लोगों को भी इनकी वजह से परेशान होना पड़ता है।

मां दंतेश्वरी नारी जागरण समिति द्वारा किया गया विचार विमर्श कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गीदम जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में शनिवार को माँ दंतेश्वरी नारी जागरण समिति के तत्वाधान में विचार विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नारी उत्थान नारी सशक्तिकरण एवं महिलाओं के समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया।साथ ही महिला आरक्षण बिल के विषय में भी सार्थक चर्चा की गई।मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहें महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।इस दौरान वर्णिका शर्मा विभाग संयोजिका,पार्वती परिहार विभाग सहसंयोजीका, कंचन मिश्रा,जिला संयोजिका,ओजस्वी मंडावी,कमला विनय नाग उपस्थित थे।

खुटडोबरा गांव में दलदली सड़क पर ग्रामीणों का विशेष प्रतिरोध

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के खुटडोबरा गांव में एक अद्वितीय प्रतिरोध की घटना सामने आई हैं, जिसमें ग्रामीणों ने कच्ची सड़क को धान की खेत बना दिया है। इस घटना के पीछे की कहानी यहां हैं। खुटडोबरा गांव, जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर स्थित हैं और यहां के ग्रामीण जीवन की सबसे मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकार अधिकारियों का कोई सहायक नहीं है और इसलिए उनकी मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। इसी गांव में एक कच्ची सड़क हैं, जो अब बर्बाद हो चुकी है। बारिश के समय, इस सड़क पर कीचड़ और दलदल हो जाता है, जिससे ग्रामीणों के लिए सड़क पर चलना बहुत मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बार-बार पूकार की, लेकिन अधिकारियों ने उनकी मांगों को नजरअंदाज किया। हाल ही में कोंडागांव में भारी बारिश होने के कारण सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई और इसे दलदल का सफर बना दिया। इस सड़क से रोज़ाना सैकड़ों ग्रामीण, विशेषकर स्कूली बच्चे, गुजरते हैं और इससे उनको कई समस्याएँ हो रही हैं। ग्रामीणों ने सड़क की स्थिति से परेशान होकर अपने खेतों में धान रोपने का निर्णय लिया हैं। इसके साथ ही, उन्होंने दलदली सड़क पर धान रोपाई करके अपना अद्वितीय प्रतिरोध दिखाया है। खुटडोबरा गांव के ग्रामीणों ने लंबे समय से पक्की सड़क की मांग की थी, लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया। इस सड़क को बिना बनाए ही छोड़ दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी परेशानी हो रही है।

महार समाज जिला ईकाई बीजापुर के पदाधिकारियों का नए सिरे से गठन

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

महार समाज जिला बीजापुर की बैठक डॉ भीमराव अंबेडकर भवन बीजापुर में रविवार को संपन्न हुई। जिसमे समाज के वयोवृद्ध लोगों की उपस्थिति मे सर्व सम्मति से नये सिरे से समाज का पुर्नगठन किया गया। सर्व प्रथम समाज के वरिष्ठ लोगो ने महान समाज सुधारक एवं समाज के भगवान संविधान निमार्ता डॉ. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। जिले के चारों विकास खण्डों से सैकड़ों की सँख्या मे महार समाज क़े लोग उपस्थित थे।समाज के नवनियुक्त सचिव कमल झाड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नव नियुक्त पदाधिकारियों की जानकारी दी। जिसमें अध्यक्ष-जयहिंद लाटकर, कार्यकारी अध्यक्ष-अजय दुर्गम, सचिव -कमल दास झाड़ी, कोषाध्यक्ष-कैलाश चन्द्र रामटेके, संरक्षक-डी एस राम, लक्ष्मण झाड़ी, जुमार चिन्नना, मोरला चामंत्री, दुर्गम दुर्गैया, वाय बी दुर्गम, संयोजक बसंत मामडीकर व सुबैया दुर्गम बने इसके आलावा समाज मे कोई भी निर्णय लेने के लिए कोर कमेटी के सदस्यों का भी गठन किया गया है।जिसमे चारों विकास खण्ड के समाज के लोग रहेंगे। कोर कमेटी में डी नागेश्वर आर डी झाड़ी, थानेश्वर तोगर, बैरण्डम झाड़ी, लक्षमण झाड़ी, गोवर्धन झाड़ी, सुनारकर किस्टैया, मोरला किस्टैया हनुमंत बोरे, रामचंद्रम दुर्गम, मोरला सम्मैया, ललित गाँधरला होंगे। चारों विकास खण्डों मे जिला उपाध्यक्ष का पद भी दिया गया है जिसमे के जी लिंगैया, हेमंत दुर्गम, नागेश्वर झाड़ी, रामकुमार दुर्गम। सहसचिव- संतोष झाड़ी, कृष्ण कुमार झाड़ी, विकास मोरला, जगदीश दुर्गम। उपकोषाध्यक्ष-अजय झाड़ी , दुर्गेश तोगर, संतोष झाड़ी, उमेश कुमार। संयोजक वा सहसंयोजक-बाबुलाल गाँधरला , सहदेव कावरे, बसंत मामड़ीकर डी सुब्बैया, कुम्मर सत्यम, राजेश झाड़ी, अशोक ओडेट, लक्ष्मण दुर्गम। मीडिया प्रभारी-बसंत मामडीकर, राजेश झाड़ी, नवीन लाटकर, प्रवक्ता-के जी यशवंत, पुरुषोत्तम चंद्रकार। समाज की बैठक को डी एस राम,डी नागेश्वर, आर डी झाड़ी, जय हिंद लाटकर, के डी झाड़ी, प्रवीण झाड़ी ,के जी सत्यम, कुमार स्वामी झाड़ी,कैलाश रामटेके आदि ने संबोधित करते हुये समाज की एकता अखण्डता पर बल देते हुये समाज की उन्नति के लिए काम करने हेतु प्रेरित किया।बैठक मे महार समाज दंतेवाड़ा के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समाज के सभी लोगों ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी वा जाति का काम कराने के लिए सरहना की गई।

आंदोलन में सफलता के लिए सही सिद्धांत व लाइन की जरूरत

संघर्षशील आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका यूनियन का वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ पखांजूर
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन के 3 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पखांजूर नया बाजार में वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि ए आई यू टी यू सी के राज्य प्रभारी कामरेड विश्वजीत हारोडे, ए आई एम एस एस की नेत्री कामरेड पद्मा पाटील, पथिक अधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा यूनियन के अध्यक्ष कल्पना चंद, उपाध्यक्ष बासंती बिश्वास, सचिव अंजू मल्लिक व मनीषा बैरागी पुष्पा मंडावी इत्यादि उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी आंदोलन के दौरान जिन दो बहनों की जीवनलीला समाप्त हुई एवं बांदे सेक्टर की श्यामली सरकार व पानवार सेक्टर की उषा कुंडु के नौकरी के दौरान दुःखद मृत्यु पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उद्घाटन भाषण में पथिक अधिकारी ने कहा कि हमारी यूनियन एआईयूटीयूसी कहती है कि किसी भी आंदोलन में सफलता के लिए सही सिद्धांत व लाइन की जरूरत है। सचिव की ओर से सलमा बोगा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया कि हमारी यूनियन ने आंगनबाड़ी के अनिश्चितकालीन हड़ताल में एक अच्छी भूमिका निभाई और संयुक्त मंच के इस आंदोलन को आंशिक सफलता प्राप्त हुई। हमारी लड़ाई बाकी है। हमें संगठन को मजबूत करना है एवं सही सिद्धांत और विचार पर आगे बढ़ाना है। सचिव के प्रतिवेदन के पश्चात सभी को इसके बारे में विचार व्यक्त करने के लिए कहा गया। उपस्थित कार्यकर्ता सहायिकाओं ने पूरे जोश और खरोश से चर्चा में भाग लिया। बासंती विश्वास, नितिशा तालुकदार, लिपिका मिस्त्री, सुखबती नेताम, सलमा बोगा, सरकार, मनीषा जायसवाल, सहायिका पुष्पा मंडावी व पिंकी मंडल ने सचिन के प्रतिवेदन पर अपने विचार रखें। एआईएमएसएस की नेत्री कॉ पदमा पाटिल ने कहा कि हमारा संगठन महिलाओं की तमाम समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता है। दुर्भाग्य की बात है की सरकारों के द्वारा महिलाओं का ही शोषण किया जाता है। आंगनबाड़ी, मितानिन, बिहान कैडर व महिला पुलिस स्वयं सेविका आदि को न्यूनतम वेतन से भी कम वेतन देकर शोषण किया जा रहा है। जबकि महिलाएं अपने परिवार को चलाती है। दूसरी ओर सरकार ने पुरुषों को शराब में फंसा दिया है इससे भी महिलाओं का जीवन नारकीय हो गया है। इन सबके खिलाफ हमको लड़ाई करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि कॉ. विश्वजीत हारोडे ने कहा कि हमारी यूनियन ने अपने निर्माण के समय से ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के अधिकार के लिए संघर्ष किया है। हमारा मानना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। यह वर्ष हमारे आंगनबाड़ी के संघर्ष का गौरवपूर्ण वर्ष है। इस संघर्ष में आप सभी अच्छे से भागीदार रहे हैं और अपनी कुछ मांगों को मानने के लिए सरकार को मजबूर किया है। इसके लिए मैं आप सबको बधाई देता हूं। सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को स्वयंसेवी मानती हैं। सरकार कहती है कि आप लोग स्वयं से भी हो इसलिए आपको वेतन, प्रोविडेंट फंड, ग्रेच्युटी वह पेंशन आदि नहीं मिल सकता। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के खिलाफ दिए गए आदेश में कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं सहायिकाओं को ग्रेच्युटी देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश में सरकार की इस दलील को नकार दिया कि यह स्वयंसेवी हैं तथा उनके काम के हिसाब से उन्हें कर्मचारियों की तरह माना है।

छत्तीसगढ़-ओडिसा सीमा पर दो गांजा तस्कर बाइक के साथ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोमेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक सेराज खान के नेतृत्व में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए अभियान के तहत् थाना पुसपाल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि मलकानगिरी उड़िसा की ओर से एक मोटर में सायकल से दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जगदलपुर की ओर आ रहे हैं पुसपाल से सउनि मनबोध पोयाम पुलिस बल के साथ कोकराल चौक पहुचकर नाकाबंदी की कुछ देर बाद अपाचे मोटर सायकल में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए थे जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया उन्होंने अपना नाम मुन्ना भतरा व संतोष नाग जाति माहरा कोरकोण्डा हरिजनपारा जिला मलकानगिरी उड़िसा का रहने वाला बताया बरामद मादक पदार्थ गांजा कुल 3.560 कि.ग्राम पाया गया,आरोपियों के विरुद्ध थाना पुसपाल में नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सउनि सावंत राम पटेल, प्रधान आर 455, आर.क. 999, 1214, डीएसएफ के 2131 का विशेष योगदान रहा।

नगर में कोटवारों का हुआ ऐतिहासिक सम्मान

विप्र भवन में जिले भर के 2 सौ 50 कोटवार हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गार्डन चौक स्थित विप्र भवन में तिल्दा, हतबन्ध, सुहेला, बलौदाबाजार, लवन, पलारी व भाटापारा थाने के लगभग 2 सौ 50 कोटवारों का सेवा सुगंधम जन कल्याण समिति के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम ने कोटवारों को ग्राम पुलिस का दर्जा देते हुए कहा कि वे गांव की कानून व्यवस्था बनाये रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। ये सच्चे देशभक्त होते हैं और कानून का पालन भी कराते हैं। इनको गांव के हर काम की जानकारी सरकार तक पहुंचानी होती है। उन्होंने कहा कि एस पी, थानेदार का सभी सम्मान करते हैं लेकिन कोटवारों के सम्मान का आयोजन कर सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र उपाध्याय ने बहुत ही सराहनीय काम किया है। कोटवारों का सम्मान कर हम स्वयं गौरव का अनुभव कर रहे हैं। कबीरदास के विभिन्न दोहों को उदृत करते हुए उन्होंने कोटवारों के कार्यों की स्तुति की।उन्होंने कोटवारों से अपेक्षा की कि पीढ़ी दर पीढ़ी जिस तरह आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आये हैं आगे भी आप अपने दायित्वों पर खरे उतरेंगे।सच्चे अर्थों में भाई चारा निभाने का कार्य गांव में कोटवार ही करते हैं उन्होंने कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। सरस्वती वंदना समिति के सदस्यों ने प्रस्तुत की। स्वागत गीत के साथ ही मुख्य अतिथि सहित समस्त मंचस्थ अतिथियों का पारंपरिक रूप से पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कोटवारों के प्रतिनिधि मोहनदास मानिकपुरी ने मुख्य अतिथि के सम्मान में बहुत ही भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। कोटवारों की सभा को कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजा तिवारी,कोटवार संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष भूषण मानिकपुरी, रोहित मानिकपुरी , धम्म्ये ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी साहू,पूर्व विधायक जनक राम वर्मा,कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप पांडे ने भी संबोधित किया व इस तरह किये गए आयोजन को अभूतपूर्व व अनुकरणीय बताया। इस तरह के आयोजन से सबसे निचले स्तर के शासन के प्रतिनिधि के आत्मसम्मान में वृद्धि होती है उन्होंने कहा। सभी ने आयोजक टिकेंद्र उपाध्याय के आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, पार्षद कांति साहू,डिगेश्वरी नामदेव, तिलक कन्नोजे, एल्डरमैन हेमचंद केशरवानी, सुखदेव साहू, मनोज प्रजापति, दिनेश बंजारे, संतोष सेन सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने उपस्थित सभी कोटवारों को शॉल,मिठाई,लाठी,टॉर्च, सीटी व मैडल से सम्मानित किया। सेवा सुगंधम समिति के संस्थापक अध्यक्ष टिकेंद्र उपाध्याय ने आभार प्रदर्शन किया व सेवा निवृत्त प्राचार्य मुबारक हुसैन ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के आशीष उपाध्याय, अनामिका विनोद जाधव, अखिलेश्वरी शुक्ला, रामेंद्र , राजकुमार भारती, अनिल, सूर्यकांत, जय ठाकुर, संतोष यादव ,का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयुष्मान भारत दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

आयुष्मान भवः कार्यक्रम जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में 3 चरणों में होगा संपादित

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के मागदर्शन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में डॉ. व्ही.पी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिरूद्ध कसार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे, डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक (भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी), स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, मितानिन कार्यकर्ता, जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, निजी चिकित्सालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के द्वारा आयुष्मान भवः कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही रक्तदान एवं अंगदान करने तथा अन्य लोगों को भी इस संबंध में प्रेरित करने अपील की गई। आयुष्मान भवः कार्यक्रम जिलें के स्वास्थ्य केन्द्रों में 03 चरणों में सम्पादित किया जा रहा है, जिसमें विशेष अभियान चलाते हुए प्रथम चरण में पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का निर्माण एंव वितरण तथा गैर संचारी एवं संचारी रोगों (जैसे एन.सी.डी./ टी.बी./ लेप्रोसी/मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य) की जांच उपचार, प्रचार-प्रसार तथा आभा आई.डी. निर्माण जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाएगा, द्वितीय चरण में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विशेषज्ञ (स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा, निःश्चेतना विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक इत्यादि) के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साप्ताहिक रूप से स्क्रिनिंग जांच एवं आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है, तृतीय चरण में विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 02 अक्टूबर 2023 को ग्राम/वार्ड स्तरीय आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा।

गोधन न्याय योजना में लापरवाही सचिव निलंबित

बलौदाबाजार। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने गोधन न्याय योजना में लापरवाही बरतने के चलते जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त्य को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत् किया गया हैं। निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कसडोल निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाशील होगा।

कक्षा तीसरी से पाँचवी अध्ययनरत बच्चों का गणेश की चित्रकारिता पर प्रतियोगिता आयोजित

भंवरपुर। शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे श्री गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य पर कक्षा तीसरी से पाँचवी अध्ययनरत बच्चों का श्री गणेश की चित्रकारिता पर प्रतियोगिता

आयोजित की गई, जिसमे पुरे उत्साह के साथ सभी बच्चों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। सुन्दर चित्रकारी हेतु कु. नीतू कक्षा तीसरी प्रथम स्थान, कु. रिया गिरी कक्षा चौथी तथा राज गिरी कक्षा पाँचवी द्वितीय स्थान, तथा कु.खुशबू पटेल कक्षा चौथी तृतीय स्थान प्राप्त किये। सभी प्रतिभागियों को प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक द्वारा प्रसंशा करते हुए शुभकामनायें प्रेषित करने के साथ-साथ प्रतियोगिता मे क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया, और भविष्य मे और अच्छी चित्रकारिता करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की गयी। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सहित सहायक शिक्षिका प्रभा जगत एवं करुणा नायक उपस्थित रहीं।

नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कौशल प्रशिक्षण का समापन समारोह का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर में गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी तारतम्य में सिपेट, रायपुर में 06 माह का प्लास्टिक्स प्रोडक्ट मेनुफेक्चुरिंग ऑपरेटर कोर्स का समापन समारोह दिनांक 22.09.2023 को आयोजित किया गया। समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ-साथ शत प्रतिशत रोजगार प्रदान करते हुए मेसर्स सतीस इंजेक्टो प्लास्ट प्रा. लिमिटेड, पुणे, मेसर्स मुचुअल ऑटोमोटिव लिमिटेड, पुणे एवं मेसर्स ताकाहाटा प्रिसिजन इंडिया प्रा. लिमिटेड, निमराना, राजस्थान में रू. 2.00 लाख से लेकर रू. 2.50 लाख तक के सालाना पैकेज के नियोजन के प्रस्ताव पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम रूपेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (उत्पाद एवं विपणन), गेल (इंडिया) लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. आलोक साहू, निदेशक एवं प्रमुख, सिपेट, रायपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कलेक्टर ने कोसा घीचा धागाकरण का प्रशिक्षण केन्द्र मालगांव का किया अवलोकन

गरियाबंद। कोसा धागाकरण का प्रशिक्षण अंतर्गत आज ग्राम मालगांव में कोसा घीचा धागाकरण का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसके तहत 20 हितग्राहियों को प्रति दिवस 04 घंटे के हिसाब से प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त कोसा धागाकरण के क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित किए जाने हेतु सार्थक पहल की जायेगी। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कोसा घीचा धागाकरण प्रशिक्षण केन्द्र मालगांव पहुंचकर स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्पान सिल्क यार्न रिलिंग मशीन से बनाये जा रहे धागे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से चर्चा की। सहायक संचालक रेशम श्री एस.के.कोल्हेकर ने बताया कि ककून बैंक कोसा खरीदकर यहां धागा बनाया जायेगा। इस केन्द्र में 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं रोजगार प्राप्त कर सकती है।

परिवर्तन यात्रा की सफलता कांग्रेस सरकार के अंत का दे रहा संकेत: देवेंद्र

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मां दंतेश्वरी की आशीर्वाद लेकर दंतेवाड़ा से शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन प्रदेश में कांग्रेस सरकार के अंत का संकेत दे रहा है। परिवर्तन यात्रा प्रदेश की जनभावना का प्रकटीकरण है। गुमराह करने वाली और अनर्गल प्रलाप की कांग्रेसी राजनीति को आने वाले चुनाव में जनता हराने जा रही है।

श्री चंद्राकर ने बताया कि परिवर्तन यात्रा आज महासमुंद पहुंची। जहां हाईस्कूल मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों व प्रदेश स्तर के नेताओं द्वारा विशाल जनसभा को संबोधित किया गया। जिसमें जनता ने एक स्वर में भाजपा का साथ देने तथा कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री राजीव चंद्रशेखर, केंद्रीय खाद्य उत्पादन मंत्री राव साहेब पाटिल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद अरूण साव ने जन समुदाय को संबोधित कर कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और भूपेश सरकार द्वारा की गई घोटाला को जनता के समक्ष उजागर किया। साथ ही इस बार के चुनाव में कांग्रेस को उखाड फेंकने का संकल्प भाजपा के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने जनता के साथ दोहराया।

देवेंद्र ने कहा कि केंद्रीय नेताओं व प्रदेश के नेताओं द्वारा दिए गए संबोधन पर महासमुंद के हजारों लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा की सरकार बनाने संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल मैदान में हुई विशाल जनसभा की सफ्लता से कांग्रेसी भयभीत हो गए हैं। श्री चंद्राकर ने परिवर्तन यात्रा को सफ्ल बनाने समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि हाई स्कूल में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति स्पष्ट करती है, कि आगामी चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी।

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कोरोना काल में हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, आर. डी. ए. प्लाट, संजय नगर रायपुर के शिक्षकों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हे प्रशस्त्रि-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जयंती भाई पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, रायपुर मिर्जा एजाज बेग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भा. ज.पा., नासिर खान जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रायपुर शेख आरिफ , मंडल अध्यक्ष भा.ज.पा. पुरानी बस्ती मंडल उपस्थित थे। जयंती भाई पटेल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए हुए सिद्धांतों को अपना कर ही विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता सर्वप्रथम उन्होंने की। मिर्जा एजाज बेग ने भी विस्तारपूर्वक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के योगदान और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अब्बास अली, गामा भाई, मो. कासम, हज्जन रेहाना बेगम, अध्यक्ष हिन्द इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, प्राचार्या रूही नाज विशेष रूप से सम्मिलित हुए । इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाऐं अफ साना, गुलनाज़, जासमीन, रूकसाना, हुमैरा, भारती साहू, रंजना सिंह, गुलअपशा, नकीबा, गौसिया, नाज, रूही नाज, मनीषा ध्रुव, नुजहत, शाबाना, सांध्या कुलकर्णी, समीना, फिरदौस आदि को प्रशस्त्रि-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि अजय कुमार जायसवाल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल रोहिना उस्ताद अली शिक्षक सागरपाली , रामकुमार मैत्री शिक्षक सुखा पाली अमित कुमार चौरसिया शिक्षक दुलारपाली चंद्रकांत चौरसिया व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल खोकसा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में पूजा अर्चना कर एवं प्रथम पूज्य श्री गणेश की पूजा अर्चना कर किया गया। स्वयं सेवक सेविकाओं द्वारा प्रार्थना वंदना किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक के दलनायक सुमित चौरसिया दल नायिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा सभी अतिथियों का बैच तीलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आर .के. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए स्थापना दिवस के उद्देश्य को बताया । अतिथि अजय जायसवाल ने बताया कि स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में लगे रहना चाहिए। एवं शिक्षा ,व ज्ञान के बारे में बहुत कुछ टिप्स बच्चों को दिए । कार्यक्रम को उस्ताद अली शिक्षक ने भी संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के 'मैं नहीं बल्कि आप' वाक्य पर अपने विचार दिए कार्यक्रम में अमित चौरसिया ने भी संबोधित करते हुए उपस्थित सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को उच्च शिक्षा के बारे मैं बताये एवं अपने अंदाज सवाल जवाब भी किये।व्याख्याता चंद्रकांत चौरसिया ने अपने उद्बोधन में बहुत ही सुंदर ढंग से कैरियर गाइड के बारे में रोचक जानकारियां भी प्रदान किये। कार्यक्रम में विद्यालय के स्वयंसेवक एंव सेविकाओं ने स्थापना दिवस के अवसर पर गीत, भाषण भी दिये। कार्यक्रम अधिकारी आर.के.पटेल के द्वारा शानदार प्रेरणागीत गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर.के.पटेल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना लंबर द्वारा किया गया।

पिथौरा में मॉडल कृष्ण कुंज को किया गया साकार पिथौरा में

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत पिथौरा में विकसित कृष्ण कुंज प्रदेश के लिए एक मॉडल कृष्ण कुंज के रूप में विकसित किया गया है। यहां कृष्ण कुंज की अवधारणा को साकार किया गया है। पिथौरा के कृष्ण कुंज में 0.40 एकड़ क्षेत्र में 160 पौधें रोपे गए हैं। वाकिंग ट्रेक, झूला और दीवारों में मनमोहक चित्रांकन भी किया गया है। जिससे वास्तव में कृष्ण कुंज एक सुंदर वाटिका के रूप में नगर की पहचान के रूप में उभरा है। जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कृष्ण कुंज वृक्षारोपण कार्यक्रम की योजना राज्य के समस्त नगरीय निकायों में हरियाली बढ़ाने की पहल हेतु लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य वन उद्यान विकसित कर सांस्कृतिक एवं जीवनोपयोगी वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत लोगों में हरियाली के प्रति आकर्षण बढ़ाना, प्रदूषण मुक्त हेतु प्राकृतिक वातावरण व सुंदरता उपलब्ध कराना है। वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत ने बताया कि इसी तारतम्य में महासमुंद वनमंडल के नगर पंचायत पिथौरा में कृष्णकुंज विकसित कर बरगद, पीपल, नीम और कदंब, रीठा, सिंदूरी, गुलमोहर, बेल, आंवला जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी 160 वृक्षों का रोपण किया गया है। राज्य शासन द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर विगत वर्ष कृष्ण कुंज योजना की शुरुआत की गई थी। जिले में नगरीय निकाय पिथौरा में वन विभाग द्वारा नगर के बीच में रिक्त स्थान को कृष्ण कुंज निर्माण के लिए चयन किया गया। यह पूरे राज्य के लिए एक मॉडल कृष्ण कुंज है। यहां वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, फलदार एवं फूल वाले पौधों का रोपण किया गया है। वर्तमान में रोपित पौधे 7-8 फीट ऊंचाई के हो चुके हैं। कृष्ण कुंज नाम के मुताबिक यहां धार्मिक आस्था का ख्याल रखते हुए तीन मंदिरों का निर्माण भी किया गया है। जिसमें राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां लोग आस्था पूर्वक दर्शन और पूजा के लिए यहां पहुंचते हैं। कृष्ण कुंज को एक आकर्षक और पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी एक उद्यान के रूप में विकसित किया गया है।

आरंग विधानसभा में परिवर्तन जरूर होगा- वेदराम मनहरे

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

पायनियर संवाददाता ✓ आरंग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में परिवर्तन को लेकर भारतीय जनता पार्टी कि द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाला जा रहा है ,इसी कड़ी में परिवर्तन यात्रा का रथ आज आरंग विधानसभा के आरंग नगर में पहुचा।

नगर के वार्ड नंबर 17 ओड़का से भाजयुमो के नेतृत्व में बाइक रैली के माध्यम से नगर में प्रवेश किया, परिवर्तन के आगाज को लेकर पूरे विधानसभा की जनता आरंग में उमड़ पड़ा, जगह जगह विभिन्न समाज व संगठनों द्वारा पुष्प से स्वागत किया गया।भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे के नेतृत्व में परिवर्तन रथ में सवार अतिथियों का बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

नगर के हाईस्कूल मैदान में पूरे विधानसभा से आये विशाल जनसमूह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए अउ नही सहिबो ,बदल के रहिबो के नारा के साथ इस भ्रष्ट भूपेश की कांग्रेस सरकार को परिवर्तन करने आव्हान अपील व निवेदन करते हुए आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में सहयोग प्रदान करने की बात कही। जनसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष सरकार भी उपस्थित रहे ।

पार्टी द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र बनाने , किसानों की उन्नत्ति ,समृद्धि व मजबूती के दिशा में कार्य करने की दृष्टि से किसान मोर्चा के तरफ से श्री मनहरे जी ,संतोष राकेश जी नेतृत्व में हल (नांगर) भेट कर व खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया , श्री मनहरे ने स्थानीय विधायक व मंत्री शिवकुमार डहरिया के भ्रष्टाचार , भय,आतंक, व क्षेत्र में बिगड़ते कानून व्यवस्था पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ सहित आरंग विधानसभा में इस बार परिवर्तन जरूर होगा।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार, अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष, गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष विधानसभा, सुनील सोनी सांसद, शिवरतन शर्मा विधायक, गुरु खुशवंत साहेब, महेश गागड़ा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, चंद्रशेखर साहू पूर्व विधायक, अनिल पांडे, के के भारद्वाज, राजेंद्र चंद्राकर, डॉ संदीप जैन, विमल चोपड़ा संजय ढीढी, श्याम नारंग, किरण बघेल, गोविंद वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, नंद साहू, अभिषेक राजा तंबोली, फडेन्द्र वर्मा, अनिल सोनवानी, देवराज जांगड़े, देवनाथ साहू, चमन लाल साहू, नमित यादव, विश्व दीपक बघेल, पीला राम निषाद, गजेंद्र वर्मा व पूरे आरंग विधानसभा के देवतुल्य जनता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

pnb Housing Finance Limited

पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110001,
फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

रायपुर शाखा:– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कार्यालय नंबर 111–112, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 9, डीबी कॉर्पोरेट पार्क, रजबंधा मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

इंदौर शाखा:– 201–ए और 202, दूसरी मंजिल, मेगापोलिस बिल्डिंग, 579, एमजी रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002, अद्यतन संशोधित, के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय ।।। की धारा 13(2) के अधीन सूचना

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने वत्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय ।।। की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों/सह–कर्जदार/गारंटरों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों/ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतदद्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती हैं, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभूत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(यां) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

क्र. स.	ऋण खाता सं.	कर्जदार, सह-कर्जदार का नाम / पता	ग्रांटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	HOU/RAI/1218/615327, बी.ओ. रायपुर	**गुरुमीत सिंह उधारकर्ता** – मकान नंबर 58, अवनी एवेन्यू, दलदल सिवनी, रावभाटा, ग्रीन एवेन्यू के सामने बिरगांव रायपुर, छत्तीसगढ़ – 493221, रायपुर, भारत। सतनाम ट्रांसपोर्ट, ट्रांसपोर्ट नगर, रावभाटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 493221. **हरनीत कौर (सह–उधारकर्ता) हरकीरत सिंह (सह–उधारकर्ता)**	NA	प्लॉट नंबर 58, अवनि एवेन्यू, खसरा नं.408 का हिस्सा, पी एच नं.109, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, दलदल सिवनी मोवा, आरआईसी रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, भारत.	15-09-2023	रु. 29,98,196.25/– (रुपये उन्नतीस लाख अट्ठानवे हजार एक सौ छियानवे और पच्चीस पैसे मात्र)
2.	HOU/RAI/0419/683284, बी.ओ. इंदौर	**श्री विकास बाबू (उधारकर्ता)**–मकान नंबर 261, विवेकानन्द नगर, गली नंबर 2 ट्रांसफार्मर के पास, काली मंदिर के पास, सोरिद नगर धमतरी, छत्तीसगढ़, भारत–49377 और **रश्मि तिवारी (सह–उधारकर्ता)** यशोदा हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, कुशालपुर चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, और सतगुरु ड्रीम सिटी, 0.0, 68.0, सतगुरु ड्रीम सिटी, ग्राम कंदुल फोन 83, खसरा नंबर 78/11, 78/53, 78/57, 78/60, जिला रायपुर, आदर्श नर्सिंग इंस्टीट्यूट, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, भारत	NA	सतगुरु ड्रीम सिटी, 0.0, 68.0, सतगुरु ड्रीम सिटी, गांव कंदुल फोन 83, खसरा फोन नं.78/11, 78/53, 78/57, 78/60, जिला रायपुर, आदर्श नर्सिंग इंस्टीट्यूट, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, भारत	14-09-2023	रु. 9,93,822.00/– (रुपये नौ लाख तिरानबे हजार आठ सौ बाईस मात्र)

स्थान : रायपुर, दिनांकित : 26-09-2023

प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सातवें प्रांतीय सम्मेलन में सम्मानित हुए जिले के साहित्यकार

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन होटल बेबीलोन में संपन्न

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित आयोग का सातवां प्रांतीय सम्मेलन बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल रायपुर में दिनांक 23 और 24 सितंबर को आयोजित किया गया जिसमें एमसीबी जिला से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक विनोद तिवारी के नेतृत्व में एमसीबी जिले के साहित्यकार हरिकांत अग्निहोत्री,मृत्युंजय सोनी, रितेश श्रीवास्तव, कृष्ण दत्त मौर्य,उज्जवल सिंह,अनामिका चक्रवर्ती, वीरांगना श्रीवास्तव, इशिता सिंह सहित अन्य साहित्यकार रायपुर के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी चित्र के समक्ष छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री शिव डेहरिया छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डा अनिल भारत पहरी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया कार्यक्रम का प्रथम सत्र पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ विषय पर चर्चा का कार्यक्रम डा केसरी (कुलपति छत्रपति शिवाजी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र) तथा डा0 चितरंजन कर (प्रोफेसर पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) की अध्यक्षता में संपन्न किया गया दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ गद्य साहित्य में नवाचार, विषय पर चर्चा हुई तथा तीसरे सत्र में छत्तीसगढ़ महतारी छत्तीसगढ़ नृत्य नाटिका, दूध मोगरा गंडई की प्रस्तुति की गई चौथे सत्र में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पूरे प्रदेश से आए हुए साहित्यकारों ने भाग लिया इसी दौरान एमसीबी से गए साहित्यकारों ने भी हिस्सा लिया और उम्दा प्रस्तुतीकरण एवं काव्य पाठ के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं अन्य उपहार से सम्मानित किया गया दूसरे दिन पांचवें सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद महिला साहित्यकारों का योगदान विषय पर चर्चा की गई जिसके जिसमें अध्यक्षता डॉक्टर सेल शर्मा का (प्राध्यापक रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर) एवं सरला शर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार दुर्ग) ने की तथा संचालन डा शोभा मोहन शर्मा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। छठवें सत्र में छत्तीसगढ़ लोक साहित्य पर चर्चा डॉक्टर विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष एवं डा के आर सोनी वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व आयुक्त नगर निगम रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। तिवारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डा अनिल भातपहरी एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं एवं एमसीबी जिले के सभी साहित्यकारों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

महिला के शरीर में थी तीन किडनियां, तीनों में इन्फेक्शन, ऐसे किया सफल इलाज

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई के स्पर्श हॉस्पिटल में एक अनोखा केस आया। एक मरीज की दो नहीं, बल्कि तीन किडनियां थीं और तीनों में ही इन्फेक्शन से समस्या गंभीर हो गई थी। लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों ने अपने अनुभव के आधार पर मरीज को बीमारी से मुक्ति दिलाने में सफलता हासिल की है। अस्पताल के डॉ. शिवेंद्र तिवारी ने बताया कि मरीज की किडनी में बहुत दिनों से समस्या बनी हुई थी। इलाज के लिए मरीज ने कई बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाए, लेकिन समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थी। इस बीच सोनोग्राफी टेस्ट और अलग-अलग जांच भी हुई, लेकिन कभी यह बात पता नहीं चली कि महिला के शरीर में तीन किडनियां हैं। कुछ दिनों पहले इलाज के लिए वह स्पर्श हॉस्पिटल आई। डॉक्टरों से उसने अपनी बीमारी साझा की तब जांच के बाद यह पता चला कि महिला के शरीर में तीन किडनियां हैं।

क्या तीन किडनियां होना संभव है-डॉक्टर डॉ. शिवेंद्र तिवारी ने बताया कि आमतौर पर मानव शरीर में दो किडनियां होती हैं। इस केस में मरीज के शरीर के लेफ्ट साइड में दो किडनियां थीं। यह एक बहुत ही रेयर केस है। अब तक पूरी दुनिया में ऐसे केवल 100 केस ही सामने आए हैं।

क्या थी बीमारी? -मरीज की किडनी पाइप में सूजन होने की वजह से पूरी किडनी ही ब्लॉक हो गई। साधारण भाषा में समझा जाए तो इस मरीज के शरीर में तीन किडनी होने की वजह से लेफ्ट साइड की दोनों किडनियां प्रभावित होने लगीं और इन्फेक्शन फैल गया था। महिला काफी दिनों से दर्द में थीं और बेहतर इलाज के लिए भटक रही थी।

ऐसे हुआ इलाज-स्पर्श हॉस्पिटल में आने के बाद एक्सपर्ट डॉक्टरों की जांच के बाद बीमारी का सही आंकलन कर ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में किडनी की पाइप के छेद में हुए ब्लॉकेज को साफकिया गया। इसके बाद दोनों किडनियों में स्टेंट डाला गया। डॉ. शिवेंद्र तिवारी ने महिला मरीज का स्पर्श हॉस्पिटल में सफल इलाज कर दिखाया।

महापौर, आयुक्त एवं सीएसपी ने शहर की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर व्यापारी संगठनों के साथ ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने कक्ष पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सीएसपी मणिशंकर, मोहन नगर थाना प्रभारी की मौजूदगी में शहर की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर व्यापारिक संगठनो के साथ बैठक ली गई। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं को लेकर प्रत्येक व्यपारियों के साथ चर्चा की गई तथा मार्केट क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।उन्होंने व्यापारियो से पार्किंग व्यवस्था को लेकर सुझाव भी मांगे।महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि व्यापारी संगठन के सुझाव से मार्केट क्षेत्र की पार्किंग, यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।त्यौहारी सीजन को देखते हुए यातायात व्यवस्था हेतु पशु चिकित्सालय के व्यापारियो के लिए इंदिरा मार्केट, महात्मा गांधी स्कूल, शनिचरी बाजार, गवर्मेंट स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।बैठक में अधिकारी को पार्किंग के लिए फ़्लेक्स बनवाने के लिए एवं पार्किंग में प्रकाश व्यवस्था करने की बात कही।बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों से पशुओ को पकड़ने की कार्रवाही करने के निर्देश दिए।हटरी बाजार में मिट्टी के दीये विक्रेताओं को लगवाने के लिए कहा गया।शहर के मुख्य स्थल इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था सुचारू बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य व्यापारियो या ठेला चलाने वालों को हटाकर परेशान करना नही है। बाजार क्षेत्र में जगह-जगह ठेला वाले व्यापारी वर्ग अपनी दुकानों के सामने ग्राहकों के वाहन की पार्किंग व्यवस्थित ढंग से करवाये। दुकानों के बाहर सामन नही रखे। वाहन पार्किंग सही तरीके से होने पर आवागमन में परेशानी नही होंगी।यातायात व्यवस्था में सुधार होगी।

अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ कार्रवाई तेज, शहर से हटने लगें अवैध बैनर पोस्टर, निगम ने चलाया अभियान

अलग-अलग स्थानों से उतारे गए 400 बैनर पोस्टर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद निगम प्रशासन अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने ततपरता दिखाते हुए अतिक्रमण अमले के साथ शुरू किए गए अभियान के तहत अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए सार्वजनिक स्थलों, चौक चौराहों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास लगी इन अवैध बैनर पोस्टरों को हटाने का काम शुरू कर दिया है।जिनमे जन्मदिन, कार्यकर्ता की नियुक्ति हो अथवा राजनीतिक शख्सियत का नगर आगमन या फिर मौका जन्मदिन की खुशी का हो या फिर कोचिंग ट्यूशन क्लासेस और प्रतिष्ठानों के प्रचार प्रसार का चौराहों से लेकर गली तक सड़कों को बैनर पोस्टर से पाट दिया जाता है। गांधी चौक के खंबो के अलावा गौरवपथ डिवाइडर सहित आसपास के पास,जेल तिराहा, विवेकानद भवन, मालवीय नगर, पोलिटेनिक कालेज से लेकर साइंस कॉलेज के आस पास सहित अन्य जगहों से नगर निगम ने चलाया अभियान,उतारे गए अलग अलग स्थानों से 400 बैनर पोस्टर, शहर की मुख्य सड़को और चौराहों पर लगे अवैध बैनर/पोस्टर शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे है।जगह जगह खंबो में अवैध तरीके से बैनर/पोस्टर लगाए जा रहें है।मुख्य सड़क मार्ग पर लगे बैनर,पोस्टर और फ्लेक्स से दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है।शहर के मुख्य सड़को, गली चौक चौराहों पर लगे रहे है। जो कि वाहन चालको को अपनी तरफ आकर्षिक करते है।कई वाहन चालक हादसे का शिविर हो जाते है। अलग अलग स्थानों से निकले गए बैनर, पोस्टर को जब्त किया गया। अवैध तरीके से लगाये गये हुए बैनर, पोस्टर के कारण शहर की सुंदरता पर प्रभाव पड़ता है।

मेरी माटी मेरा देश आयोजन में सीआरपीएफ ने की गाँवों से मिट्टी एकत्रित

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में 25 सितम्बर को सीआरपीएफ212 बटालियन मुख्यालय के बैनर तले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिला के अंतर्गत गाँव गोराराम, पेडागुडम, किस्ताराम, पलौडी, पोटकपल्ली, डब्बामार्का व येटापका से आजादी का अमृत महोत्सव अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" का कारवाँ 212 बटालियन पहुँचा 7 इस कार्यक्रम के तहत आश्रम ,प्राथमिक शाला, येटापक्का, के बच्चों, शिक्षक तथा इस क्षेत्र के नागरिको के साथ मिलकर बटालियन के दीपक कुमार श्रीवास्तव, कमाण्डेंट, दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, सुनील खिंची, उप कमा. व अन्य सभी अधिकारियो व जवानो ने आजादी का अमृत महोत्सव अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत ÷मेरी माटी मेरा देश÷ के तहत मिट्टी को कलश में एकत्रित करने का आयोजन बहुत खुशी और उल्लास के साथ किया गया। साथ ही इस दौरान शामिल हुए सभी बच्चो, शिक्षक तथा नागरिको बीच जलपान तथा मिठाई का वितरण किया गया। इस आयोजन में बच्चे नागरिक तथा अधिकारियों और जवानो ने भाग लिया है।

महर्षि कश्यप जयंती पर केसरवानी नगर सभा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

महर्षि कश्यप जयंती पर केसरवानी नगर सभा मनेंद्रगढ़ द्वारा स्थानीय शिव बगिया में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. आयोजन में केशरवानी समाज के पुरुष महिलाओं व बच्चों द्वारा बढ़-चढ कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूरे विधि विधान के साथ महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना की गई . तदोपरांत महिलाओं, बच्चों व युवाओं के लिए केसरवानी नगर सभा के विजय कुमार गुप्ता प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम एवं मनोज केसरवानी द्वारा खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया और प्रश्नों के उत्तर देते हुए अनेक पुरस्कार अर्जित किये। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत केसरवानी नगर सभा मनेंद्रगढ़ की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया चूँकि समाज के वर्तमान नगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो चुका था और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना था इसी तारतम्य में सर्वसम्मति से समाज के संरक्षक भागवत केसरवानी ,पुरुषोत्तम लाल गुप्ता, शिवसम्पत केशरवानी द्वारा नगर सभा के ओजस्वी कार्यकर्ता लक्ष्मी चंद्र केशरी(लाला) को मनेंद्रगढ़ केसरवानी नगर सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके साथ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, सचिव विनोद कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामबली गुप्ता, महिला सभा अध्यक्ष संगीता गुप्ता सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष आनंद केसरवानी शिक्षा समिति अध्यक्ष मनोज केसरवानी वाणिज्य समिति अध्यक्ष अशोक केसरवानी समन्वय समिति अध्यक्ष मुकेश केसरवानी को नियुक्त किया गया इस दौरान कार्यक्रम में समस्त स्वजातीय बंधुगण माताएं बहने बच्चे उपस्थित रहे व आभार व्यक्त कल्याण केसरी द्वार किया गया.

जिला सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

- ज़िला न्यायालय में खुला प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला सत्र एवं व्यवहार न्यायालय परिसर में प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक का आज जिला सत्र न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एल. टंडन, सिविल सर्जन डॉ.एस.आर.चुरेंद्र, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश, अधिवक्तागण कर्मचारी उक्त अवसर पर निलीमा सिंह बघेल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पंकज सिन्हा, प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधु तिवारी अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो), उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जसविंदर कौर अजमानी मलिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा, अनिता कोशिमा रावटे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बेमेतरा एवं जिला न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण उपस्थित थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शास्त्री ने कहा कि माननीय हाई कोर्ट के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में आज प्राथमिक चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया गया है। जहां न्यायालय के अधिवक्तागण, ऑफिस स्टॉफ न्यायालय कामकाज व पेशी में आने वाले पक्षकारों को प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की सुविधा प्राथमिकी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। सीएमएचओ डॉ, जी.एल. टंडन, ने बताया कि यह प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आकस्मिक चिकित्सा (इमरजेंसी मेडिकल) स्वास्थ्य सुविधाएं न्यायालय परिसर में दी जाएगी। वही अधिवक्ता संघ जिला अध्यक्ष श्री प्रणीश चौबे ने इसका स्वागत करते हुए उच्च न्यायालय व जिला न्यायालय का धन्यवाद किया हैं।

इंडियन स्वच्छता लीग में सफाई के प्रति जागरूकता अभियान भिलाई निगम द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन चलाया जा रहा है। इंडियन स्वच्छता लीग महापौर नीरज पाल द्वारा 16 सितंबर 2 अक्टूबर तक चलने वाले पखवाड़ा की शुरूआत किए इसके बाद विभिन्न आयोजनों के माध्यम से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली मोहल्लों में रैली निकाल रहे है तो कहीं तो कहीं जनभागीदारी से चौक चौराहों की सफाई करा रहे है। कचरा पृथकीकरण एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक को बंद कराने सफाई कर्मी घर घर पहुंचकर जागरूक कर रहे है, साथ ही साथ शहर की सफाईव्यवस्था में जुटे सफाई कर्मियों के हित का ध्यान रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित कर रहे है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में शहर के मुख्य चौक चौराहो एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा का जनभागीदारी से सफाई कराना, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ श्रमदान कराते हुए सार्वजनिक स्थानों की सफाई, व्यवसायिक क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को बताते हुए उसके उपयोग नहीं करने रैली निकालकर अपील करना, तालाबों की सफाई, गली मोहल्लों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए घर से निकलने वाले कचरे का व्यवस्थित रखने और आस पास स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नागरिकों को जागरूक कर रहे है, ताकि हमारा भिलाई स्वच्छ और सुंदर रहे। सफाई मित्र की सुरक्षा भी जरूरी -16 सितंबर से शुरू हुए इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत सफाईमित्र का भी ध्यान रखा जा रहा है। भिलाई निगम द्वारा इन्हें भी सुरक्षित रखने शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर ईलाज कराया जा रहा है, साथ ही सभी सफाई मित्र का आयुष्मान कार्ड, सुरक्षा बीमा करवाने जैसे कार्य किए जा रहे है।

महापौर निर्मल कोसरे ने पार्षदों की मौजूदगी में किया भूमिपूजन, स्कूलों में नए कक्ष निर्माण के साथ होगा पुराने कमरों का संधारण

शहर के साथ ग्रामीण वार्ड में बढ़ेगी शैक्षणिक सुविधा

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

शहर के साथ ग्रामीण वार्ड में भी शैक्षणिक सुविधा मुहैया कराने भिलाई-चरोदा नगर निगम की संजीदगी एक बार फिर दिखने लगी है। स्कूलों में नए कक्ष निर्माण के साथ ही पुराने कमरों का संधारण कराया जा रहा है। इसके लिए महापौर निर्मल कोसरे ने एमआईसी सदस्य और पार्षदों की मौजूदगी में सोमवार को भूमिपूजन किया। महापौर निर्मल कोसरे सिलसिलेवार भूमिपूजन के लिए सबसे पहले भिलाई-चरोदा नगर निगम के ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38 सोमनी पहुंचे। यहां पर उन्होंने स्कूल में 8.60 लाख रुपए की लागत से होने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इसके बाद महापौर निर्मल कोसरे काफिले के साथ वार्ड क्रमांक 31 देवबलोदा पहुंचे। उन्होंने देवबलोदा स्थित स्कूल भवन के 10 लाख रुपए की लागत से होने वाले संधारण कार्य सहित 6 लाख रुपए की लागत से मॉडर्न टायलेट निर्माण का भूमिपूजन किया। अंतिम कार्यक्रम के तहत कोसरे ने वार्ड क्रमांक 17 भिलाई-3 के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में 8.40 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि नगर निगम द्वारा भिलाई-3 और चरोदा शहर के साथ - साथ ग्रामीण वार्डों में भी बेहतर शैक्षणिक परिवेश बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए चरणबद्ध योजना बनाकर स्कूलों के पुराने भवनों का आवश्यकता के अनुसार संधारण कराया जा रहा है। वहीं दर्ज संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा मॉडर्न टायलेट योजना के तहत स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं से लैस शौचालय व प्रसाधन का निर्माण प्राथमिकता से हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य ईश्वर साहू, मोहन साहू, दीप्ति आशीष वर्मा, देव कुमारी भलावी पार्षदगण तुषांत वर्मा, भारती राम सूर्यवंशी, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चंद्राकर, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम किरकी का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2023 में स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायतों को ग्राम परसदा सकरी बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय आवास न्याय योजना कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इस सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के ग्राम किरकी को स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गांव के सरपंच केवल सिंह वर्मा एवं सचिव रोशन कुमार साहू को स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर पद्मनी भोई साहू ने प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला बेमेतरा के समन्वयकगण उपस्थि थे। कलेक्टर पी.एस.एल्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कमलेश मण्डावी ने स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम पंचायत किरकी के सरपंच एवं सचिव को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

आईएमएफ की सलाह

पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बदहाली को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने उसे अमीरों पर टैक्स लगाने तथा गरीबों को बचाने की सलाह दी है। लेकिन इसका क्रियान्वयन आसान नहीं होगा। पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था इतनी बुरी स्थिति में पहुंच गई है कि आईएमएफ जैसे बाहरी विशेषज्ञों के सहायक व तार्किक दिशानिर्देश भी लागू करना उसके लिए आसान नहीं है। हाल ही में आईएमएफ प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जिर्योजियेवा ने पाकिस्तान को सलाह दी कि देश का आर्थिक संकट दूर करने के लिए वह अमीरों पर टैक्स बढ़ाए तथा गरीबों का बचाव करे। मुद्रासंकट का सामना कर रहे देश ने आईएमएफ से जुलाई में 'बेलआउट' की मांग की थी। वह दहाई अंक में मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है तथा वहां अनेक ढांचागत मुद्दों का तत्काल समाधान जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में बैठक के समय क्रिस्टलीना की मुलाकात कार्यकारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से हुई जिससे पाकिस्तान के सामने मौजूद अनेक गंभीर आर्थिक मुद्दे उजागर हुए। क्रिस्टलीना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को अमीरों से ज्यादा टैक्स वसूलने के साथ ही देश की संकटग्रस्त जनसंख्या की सहायता करनी चाहिए। आईएमएफ पाकिस्तान में आर्थिक सुधारों की पैरवी करता रहा है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति से कराह रही है जो आईएमएफ द्वारा दिए 3 बिलियन डालर बेलआउट पैकेज के साथ जुड़ी शर्तों से और संकटग्रस्त हो गई है। इस बीच आम जनसंख्या के लिए स्थिति बद से बदतर हुई है। बिजली और पेट्रोल कीमतों में भारी वृद्धि के कारण पिछले महीने मुद्रास्फीति असाधारण रूप से 27.4 प्रतिशत पहुंच गई थी जिससे नागरिकों पर बहुत भारी बोझ पड़ रहा है।

आईएमएफ के बेलआउट से आर्थिक स्थायित्व व प्रगति के वादे का अभी बहुसंख्य पाकिस्तानियों के लिए कोई अर्थ नहीं है। आईएमएफ ने राजस्व संग्रह तथा समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त हिस्सों को बचाने की बात कही है जो उसके संतुलित दृष्टिकोण का महत्व स्पष्ट करता है। लेकिन विडंबना है कि इस बेलआउट या इसके पहले के बेलआउट से कुछ भी नहीं बदला है। आम पाकिस्तानी लगातार परेशानियों का सामना कर रहा है, जबकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग व खासकर सेना विशेषाधिकारों का आनन्द ले रहे हैं। ये कदम न केवल राजकोषीय स्थिरता, बल्कि गंभीर आर्थिक संकटों का सामना कर रहे देश में सामाजिक एकजुटता बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। आईएमएफ ने 3 मिलियन डालर बेलआउट पैकेज मंजूर किया है जो देश को कर्ज अदायगी के संकट से बचाने के लिए जरूरी है। फिलहाल इससे भले ही संकट टल गया हो, पर यह पाकिस्तानी व्यवस्था में गहराई तक व्याप्त है। उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगी होने के लिए उद्योग-व्यापार को अद्यतन बनाने पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन वह 10 सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण जैसे मामूली कदम उठा रहा है। हालांकि, यह कदम घाटे में चल रहे राज्य स्वामित्व वाले उद्योगों के लिए आईएमएफ की सलाह के अनुसार है, पर यह स्थाई समाधान नहीं है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को ऐसे ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है जो बिजनेस परिवेश बेहतर बना सकें। आईएमएफ की सलाह लागू करना आसान नहीं है क्योंकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग जनवरी के अंत में होने वाले आम चुनाव के पहले इसका भारी विरोध करेगा। अल्पकालीन रूप से ऐसे कदम पाकिस्तान को डूबने से बचा सकते हैं, पर आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण है क्योंकि पाकिस्तान का राज्य के रूप में अस्तित्व इस पर निर्भर होगा।

हिंदी की प्रतिद्वंदी बनी क्षेत्रीय राजभाषाएं?

आजादी के 77 साल बाद भी अपनी एक अदद 'राष्ट्रभाषा' का ना होना राष्ट्रीय शर्म और विपन्नता, वर्तमान तथाकथित बेस्टसेलर युवा लेखकों ने भी हिंदी को हिंग्लिश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय-संयोजक,
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
(आईफा)

हाल में ही देश ने हिंदी-दिवस, हिंदी-सप्ताह, हिंदी-पखवाड़ा आदि की फिजूल की औपचारिकताएं पूर्ण कर चैन की सांस ली है, हिंदी मास भी अपनी समाप्ति के अंतिम चरण पर है। इसके साथ ही हिंदी की बिंदी उतार कर एक बार फिर ड्रेसिंग टेबल के आईने पर अथवा अगले साल के कैलेंडर के चौदह सितंबर तारीख पर चिपका दी जाएगी। इस साल भी आयोजन की सारी नौटंकियां कमोबेश फिर से पूर्ववत दोहराई गईं। हिंदी के उद्धार हेतु आयोजित इन सम्मेलनों के मंचों पर राष्ट्र निर्माण में लगे छोटे बड़े राजनेताओं, नौकरशाहों तथा कार्यक्रम आयोजक दलालों के बीच, बर्फी पर लगे काजू-बादाम की तरह इक्के-दुक्के विराजमान हिंदी के तथाकथित वरिष्ठ लेखकगणों ने मंच की शोभा बढ़ाई। इन मंचों से सारे वक्ता या तो कच्चे-पक्के आंकड़े पेशकर अखिल विश्व में लहरा रहे राष्ट्र-भाषा हिंदी के परचम का गुणगान करते रहे या फिर इसकी सौतन अंग्रेजी को गालियां देकर तालियां पाते रहे। हिंदी का असल दुर्भाग्य तो यही है कि इन आयोजनों के ज्यादातर आयोजनकर्ता, भाषण कर्ता और ताली बजाने वालों को यह भी नहीं पता की हिंदी देश की राष्ट्रभाषा है या राजभाषा और यह भी नहीं पता है कि आखिर राष्ट्रभाषा, राजभाषा में अंतर क्या है।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी ने सबसे पहले 1917 में गुजराज के भरुच सम्मेलन में हिंदी को राष्ट्रभाषा के रुप में मान्यता प्रदान की थी। गांधीजी ने साल 1918 में भी 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की बात कही थी। महात्मा गांधी के अलावा जवाहरलाल नेहरू भी थे जिन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की वकालत की थी। संविधान सभा ने भी 14 सितंबर 1949 को इसे राजभाषा का दर्जा देने को लेकर सहमति जताई थी। 1950 में संविधान के अनुच्छेद 343(1) के द्वारा हिंदी को देवनागरी लिपि के रूप में संघ की राजभाषा का दर्जा भी दिया गया। परंतु यह हिंदी नहीं बल्कि देश का दुर्भाग्य है कि आज पर्यंत हिंदी आधिकारिक 'राष्ट्रभाषा' नहीं बन पाई है। विश्वगुरु कहलाने वाले, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले गौरवशाली देश के पास आजादी के 77 साल बाद भी अपनी एक अदद 'राष्ट्रभाषा' का ना होना राष्ट्रीय शर्म और विपन्नता नहीं तो और क्या है? और ऐसा आखिर क्योंकर हुआ ?

तब दक्षिण के राज्यों के तत्कालीन नेताओं के द्वारा क्षुद्र क्षेत्रीय राजनैतिक लाभ से प्रेरित होकर हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का विरोध किया गया। आगे भी, आवश्यकतानुसार समय समय-समय वोटो की राजनीति के तहत दक्षिण राज्यों की जन भावनाओं को हिंदी के विरुद्ध खड़ा कर इस तवे को गर्म कर हमेशा राजनीतिक रोटी सेंकी गई है। सोचनीय विषय है कि इन्हें सात समुंदर पार से आई अंग्रेजी भाषा स्वीकार है पर अपने देश की भाषा हिंदी स्वीकार्य नहीं है। चाहे हम स्वीकार करें अथवा ना करें पर हकीकत यही है कि हमारे देश में आज अंग्रेजी सफल, संपन्न, शिक्षित, आभिजात्य वर्ग की भाषा के रूप में स्थापित हो गई है। हिंदी भाषी कितना भी पढ़ा लिखा उच्च शिक्षित क्यों ना हो पर उसे जगह-जगह पर दोयम दर्जे का नागरिक होने का सप्रयास एहसास दिलाया जाता है। कुछ उदाहरणों से यह और ज्यादा स्पष्ट होगा। विमान पत्तन पर टिकट खिड़की पर तैनात व्योमबालाओं से अगर आपने हिंदी में बात शुरू की तो उनके भाव भाव एवं प्रतिक्रिया से आपको भली-भांति समझ में आ जाएगा कि आपकी हिंदी ने आपको बलपूर्वक दूसरे पायदान पर खिसका दिया है। वहीं अगर कोई दूसरा यात्री जब कॉन्वेंटी अंग्रेजी में अपने वार्तालाप की शुरुआत करता है तो उसे अनायास प्रथम प्राथमिकता का दर्जा मिल जाता है। बहुत संभावना इस बात की होती है की दोनों को हिंदी आती है और कई बार यह वार्तालाप अंग्रेजी में शुरू होने के बाद दोनों ही सुविधानुसार हिंदी पर उतर आते हैं, पर इससे उसकी प्राथमिकता क्रम में कोई अंतर नहीं आता। इन हवाईअड्डों की किताब की दुकानें तो मुझ जैसे हिंदी-भाषी को हताशा और कुंठा में भर देती है। यहां आलमारियों में सलीके से सजा विश्व का प्रतिनिधि साहित्य के साथ ही लगभग हर विषय पर पुस्तकें मौजूद हैं, पर सब कुछ केवल अंग्रेजी में। यहां इक्की-दुक्की हिंदी पत्रिकाओं और दो चार तथाकथित बेस्टसेलर हिंग्लिश उपन्यासों के अलावा पूरा का पूरा हिंदी साहित्य पूरी तरह नदारत है। पिछले 25 सालों से इन दुकानों में नियमित रूप से जाता रहा हूं और हर बार हिंदी की ज्यादा पुस्तकें भी रखने का अनुरोध करता रहा हूं। इनके तयशुदा जवाब आज भी वही है जो 25 साल पहले थे कि हिंदी

> क्षेत्रीय बोली-भाषाओं का संरक्षण, संवर्धन व विकास होना ही चाहिए, पर यह सब 'राष्ट्रभाषा' की कीमत पर कदापि नहीं।

किताबें लोग खरीदते ही नहीं तो रखने से क्या फायदा और दूसरा यह कि उनकी कंपनी के उच्च अधिकारी हिंदी की किताबें रखवाते ही नहीं। यह तो वही बात होगी पहले मुर्गी या अंडा? भाई हिंदी की किताबें दुकान में रखोगे ही नहीं, दिखेंगी ही नहीं, तो बिकेंगी कैसे ? एक और कारण जिसकी और अभी कम ध्यान गया है वह है 'हिंग्लिश' जो कि हिंदी को बहुत तेजी से और बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है। जरा देखिए कौन है वह लोग जो हिंदी को हिंग्लिश बनाने में जुटे हैं।

ब्रेकिंग-न्यूज़ वाले लगभग सभी टीवी चैनल अपनी हिंदी को हिंग्लिश बनाने में जुटे हुए हैं,, आखिर 'ब्रेकिंग-न्यूज़' को 'नवीनतम-समाचार' अथवा 'ताजा-खबर' भी तो कहा जा सकता था। वर्तमान दौर के तथाकथित बेस्टसेलर युवा लेखकों ने भी हिंदी को हिंग्लिश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्मों ने भी हिंदी को पूरे देश में लोकप्रिय बनाने, तथा इसके विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया था। आज दक्षिण भारत के बहुसंख्य लोग अगर हिंदी समझ पाते हैं, तो उसका एक प्रमुख कारण हिंदी फिल्में हैं। पर आज के समय में इन हिंदी फिल्मों में अंग्रेजी भी एक प्रमुख किरदार बनकर उभरा है। आज की दौर की फिल्मों में पढ़े-लिखे प्रेमी प्रेमिका,पति-पत्नी तथा ज्यादातर किरदार प्राय अंग्रेजी में झगड़ते नजर आते हैं, और गालियां तो शत-प्रतिशत अंग्रेजी ही प्रयुक्त होती है। वैसे इसको लेकर कोई अफसोस हिंदी को नहीं होना चाहिए। आजकल कई बार फिल्मों में हास्य उत्पन्न करने के लिए शुद्ध हिंदी के कठिन वाक्यों व अप्रचलित शब्दों का प्रयोग किया जाता है, यह हिंदी का उपहास ही तो है। एक समय हिंदी की पत्रकारिता तथा हिंदी समाचार पत्र हिंदी को लोकप्रिय तथा समृद्ध बनाने के एक प्रमुख साधन थे। परंतु अब मामला एकदम उलट है । बड़े शहरों को छोड़ दें तो छोटे मझोले शहरों, कस्बों के 'हाकर' ही आज पत्रकार बन गए हैं। इनमें से ज्यादातर का लिखने-पढ़ने से कोई खास वास्ता नहीं होता। इन हाकरनुमा आंचलिक पत्रकारों में गजब का भाईचारा होता है। इनमें से कोई एक जो थोड़ा बहुत लिख पढ़ लेता है वो अपनी लूली लंगड़ी हिंदी में समाचार बनाकर सभी भाइयों को समभाव बांट देता है, जिसे सब ऊपर भेज देते हैं, आगे इसे थोड़ा बहुत सुधार कर और समयाभाव में कभी-कभार जस का तस पाठकों को परोस दिया जाता है। कई बार ये समाचार व्याकरण के बंधनों से पूरी तरह मुक्त होते हैं। हिंदी को नुकसान पहुंचाने में इनका भी कम योगदान नहीं है। इधर हमारे अंग्रेजी मीडियम पब्लिक स्कूलों, कॉन्वेंट स्कूलों से पढ़ लिख कर निकल रही नई पीढ़ियां बहुत तेजी से हिंदी से हिंग्लिश की ओर बढ़ चलीं हैं। विचारणीय प्रश्न यह है की क्या यह फिसलन हिंदी से हिंग्लिश से होते हुए अंत में इंग्लिश पर ही जाकर रुकेगी ? क्या संविधान द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देकर इसे संरक्षित संवर्धित किया जा सकता है ? और इसमें हिंदी साहित्यकारों तथा हिंदी की पत्र पत्रिकाओं की क्या भूमिका होनी चाहिए ? प्रश्न कई है और यह एक लंबी बहस का विषय है। एक और कम चर्चित पर महत्वपूर्ण विषय है। स्वतंत्रता के बाद बोली भाषा के आधार पर राज्य बनाए गए। कालांतर में वोट की राजनीति एवं बेहतर प्रशासन की दृष्टिकोण से अन्य कई नये राज्यों का भी गठन हुआ। सभी राज्यों ने अपनी क्षेत्रीय पहचान व आंचलिक अस्मिता को सुदृढ़ बनाने स्थानीय बोली भाषाओं को महत्व दिया जो कि जरूरी भी था। इससे एक कदम आगे बढ़कर राज्यों ने राज्य की बहु प्रचलित बोली अथवा भाषा को प्रदेश की राजभाषा का दर्जा भी दे दिया। प्रथम दृष्टया इसे स्थानीय बोली-भाषा के संरक्षण एवं विकास के रूप में देखा जा सकता है। किंतु प्रकारांतर से यह यब हिंदी को न केवल गंभीर नुकसान पहुंचा रही है बल्कि एक सक्षम राष्ट्रभाषा के विकास के मार्ग का भी सबसे बड़ा रोड़ा है। उदाहरण के लिए छत्तीसगढ़ को ही ले लीजिए । 2001 में छत्तीसगढ़ नया राज्य बनने के बाद कालांतर में छत्तीसगढ़ी बोली को वोटो की राजनीति के तहत राजभाषा घोषित कर दिया गया। जबकि यह केवल राजधानी रायपुर के जिले की ईर्द-गिर्द की कुछेक जिलों में ही बोली जाती है। सरगुजा तथा उससे लगे जिलों की बोली एकदम अलग है। बिलासपुर तथा उससे लगे जिलों की बोली भी अलग है। इतना ही नहीं इस प्रदेश का सबसे बड़ा क्षेत्र अर्थात बस्तर के केशकाल घाट से लेकर कोंटा तक तीन सौ किलोमीटर लंबे तथा लगभग सौ किलोमीटर चौड़े लगभग पच्चीस हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में यह राजकीय भाषा छत्तीसगढ़ी बोली ही नहीं जाती। बल्कि यहां हल्बी, गोंडी, भतरी, दोरली आदि जनजातीय बोलियां बोली जाती हैं। यह रियासत काल में यहां की संपर्क भाषा हल्बी थी। आजादी के बाद इस जनजातीय क्षेत्र की संपर्क भाषा हिंदी रही है। अब यहां पर राजभाषा के रूप में राजधानी की बोली छत्तीसगढ़ी को थोप दिया गया है। हाल में 14 सितंबर को जब हिंदी दिवस पड़ा तो इसी समय क्षेत्रीय अस्मिता को उभरने के दृष्टिकोण से तथा वोट की सुनिश्चित राजनीति के तहत एक क्षेत्रीय त्यौहार पोलातिहार के लिए अवकाश की घोषणा कर दी गई। हिंदी दिवस मनाने वाले साहित्यकार 'पोला-तिहार' मनाने में लग गए। आधे अधूरे मन से यहां वहां छुटपुट हिंदी-दिवस मनाने की औपचारिकताएं पूरी हुईं। अब कुछ दिनों बाद 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया जाना है। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई हैं। राज्य शासन द्वारा मनाए जा रहे इस समारोह से जुड़े सारे के सारे साहित्यकार आश्चर्यजनक रूप से वही हैं जो हिंदी के भी वरिष्ठ साहित्यकार माने जाते हैं। अब राज्य की राजधानी मंत्रालयों तथा सरकारी कार्यालय में छत्तीसगढ़ी बोलने पर जोर दिया जा रहा है। नौकरी के लिए छत्तीसगढ़ी को अनिवार्य कर दिया गया है। साक्षात्कारों में छत्तीसगढ़ी के प्रश्न अनिवार्य हैं। जाहिर है हल्बी, गोंडी दोरली भतरी बोलने वाले बस्तर के प्रतियोगी पिछड़ेंगे ही।

राजधानी के कार्यक्रमों, जनसभाओं में वक्ता सप्रयास छत्तीसगढ़ी बोलने का अभ्यास कर रहे हैं। जाहिर है जिस मंच से अधिकांश लोग छत्तीसगढ़ी में बोलेंगे वहां बस्तर से गया कोई वक्ता अगर हिंदी में बोलेगा तो उसे बाहरी होने का एहसास होगा भी और दिलाया भी जाएगा । इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी के राजभाषा के सिंहासन पर आरुढ होने के कारण उपेक्षित हो रही बस्तर की हल्बी, गोंडी, भतरी दोरली आदि बोलियों के भी दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण की आवश्यकता है। क्योंकि किसी एक बोली-भाषा के मिट जाने से उस समुदाय का सदियों सदियों से संचित अनुभवजनित परंपरागत ज्ञान,कला तथा लोकसाहित्य भी मिट जाता है। यह मानवता की एक अपूरणीय क्षति होती है। इसलिए इन्हें विलुप्त होने से हर हाल में बचाया जाना चाहिए। कुल मिलाकर ऐसी स्थिति बननी चाहिए, कि क्षेत्रीय बोली भाषाओं का पर्याप्त संरक्षण संवर्धन व विकास होना ही चाहिए पर यह सब 'राष्ट्रभाषा' की कीमत पर कदापि नहीं होना चाहिए।

आस्था, शांति और एकता का आह्वान

> ईश्वर में आशा और विश्वास की सकारात्मक भावना हमारी भलाई के लिए आवश्यक है।

राधानाथ स्वामी महाराज
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)

भागवत गीता श्लोक (बीजी 8.15) में कहा गया है, कि दुनिया जीवित प्राणियों के लिए अग्निपरीक्षा और बेचैनी का स्थान है। इसके अलावा, यह प्रकृति (आदि-देविका), समाज (आदि-भौतिक), और शरीर और मन (अध्यात्मिक) द्वारा उत्पन्न होने वाली परेशानियों की शैलियों को रेखांकित करता है। क्या असुविधा का कारण आक्रोश, कड़वाहट और क्रोध उत्पन्न होता है? क्या यह पीड़ित मानसिकता का आह्वान करता है? क्या दुनिया की जन्मजात परेशानियों के पास हिंसा करने, पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता पैदा करने और दुश्मनी फैलाने का लाइसेंस है?

मनुष्य शांति और सद्भाव में रहने के लिए तत्पर हैं, लेकिन फिर भी हम व्यक्तियों, परिवार, दोस्तों और राष्ट्रों के बीच झगड़े देखते हैं। ऐसे झगड़ों/युद्ध के पीछे अंतर्निहित कारण किसी भी संभावित संवाद की स्पष्ट विफलता को दर्शाता है, लेकिन इससे भी अधिक यह इस लड़ाई/युद्ध में सीधे तौर पर शामिल किसी व्यक्ति या नेताओं के असली चरित्र को उजागर करता है। भगवद गीता 16.4 में कहा गया है; पाखंड, अहंकार, दंभ, क्रोध, कठोरता और अज्ञानता अज्ञान से ग्रस्त व्यक्ति के लक्षण हैं। और, ये झगड़े/युद्ध व्यक्तियों/नेताओं के दिलों में बैठे गहरे काले गुणों को उजागर करते हैं, जो मानवता के दुर्भाग्यपूर्ण अमानवीयकरण का कारण बनते हैं।

ऐतिहासिक, वैश्विक और पीढ़ीगत रूप से हर लड़ाई/युद्ध अच्छे इरादे वाले और गैर-अच्छे इरादे वाले लोगों या समूहों के बीच परस्पर विरोधी विचारधाराओं के कारण लड़ा गया है। परन्तु लोग आध्यात्मिक ज्ञान से रहित हैं; बिना ज्यादा सोचे-समझे अपनी स्वार्थी विचारधाराओं को आगे बढ़ाने के लिए मनमौजी, सहज

और भावनात्मक रूप से कार्य करें। इसके अतिरिक्त, जब लोग दिन में 20 बार यह विश्वास करने लगते हैं कि वे %सही% हैं, तो यह बात उनके दिमाग में बैठ जाती है। वे (छद्म) भगवान के रूप में कार्य करते हैं और अपनी अज्ञानता को बेशर्मी से प्रदर्शित करते हैं, जिससे कई लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वे यह पहचानने में असफल रहते हैं कि, मूल रूप से, प्रत्येक प्राणी आध्यात्मिक पहचान (नास्ततमनो) में समान है। अहंकार और अज्ञानता में डूबे हुए वे जीवन की पवित्रता को समझने में विफल रहते हैं, और इस प्रकार गैर-लाभकारी, विनाशकारी कार्य (अग्र कर्म) में संलग्न होते हैं, जिससे सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक बर्बादी (क्षय जगत) होती है। सच्ची महानता क्षमा, त्याग और जीवन के उच्च उद्देश्य, शांति और सद्भाव के लिए समझौता करने में निहित है। यदि ये वे मूल्य नहीं हैं जो हमें प्रेरित करते हैं; यह अन्यथा कैसे हो सकता है? लचीलापन और क्षमा को बढ़ावा देने वाली आध्यात्मिकता के अभाव में, लोग स्वाभाविक रूप से अंतहीन प्रतिशोध के खूनी चक्र में फंस जाते हैं। एक सामाजिक विचारक के प्रश्न के रूप में, पार्टियों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए प्रति मील कितने जीवन अंततः काम आएंगे? यदि दांत के बदले दांत और आंख के बदले आंख की नीति अपनाई जाए तो पूरा समाज अंधा और दांत विहीन हो जाएगा।

कृष्ण चेतना का सर्वोत्कृष्ट संदेश, महत्वपूर्ण समय में ईश्वर में आशा, अर्थ और विश्वास की सकारात्मक भावना का आह्वान करता है। ऐतिहासिक रूप से, कंस ने एक ईश्वरविहीन राज्य चलाया और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए छल, भय और बल का उपयोग करके समाज में कहर बरपाया। पीड़ा को शांत करने के लिए, भगवान कृष्ण दुनिया के अंधेरे के बीच बिजली के रूप में प्रकट हुए और कंस को निष्क्रिय कर दिया, जो मोक्ष से परे अज्ञानता की भावना से ग्रस्त था। वर्तमान में, भगवान की यह विद्युत शक्ति गीता के ज्ञान के रूप में, हमारी पहुंच के भीतर अभी भी सुलभ है। सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक विविधताओं के बावजूद, गीता का आध्यात्मिक ज्ञान हमें अपने जीवन को स्वार्थी और अदूरदर्शी उद्देश्यों से परे एक उच्च उद्देश्य की ओर उन्मुख करने की शक्ति देता है। इस उच्च उद्देश्य को विश्व नेताओं और नागरिकों के दिल में रखने की जरूरत है, जो क्षमा, धैर्य, सादगी, अहिंसा, सच्चाई और क्रोध से मुक्ति जैसे सार्वभौमिक गुणों द्वारा निर्देशित हों।

ज्ञान से प्रेरित होकर और व्यक्तियों के रूप में अपने जीवन में ऐसी अनुकूल विशेषताओं को एकीकृत करके, हम एक सकारात्मक शक्ति बनने के लिए आध्यात्मिक रूप से सशक्त महसूस करते हैं, जो ईश्वरविहीन सभ्यता की अराजकता के बीच व्यवस्था लाती है और विश्वास, शांति और एकता के साथ मानव दिलों के बीच विभाजन को पाटती है।

आप की बात

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

कांग्रेस का दुःख

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मुझे दुःख है कि कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं को आरक्षण नहीं दे सकी। पहली बात तो यह है कि आखिर कांग्रेस क्यों सोती रही बरसों तक? फिर अब चिड़ियाँ चुग गई खेत तो प्रलाप करने से क्या होगा? मोदी सरकार जागी और उसने महिला आरक्षण बिल खुद के साथ ही विपक्ष से भी पास करवा लिया। जहाँ आपका 70 साल का अनुभव काम न आया वहां 7-8 की साल की अवधि में ही मोदी सरकार ने अनेक अटके हुए दुर्लभ कामों को चुटकी में निपटा दिया। जहां तक जातीय गणना की मांग का सवाल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जातियों के नाम पर कुछ लोग अमीर बनते हैं और आरक्षण के लाभ अपनी ही जातियों के गरीबों को नहीं पहुंचने देते हैं। अलग-अलग जातियों के पैरोकार रहे अनेक भ्रष्टाचार में गले तक डूबे नेताओं की असलियत जनता को पता चल गई है। अब जातीय जनगणना की मांग कर रही कांग्रेस दशकों तक मंडल रिपोर्ट पर कुंडली मारे बैठी रही, जबकि मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। भारत में जातीय अलगाव व भेदभाव समाप्त करने की जरूरत है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

चुनाव सुधार

टी.एन. शेषन द्वारा किए चुनाव सुधार और उनकी कार्यशैली आज भी कुछ लोगों के मन पर अंकित है। शेषन ने चुनाव में होने वाले खर्च पर काफी अंकुश लगा दिया था। लेकिन अब फिर से प्रत्याशी चुनाव में अनाप-शनाप खर्च के हथकंडे अपनाने लगे हैं। ग्राम पंचायत सदस्य बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। अब सामान्य जन में अवधारणा घर कर गई है कि अनेक लोगों के लिए अपनी काली कमाई का निवेश करने हेतु चुनाव एक अच्छा माध्यम है। सवाल केवल असीमित खर्च का ही नहीं प्रत्याशियों के चरित्र और शिक्षा का भी है। एक आठवीं पास विधायक जब कर्तव्यनिष्ठ आईएएस का अपमान करता है तो लगता है कि लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की जरूरत है। इसके साथ ही एक व्यक्ति के द्वारा एक से अधिक स्थानों से चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। विधायिकाओं को अपराधियों व धनपशुओं से मुक्त कराने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि नए संसद भवन में बैठने वाले सांसद इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाएंगे।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

जेलेन्स्की की हिम्मत

यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की की हिम्मत एवं साहस को सलाम करना चाहिए जिन्होंने अपने से 20 गुना बड़े रूस की आक्रामकता एवं अत्याचार का न सिर्फ डट कर सामना किया है, बल्कि अंतिम सांस तक लड़ने का हौसला उनमे कूट-कूट कर भरा हुआ है। विगत डेढ़ साल से उन्होंने बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में रुसी निष्ठुरता एवं कत्लेआम का सामना निडरता के साथ किया है। उनकी इसी हिम्मत के कारण आज समूचा पश्चिमी समुदाय एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। राष्ट्रसंघ की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करने के बाद व्हाइट हाउस पहुंचकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बैठक की और उसके बाद कनाडा की संसद को संबोधित किया। तीनों स्थानों पर उन्होंने कहा कि अगर इस धरती पर लोकतंत्र एवं आज़ादी को बचाना है तो मास्को को एक बार और हमेशा के लिए हारना ही होगा। उसकी पराजय इसलिए जरूरी है ताकि दुनिया में किसी भी बेकसूर राष्ट्र को नरसंहार जैसी ज्यादतियों से बचाया जा सके। रूस, चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती एकजुटता से स्पष्ट है कि आज तानाशाही शक्तियां पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को उसी प्रकार चुनौती दे रही हैं जिस प्रकार हिटलर ने दी थी। इस स्थिति से निपटना सबके लिए जरूरी हो गया है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नहीं है बन पाया अभी तक 7185 आवास भवन

जनपद और जिला पंचायत में पर्याप्त कर्मचारी होने के बावजूद प्रशासनिक कमजोरी बनी सबसे बड़ी समस्या

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास के लक्ष्य 32,724 स्वीकृति के बाद भी 7185 आवास जिले में आज भी अपूर्ण है, 19 सितंबर को कलेक्टर पी एस एल्मा ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को ज्ञापन जारी कर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगति लाने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

वही जिले के सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास की एंट्री पोर्टल में नहीं होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया है। कलेक्टर एल्मा ने प्रधानमंत्री आवास के कार्य जिले में संतोषजनक नहीं होने पर जिले से सभी अनुविभागीय अधिकारीयो के अंतर्गत स्वीकृत एवम अपूर्ण आवास के संबंध में एक सप्ताह के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक बेमेतरा जिले में कुल 32,724 ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से बेमेतरा अनुविभाग के अंतर्गत 8315,बेरला अनुविभाग के अंतर्गत 5712, नवागढ़ अनुविभाग के अंतर्गत 12029 एवं साजा और विभाग के अंतर्गत 6670 आवास शामिल है। जिसमें से बेमेतरा अनुविभाग में प्रगति शून्य है, इसी प्रकार बेरला अनुविभाग में लक्ष्य के अनुसार तीन आवास की ही प्रगति है, इसके अलावा नवागढ़ में चार तथा साजा अनुविभाग में प्रधानमंत्री आवास की निर्माण कार्य की प्रगति जीरो है। आज की स्थिति में बेमेतरा अनुविभाग के अंतर्गत 1512 आवास की कोई प्रगति नहीं है, इसी प्रकार बेरला में 1375 आवास, नवागढ़ में 2916 तथा साजा में 1382 आवास अपूर्ण है। इस तरह से बेमेतरा जिले में कुल 7185 आवास अपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास कार्य के लिए विशेष तौर पर जनपद कार्यालय एवं जिला जनपद कार्यालय में पर्याप्त कर्मचारीयो की ड्यूटी लगाई गई है। आवास निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास पोर्टल में प्रगति के संबंध में एंट्री किया जाना है।इसके पश्चात ही खातेदार हितग्राही के अकाउंट में आवास निर्माण के लिए पैसा पहुंचाने के पश्चात मकान निर्माण कार्य प्रगति पर होगा लेकिन ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास को लेकर किसी भी प्रकार की एंट्री का कार्य नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने विशेष तौर पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को जनपद पंचायत से समन्वय कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण में प्रगति लाने के लिए कहा है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद अभी तक जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर ग्राम पंचायतो को किसी भी प्रकार का कोई परिपत्र जारी नहीं हो पाया जबकि ग्राम पंचायतो में वर्षों से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण आधा अधूरा पड़ा हुआ है। आए दिन हितग्राही आवास निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत, जनपद और जिला पंचायत तक चक्कर लगाकर थक हार चुके हैं ,लेकिन वर्षों से बंद पड़े आवास निर्माण का काम पुनः प्रारंभ नहीं हो पाया।


कार्यालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

उपलब्ध संसाधन के अनुसार प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य के लिए प्रगति की जा रही है, दो दिनों के भीतर 111 नए आवास की एंट्री की गई है। सतत मॉनिटरिंग के लिए जिले के समस्त एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।और जनपदो के सीईओ को प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में प्रगति नहीं आने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय अवधि के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।
कलेक्टर, पी एस एल्मा, बेमेतरा

कलेक्टर ने जिम्मेदारी सौंपी जिले के एसडीएम को मॉनिटरिंग के लिए

पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की प्रगति कार्य में पिछड़ जाने के बाद कलेक्टर ने 19 सितंबर को आदेश जारी कर जिले के समस्त एसडीएम को प्रधानमंत्री आवास निर्माण की प्रगति लाने के लिए मॉनिटरिंग करते हुए पंचायत के सचिवों को दिशा निर्देश देकर स्वीकृत आवास निर्माण को प्रधानमंत्री आवास के पोर्टल में एंट्री करने के लिए विशेष तौर पर निर्देश जारी किया है। ताकि समय पर आवास का पोर्टल में एंट्री हो सके ताकि निर्माण कार्य में प्रगति आए कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर ग्राम पंचायत के सचिवों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर ने जारी किया जनपद सीईओ को कारण बताओं नोटिस जारी

जनपदों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास की मॉनिटरिंग तथा निर्माण कार्य की प्रगति देखने के लिए विशेष तौर पर संविदा कर्मचारियों के नियुक्ति के बाद भी जनपद क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं आने पर जिले के चारों जनपद सीईओ को कलेक्टर एल्मा ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है, कलेक्टर एल्मा ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में हो रहे विलंब एवं प्रगति में पिछड़ जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही शासन के पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए हैं समय पर कार्य नहीं होने पर जनपदो के सीईओ के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी है।

बीजेपी ले सकती है बड़ा फैसला, डौंडीलोहारा से बदला जा सकता हैं प्रत्याशी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

नवंबर माह में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 21 नामों पर मुहर लगाई गई है। सामने आ रहा है कि बालोद जिले की अजजा विधानसभा सीट पर बीजेपी अपने प्रत्याशी को बदल सकती है। नए चेहरे की जगह पुराने को टिकट दिया जाएगा। बता दें कि बालोद जिले में 3 विधानसभा सीट हैं। पार्टी ने डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र से देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी घोषित किया है।

भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रत्याशी का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। जिसको देखते हुए पार्टी की नजरें टेढ़ी हो गई है। कहा जा रहा है कि इस विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी अपना प्रत्याशी बदल सकती है। अब पार्टी के लोगों को दूसरी सूची का इंतजार है। जीतने वाले प्रत्याशियों की तलाश भारतीय जनता पार्टी गाइडलाइंस के अनुसार लगातार कर रही है।

पार्टी नेताओं को रास नही आ रही उम्मीदवारी

इस मामले में भाजपा के बड़े नेता भले ही सब कुछ ठीक होने की बात कहें मगर डौंडीलोहारा विधानसभा में भाजपा में अंतर्कलह अब खुलकर सामने आ गई है। उम्मीदवारी की घोषणा बाद देवलाल ठाकुर क्षेत्र का दौरा कर रहे। लेकिन उनके दौरे पर पार्टी पदाधिकारी और नेता शामिल नही हो रहे। इसे इस बात से जोड़कर देखा जा रहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जिले के नेताओं को उनकी उम्मीदवारी रास नही आ रही।

महिला प्रत्याशी उतार सकती है पार्टी

ऐसे में संभव है कि इस बार पार्टी देवलाल के बजाय किसी ऐसे प्रत्याशी पर दांव खेल सकती है। जो महिला हो और भारतीय जनता पार्टी को विचारधारा के साथ ज्यादा फिट बैठता हो। ऐसे कुछ महिला दावेदार इस वक्त विधानसभा क्षेत्र के अलावा रायपुर पार्टी कार्यालय में काफी सक्रिय हैं। सूत्रों के मुताबिक अनिता कुमेटी, भुवनेश्वरी ठाकुर, छाया टेकाम सहित एक दो और नाम संभावितों में शामिल हैं।

प्रत्याशी का हो रहा खुलकर विरोध

डौंडीलोहारा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर का विरोध अब खुलकर सामने आ चुका है। परिवर्तन यात्रा के दौरान प्रदेश स्तर के भाजपा नेताओं को कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ता यहां पर भाजपा प्रत्याशी के चयन को गलत बता रहे हैं। पार्टी नेताओं का आरोप है, कि भाजपा ने डौंडीलोहारा विधानसभा में एक ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जो 1 साल पहले भाजपा में शामिल हुए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है, कि देवलाल ठाकुर न तो पार्टी के विचारधारा से सरोकार रखते हैं, और न ही इनका पारिवारिक बैकग्राउंड भाजपा का है,और ना ही इन्होंने कभी भाजपा को कभी वोट नहीं दिया है। पार्टी के रीति नीति से परे व्यक्ति को भाजपा अपना उम्मीदवार घोषित किया है। ऐसे में विरोध होना लाजमी हैं। नाम न छापने की शर्त पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि पार्टी ने टिकट नहीं बदला तो निश्चित रूप से हार होगी।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बेमेतरा द्वारा नारी शक्ति वंदन विधायक 2023 का किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान से एवं जिला भाजपा संगठन के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष ललिता साहू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापन किया लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन, विधेयकबिल पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोक सभा एवं राज्यसभा में पूर्ण बहुमत से नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 में पास हुआ मोदी सरकार द्वारा नारी को सशक्त करने के लिए निरंतर कई योजना चलाया जा रहा है जैसे उज्ज्वला योजना नल जल योजना महिला स्वालंबन आवास योजना पोषण आहार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खाद्यान्न योजना पोषण आहार शौचालय निर्माण अनेक योजनाओं से महिलाओं की मान सम्मान बढ़ाया है महिला आरक्षण विधेयक से आज संपूर्ण देश की महिलाएं गौरवान्वित है आजादी के अमृत कल मैं यह बिल आजादी के स्वर्णिम काल की ओर देश को अग्रसर करने में महिलाओं को भूमिका विशेष होगी इस ख़ुशी में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आतिशबाजी एवं मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रहलाद रजक प्रदेश मीडिया प्रभारी निशा चौबे प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रीना साहू प्रदेश कार्य समिति के सदस्य लक्ष्मी साहू प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मधु राजपूत जिला महामंत्री मधु राय बेमेतरा जिला मंत्री जामिन बछौर बबीता रोहरा शहर मंडल अध्यक्ष हेमलता शर्मा बेमेतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू खण्डसरा मंडल अध्यक्ष खेमीन साहू थान खमरिया मंडल अध्यक्ष नमिता सिन्हा बेमेतरा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमिला साहू महामंत्री ममता साहू, सीता निषाद प्रमिला वर्मा उर्मिला वर्मा रामबाई यादव फरीदा बेगम मधु वर्मा वाटिका साहू कविता साहू गायत्री सोनी सरस्वती साहू सोनवती कु शिवानी यादव सैकड़ो महिलाएं जिला एवं मंडल स्तरीय उपस्थित रहे।

नेवनारा में युवा मितान क्लब के द्वारा प्रगति यात्रा निकाली गई

बेमेतरा। बाजार चौक नेवनारा से राजीव युवा मितान क्लब के साथियों द्वारा प्रगति यात्रा निकाला गया। जिसका मूल उद्देश्य सरकार की योजनाओं से लोगों को क्या लाभ मिले हैं वह बतलाना था और अपनी प्राचीन खेल संस्कृति को आगे किस प्रकार बढ़ाया जाए इस विषय को लेकर आए। यह प्रगति यात्रा नेवनारा बाजार चौक से प्रारंभ की गई थी जो राजेश साहु राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस के अध्यक्ष बेमेतरा विधानसभा के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जिसमें चार गांव के लोग राजीव युवा मितान क्लब के उपस्थित हुए चार गांव, हसदा से देवादा , सांकरा में यह यात्रा समाप्त हुई इस दौरान राजेश साहू और भीखम साहू द्वारा संगठित करने और युवा मितान राजीव युवा मितान के सदस्यों को यात्रा के दौरान निर्देश दिए गए इस अवसर पर देवादा अध्यक्ष चंद्र कुमार परगनिया इनके साथ नेम सिंह साहू, हरीश बंछोर, सालिक बंछोर, विनोद परगनिया एवं सांकरा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने राजीव युवा मितान के साथियों का अभिनंदन किया गया।

डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मनाया गया रामधारी सिंह दिनकर जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ दाढ़ी
www.dailypioneer.com

डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी आज बड़े उत्साह के साथ विद्यालय में रामधारी सिंह दिनकर जी को याद करते हुए उनकी जयंती मनाई। स्कूल के संस्था के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने सर्वप्रथम रामधारी सिंह दिनकर जी की छायाचित्र में माल्य व पुष्पगुच्छ अर्पित करते हुए? मन्त्र, गायत्री मंत्र उच्चारण व डी ए वी गान के साथ विद्यालय में रामधारी सिंह दिनकर की जयंती कार्यक्रम का प्रारंभ किया हुआ। प्राचार्य जायसवाल ने बताया कि रामधारी सिंह 'दिनकर' का जन्म' आज ही के दिन 23 सितम्बर 1908 को हुआ था। दिनकर जी हिन्दी के एक प्रमुख लेखक, राष्ट्रकवि व निबन्धकार हैं, वे आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप में स्थापित हुए हैं। राष्ट्रवाद अथवा राष्ट्रीयता को इनके काव्य की मूल-भूमि मानते हुए इन्हे 'युग-चारण' व 'काल के चारण' की भी संज्ञा दी गई है। जायसवाल बताते हैं कि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी स्वतन्त्रता पूर्व एक विद्रोही कवि के रूप में स्थापित हुए और स्वतन्त्रता के बाद 'राष्ट्रकवि' के नाम से जाने गये। वे छायावादोत्तर कवियों की पहली पीढ़ी के कवि है। एक ओर उनकी कविताओं में ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रान्ति की पुकार थी तो दूसरी ओर कोमल श्रृंगारिक भावनाओं की अभिव्यक्ति थी। इन्हीं दो प्रवृत्तियों का चरम उत्कर्ष हमें उनकी कुरुक्षेत्र और उर्वशी नामक कृतियों में मूलरूप से मिलता है।

दिनकर को अनेकों उपाधि से भी अलंकृत किया गया है उनकी पुस्तक संस्कृति के चार अध्याय के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा उर्वशी के लिये भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। अपनी लेखनी के माध्यम से वह सदा अमर थे, अमर है, व अमर रहेंगे। विद्यालय के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा एवं विद्यालय के चार हाउस जिसमें से दयानंद हाउस, श्रद्धानंद हाउस, विवेकानंद हाउस व महात्मा नंद हाउस के बच्चों ने दिनकर जी के जयंती के उपलक्ष्य में वीर रस की कविता पाठ, गीत, भाषण, प्रस्तुतियां दिए, संस्था के वरिष्ठ शिक्षकों में ललित देवांगन व ज्ञानेश्वर साहु ने दिनकर जी कि जीवनी पर विचार व्यक्त किए,ततपश्चात शांति पाठ करके हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

आयुष्मान भारत दिवस पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पांचवी वर्षगांठ व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कलेक्टर एल्मा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में आज कार्यशाला का आयोजन आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर किया गया कार्यशाला में हितग्राहियों और आमजन को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ मोबाईल एप्प से हितग्राही स्वतः ही कार्ड कैसे बना सकते हैं उसका विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया व आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक पंजीकृत चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार सुविधा प्रदान किया जाता हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत गंभीर बिमारियो हेतु 25 लाख तक निःशुल्क ईलाज प्रदान किया जाता है। इस हेतु भी हितग्राहियों के पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है।

शिक्षक ही विद्यालय और समाज को बनाता है स्वर्ग: छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडगिरी में आयोजित भूमि-पूजन लोकार्पण एवं सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुए। मां सरस्वती,छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ कर बस्ती पहुंच मार्ग 20 लाख, बाजार चौंक सिमेटीकरण 17.95,मंच निर्माण 2.33 लाख, सायकल स्टैण्ड निर्माण 03 लाख, मावलीभाठा में बस्ती पहुंच मार्ग 20लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन सहित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य 03 लाख़ रुपए का फीता काट लोकार्पण किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी गुरुजनों को बीच आकर आप सभी गुरुजनों का आशिर्वाद लेने का पुनीत अवसर मिला,डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाते है, राष्ट्रनिर्माण समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है, आज इस मंच में आप सभी गुरुजनों के सामने खड़े होकर भाषण दे रहा हु,उसके पीछे भी आप सभी गुरुओं का बड़ा योगदान है, आगे बढ़ने के लिए सबसे ज़्यादा ज़रूरी है,वातावरण तैयार करना है, आप सभी गुरुजन ईमानदारी और निष्ठापूवर्क अपने कर्तव्यों का पालन करते रहें जिससे की हमारे बच्चे आगे बढ़ते रहें,स्कूली बच्चों का भविष्य गढ़ने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुटे रहते है, शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान, शिक्षक एक अच्छे व्यवहार और नैतिक के व्यक्ति के लिए बहुत ही अच्छी तरह से विद्यार्थी को शिक्षित करता है, किसी भी देश के भविष्य का विकास शिक्षकों के हाथ में है,हम जीवन में क्या बनते है यह भी शिक्षकों पर निर्भर करता है,विकासखंड बेरला को शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी और राज्य में एक अलग पहचान बनाने हेतु हमेशा शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाता है और इस प्रोत्साहन की श्रेणी में विकासखंड के बेरला के प्रतिभावान बच्चे जो राज्य के विभिन्न खेलो एवं परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं उन्हें भी इस मंच के माध्यम से सम्मान प्रदान किया गया और इस सम्मान के माध्यम से बच्चे उत्साहित होकर आगे विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होकर विकासखंड और जिला का नाम रोशन करेंगे,शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न खेलों के क्षेत्र में भी विकासखंड बेरला का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिया जाता है जिसके अंतर्गत विभिन्न खेल हॉकी प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता ,एवं साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में हमारे क्षेत्र के बच्चे राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं उनका भी सम्मान इस मंच के माध्यम से संपन्न किया गया, शिक्षा के क्षेत्र में विकास खंड बेरला हमेशा अग्रणी और नवाचारों से हमेशा युक्त रहा है।

सेवा सहकारी समिति मेढ़की में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

रविवार को ब्लाक के सेवा सहकारी समिति मेढ़की, पंजीयन क्रमांक 189 में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, अध्यक्षता अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति बालोद भोलाराम देशमुख, विशेष अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति बालोद बसंत सोनबोईर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जनपद सदस्य बालोद शारदा सिन्हा, सीता साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बघमरा गजेंद्र ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत भोथली केशु राम गंधर्व, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद प्यारेलाल कोसरिया की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

विकास कार्य किसानो की सफलता : संगीता

सर्वप्रथम भगवान बलराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र में पूजा अर्चन करने के बाद लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें अनाज गोदाम 14 लाख, किसान कुटीर भवन 13 लाख 11 हजार, कार्यालय सह गोदाम निर्माण 24 लाख, सीसी रोड निर्माण 19 लाख, मुख्य मार्ग से समिति तक सीसी रोड 10 लाख 21 हजार, शेड निर्माण 19 लाख 50 हजार, मेढ़की मैदान में मिनी स्टेडियम निर्माण 52 लाख, बघमरा में शेड निर्माण 7 लाख, ओरमा में सीसी रोड निर्माण 19 लाख, ग्राम खरथुली में शेड निर्माण 10 लाख रुपए विकास कार्य सम्मिलित है। उक्त कार्य म में विधायक संगीता सिन्हा ने इन सभी विकास कार्य को किसानों की सफलता बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में भूपेश बघेल सरकार के किसान नीति के संबंध में सभी किसानों को अवगत कराया एवं आगामी विधानसभा में भूपेश बघेल के ऊपर फिर से भरोसा करने के लिए निवेदन किया। मंडी अध्यक्ष भोला राम देशमुख ने कृषि उपज मंडी के अपने अल्प कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की है, उनके विषय में किसानों को संबोधित किया एवं सहकारिता संग कांग्रेस के इतिहास के विषय में जानकारी दिया। उक्त कार्यक्रम में बालोद ब्लाक के विभिन्न समिति के प्राधिकृत अधिकारी गण एवं ग्राम बाघमारा, ग्राम मेढ़की, ओरमा, खरथूली, भोथली के किसान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भूषण श्रीवास्तव अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मेढ़की ने किया।

दानवीर भामाशाह गौरव सम्मान से साहू समाज की प्रतिभावानो का हुआ सम्मान

साहू समाज ने एकजुटता का दिया संदेश सम्मान समारोह में हजारों की संख्या में शामिल हुए पूरा समाज

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ कबीरधाम के द्वारा पुरानी उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह एवम सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम साहू समाज की इष्टदेवी मां कर्मा,दानवीर भामाशाह, भक्तिन राजिम माता और स्वामी जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर सम्मान समारोह की शुरुवात किया गया।इस दौरान कार्यक्रम की शुरुवात में रणजीतपुर के हे मां शारदे मानस मंडली के द्वारा शानदार सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद समाज के 100 से अधिक प्रतिभावान ऐसे छात्र छात्रा जिन्होंने बोर्ड एग्जाम की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके समाज का नाम रौशन किया ऐसे प्रतिभावानो को प्रशस्ति पत्र देकर समाज की ओर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही समाज के ऐसे महानुभाव जिन्होंने समाज के विशेष सहयोग के दान देने वाले 20 दानदाताओ का सम्मान व लोक कला एवं संकृति के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले कलात्मको को भी मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही समाज के विभिन्न पदों को संभालने वाले जिलाध्यक्ष,जिला महामंत्री और सभी तहसीलों के अध्यक्ष और महामंत्री सहित उनकी पूरी टीम को समाज में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ.सियाराम साहू ने दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा की जिस तरह महा दानवीर भामाशाह ने अपना तन मन धन सब समाज के लिए लगा दिया इसी प्रकार जो व्यक्ति समाज के लिए तन मन धन से अपना योगदान देते है ऐसे सामाजिक व्यक्तियो का सम्मान होना चाहिए। इसके साथ साथ जो हमारे भविष्य है उनका सम्मान हुआ ये बहुत सराहनीय है। साहू समाज का भविष्य उज्जवल है राजनैतिक दल भी हमारी एकता पर निर्भर है समाज में लड़ना बंद करके एक रहकर समाज में रहो हमे समाज और देश के लिए लड़ना है। प्रदेश भर में साहू समाज की संख्या सबसे अधिक है और जिले में भी समाज की संख्या सबसे अधिक है तो समाज को एक होकर काम करना पड़ेगा। विशिष्ठ अतिथि पूर्व सांसद लखन साहू ने सामाजिक लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान समारोह कार्यक्रम बेहद सराहनीय कार्यक्रम रहा जिस तरह प्रतिभावानों का सम्मान किया गया वो एक अच्छी पहल है जो हमारी समाज को आगे बढ़ा रहे जिन्होंने भूमिदान अंश दान समय दान पढ़ने वाले बच्चो का सम्मान और अलग अलग क्षेत्र में कार्य करने वालो का सम्मान हुआ उससे पूरा समाज गौरांवित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले शीतल साहू जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ कबीरधाम की ओर कार्यक्रम में शामिल होकर समाज की एकजुटता को दिखाने के लिए समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान विशिष्ठ अतिथि विष्णु साहू कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ,सीताराम साहू पूर्व संगठन महासचिव, नीलकंठ साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी कवर्धा, चोवाराम साहू उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी कवर्धा, रानू साहू पूर्व जिला अध्यक्ष जिला साहू,चतुर राम साहू, संरक्षक गुरु राम साहू संरक्षक, रमेश साहू संरक्षक, ईश्वर साहू संरक्षक, सुदर्शन साहू संरक्षक, भोलाराम साहू संरक्षक जिला साहू संघ, रामकृष्ण साहू उपाध्यक्ष, घनश्याम साहू प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीताराम साहू कोषाध्यक्ष, पुष्पा होंरी साहू, दशरथ साहू, विजय साहू, धरम साहू, वीरेंद्र साहू, जल्लू जलशेवर साहू, हरिश साहू, अनिल साहू, भागीरथी साहू, सुदर्शन साहू, मेखलाल साहू, सालिकराम साहू, मानसिंह साहू, छबीलाल साहू, गजपाल साहू, राधेश्याम साहू, अघन साहू,पतिराम साहू, उदेराम साहू,रामचरणसाहू, राजकुमारी साहू, जीवन साहू, खिलेशवर साहू, सनत साहू,मीडिया प्रभारी वेद साहू,दिलीप साहू,खेमराज साहू,जयराम साहू सहित जिले भर के सभी गावों सामाजिक गावो से हजारों की संख्या में साहू समाज के सामाजिक बंधु कार्यक्रम में सम्मिलित होकर करके समाजिक एक जुटता का दिया संदेश।

संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बेमेतरा जिले का रहा उत्कृष्ट प्रर्दशन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासन के मंशानुरुप छत्तीसगढ़ी खेल परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण राज्य मे क्लब स्तर, जोनस्तर, विकासखण्ड स्तर फिर जिला स्तर से चयनित होकर संभाग स्तर पर त्रिदिवसीय खेल आयोजन जो 15, 16, 17 सितंबर 2023 को दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के खेलगांव पुरई में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन हुआ जिसमें बेमेतरा जिला सहित कुल सात जिलो के 18 से कम, 18-40 तथा 40 से अधिक आयु वर्ग के महिला तथा पुरुष से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें बेमेतरा जिले के व्यक्तिगत खेलों में गांव भदराली के बिसाहू ध्रुव ने 100 मीटर दौड़, गेंड़ी दौड़ में विरेन्द्र मुरता, कुश्ती में आरती साहू साजा तथा संतोष नवागढ़ अव्वल रहे। दलगत खेलों में कबड्डी पुरुष वर्ग में पुटपुरा जोन, गिल्ली डंडा महिला वर्ग में भदराली जोन तथा बांटी, भूमिका एवं साथी नगर पंचायत मारो नवागढ़ से गिल्ली डंडा पुरुष वर्ग सनकपाट जोन बेमेतरा बांटी महिला बिरनपुर जोन साजा के प्रतिभागी प्रथम स्थान बनाने कामयाब रहे, जो रायपुर में आयोजित राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यक्तिगत खेल महिला वर्ग से फुगड़ी में तनिष्का, गेंड़ी में गिरजा, कुश्ती में हेमलता सभी ने द्वितीय स्थान हासिल किए। पुरुष वर्ग से रस्सीकूद में गोविंद तथा ऋषभ कुश्ती में राहुल, करण, योगेश तथा सुरज जबकि 100 मीटर दौड़ में नारायण यादव, गेंड़ी दौड़ मे संतोष दलगत प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग से कबड्डी में रानी निर्मलकर एवं साथी, पुरुष वर्ग में बांटी देशरण एवं साथी,द्वितीय स्थान बनाने में सफल रहे।

बसपा पार्टी को फिर बड़ा झटका लगभग 200 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में बसपा और अन्य पार्टी को फिर एक बड़ा झटका लगा है,,क्षेत्र के विभिन्न ग्राम के लगभग 200 बसपा एवँ अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया है। जैजैपुर के सेमरिया ग्राम में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कपिसदा, बंसूला, सेमरिया, पोड़ीशंकर, गतवा सहित सात गांवों के कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस प्रवेश किया है। प्रदेश महामंत्री विधिक प्रकोष्ठ कमल पटेल ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया है। लोगों की मानें तो क्षेत्र में पिछले दो पंचवर्षीय से बसपा के विधायक हैं,पर मूलभूत सुविधाओं एवम मांग को लेकर उनको काफी जद्दोजहद करना पड़ता है, कई बार विधायक झूठे आश्वासन मिलते रहे पर क्षेत्र में विकास कार्य अधूरा ही रहा है,इससे नाराज सेमरिया क्षेत्र के 200 लोगों ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर प्रदेश महामंत्री कमल पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश किया है। इस दौरान सामाज सेवी व विधि कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा किसान हितैषी काम कर रही है , चाहे धान खरीदी , गोधन न्याय योजना , कर्मचारियों के हित के लिए हो हमारी सरकार पूरी घोषणा के हर वादे को पूरी कर रही है।इस बार भी हमारी सरकार बनेगी , इस बार आप लोग भी जैजैपुर में कांग्रेस का विधायक बनाकर भेजेंगे, निश्चित ही मुझे पूरा विश्वास है , जिसकी कहीं भी कोई सरकार नहीं है वैसे बसपा के विधायक बनाने से क्षेत्र में कोई विकास नहीं होने वाली है। इस अवसर पर नारायण कश्यप, अधिवक्ता लोकेश चन्द्रा , रोहन साहू, रितेश,राजा, मनीराम कश्यप, रामकुमार शास्त्री, मुस्कान तिवारी, भावना साहू सहित महिलाएं व कांग्रेसी कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चोरी का डीजल खरीदने सहित चार आरोपी को बलौदा पुलिस ने किया गिरफ्तार

ट्रेलर वाहन को रोककर चाकू दिखाकर करते हैं डीजल लूट

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

ट्रेलर वाहन को रोककर चाकू दिखाकर डीजल लूट करने वाले तथा चोरी का डीजल खरीदने सहित 04 आरोपी को किया गिरफ्तार बलौदा पुलिस की कार्यवाही. आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर। पीमित कोर्राम पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष पता बोडेमुडा थाना खडगंवा जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी बोडेमुडा थाना खडगंवा जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी का जो ड्रायवरी का काम करता करता है जों रवि तिवरता जिला कोरबा वाले का ट्रेलर क्रमांक सी.जी. 10 बी.पी. 1301 को दीपका कोयला खदान से कोयला लोड कराकर कन्हाईबंद नैला जांजगीर जाने के लिए निकला था जो हिंद कोलवासरी बिरगहनी थाना बलौदा के पास रात्रि करीबन 12-01 बजे पहूंचा था कि वाहन ट्रेलर को राजकुमार खांडे निवासी बिरगहनी एवं उसके अन्य साथी के द्वारा प्रार्थी को डरा धमका कर चाकु दिखाकर ट्रेलर को रोकवाकर ट्रेलर के डीजल टेंक से 400 लीटर डीजल लूट कर ले गया है कि प्रार्थी की लिखीत रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। तत्काल पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले साहिल पाटले निवासी बुचीहरदी बलौदा, राजकुमार खाण्डे निवासी बिरगहनी, लखन जांगडे निवासी कोरबी एवं आरोपी हीतेश लहरे निवासी कोसा थाना मुलमुला को घेरा बंदी कर पकडे हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन गवाहन के समक्ष लिया गया जो दिनांक घटना समय को अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त ट्रेलर वाहन के डीजल टंकी के पाईप को काटकर कुल 11 जरिकेन डिब्बा 35 लीटर क्षमता वाली में भरकर कुल 385 लीटर डीजल को लूटकर ले जाना एंव लखन जांगडे निवासी लपेटपारा कोरबी थाना बलौदा के पास 23,000 हजार रूपये में बिक्री करना तथा बिक्री की रकम 2500-2500 रूपये 8 हिस्से में बाटना तथा ब्रेजा गाडी का अलग से 3,000 हजार रूपये मे हितेश लहरे को देना तथा घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार, एक नग धारदार बडा लोहे का चाकू, नगदी रकम 3500/रूपये लूट किये हुये कुल 11 जरिकेन डिब्बा 35 लीटर क्षमता वाली में भरकर कुल 385 लीटर डीजल किमती 38,000 रूपये को खरीददार लखन जांगडे से विधिवत पृथक -पृथक मुताबिक मेमोरण्डम कथन चारो आरोपियों से जप्ती की कार्यवाही किया गया है।

शास. प्राथ. शाला अमोदी के किचन गार्डन से निकलने लगी हरी हरी और ताजी सब्जियाँ

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जी हाँ! शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी मे शिक्षक गुलज़ार बरेठ की मेहनत रंग ला रही है और हरी - हरी और ताज़ी सब्जियां निकल रही है जिसको मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाये मध्यान्ह भोजन मे बच्चों के लिए उपयोग कर रहीं है ।

वैसे तो स्कूल मैदान पढ़ने - लिखने और खेलने के लिए होती है किन्तु बरसात के समय मे मैदान मे खरपतवार उग आते है , जिस पर शिक्षक गुलज़ार बरेठ रसोइयों के साथ मिलकर किचन गार्डन बनाने पर चर्चा किये। गाँव के ही ट्रेक्टर वाले से जुताई करवाकर उसमे बीज डाल दिये ,बस फिर क्या कुछ ही महीनों बाद हरी - हरी झुनगा, भिंडी, गेवार- फल्ली और भटा निकलने लगी । जिसका मध्यान्ह भोजन मे उपयोग किया जा रहा है।

समूह की महिलाये कहती है कि रोज - रोज हरी सब्जियाँ लाने मे बड़ी दिक्कत होती थी किन्तु किचन गार्डन बन जाने से राहत मिली है। शाला के प्रभारी प्रधान पाठक का कहना है कि किचन गार्डन की ताज़ी और हरी सब्जियाँ समूह की महिलाओ के साथ - साथ बच्चों के लिए बहुत लाभदायक है। बच्चों को मध्यान्ह भोजन मे किचन गार्डन की हरी और ताजी सब्जियां परोसा जा रहा है ।शिक्षक गुलज़ार बरेठ कहते है कि किचन गार्डन की सब्जियों को देखकर मन उतना ही खुश होता है जितना स्कूल के बच्चों को पढ़ते लिखते हुए देखकर होता है।

परिजनों ने भाजयुमो प्रदेश के अध्यक्ष के साथ मिलकर किया चक्काजाम

कार की ठोकर से बाईक सवार ग्रामीण की मौत, 5 लाख रूपये मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रात अज्ञात कार की ठोकर से बाईक सवार अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से जा टकराया जिससे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से गुस्साये परिजनों ने भाजयुमो के साथ मिलकर अस्पताल के सामने शव को सड़क में रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के सुबरा के आश्रित ग्राम खुसरमुडा निवासी रामकुमार भगत 50 साल शनिवार की शाम तकरीबन 7 बजे पत्थलगांव की तरफसे वापस अपने गांव लौट रहा था इसी दौरान मायाराम पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात कार की ठोकर से रामकुमार भगत की बाईक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक भारी वाहन में जा टकराई। लहुलूहान हालत में रामकुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर लैलूंगा अस्पताल के सामने आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग एवं परिजनों को पांच लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया है। रविवार की सुबह हो रहे इस चक्काजाम की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाईश देने के प्रयास में जुटी हुई है परंतु वे अपनी मांगों पर अडे हुए थे।

बिलासपुर संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्श में चांपा की अंशिका अग्रवाल ने पुनः मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा अकलतरा में आयोजित, संभाग स्तरीय विज्ञान मेला व वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में शिशु मंदिर की कक्षा आठवीं की छात्रा कुं अंशिका अग्रवाल ने एक बार फिर रैन हार्वेस्टिंग साइंस प्रोजेक्ट बनाकर, जल संरक्षण विषय पर बेहतरीन प्रेंजेटेशन देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अंशिका, बरपाली चौक- डागा कॉलोनी चांपा निवासी अजय- मधु अग्रवाल की सुपुत्री हैं। इस सफलता के लिए उनके दादा श्रीरोशनलाल जी, दादी- कमला देवी व स्कूल के प्राचार्य, प्रधानाचार्य व सभी अध्यापकगणों ने अंशिका को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

अनिल चीकू ने निगम कमीशनर को सौंपा डेंगू से बचाव के लिए 400ली जला-मोबिल

■ रायगढ़ का हर नागरिक अब डेंगू खत्म करने के लिए प्रयासरत- अनिल चीकू

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के विभिन्न स्थानों में कचरा, गंदगी और नालियों में साफ -सफाई के तहत डेंगू बीमारी का होना हुआ जिस पर अनेक बचाव और सफाई के लिए सस्ते और शतप्रतिशत कारगर उपायों का उपलब्ध होना आवश्यक ही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव अनिल अग्रवाल चीकू के नेतृत्व में आज लगभग 400 लीटर जला मोबिल रायगढ़ नगर पालिका निगम के कमिश्नर सुनील रघुवंशी को निगम परिसर में सुपुर्द किया गया जिसका मूल उद्देश्य गंदे पानी,बज्बाजाति नालियों,कचरो के स्थान आदि पर इसका छिड़काव नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के द्वारा समय पर कर दिया जाए जो डेंगू को पनपने ही न दें जिससे इस बीमारी की चपेट में आमजन नहीं आए और प्रयास के स्वरूप मे ष्स्वास्थ्य रायगढ़ष्को अमली जामा पहनाया जा सके। कांग्रेस नेता अनिल अग्रवाल के साथ इस अवसर पर रवि यादव, आरिफ रजा,विनय शुक्ला, वाशिद अली, ऋषभ मिश्रा, अभिषेक चैहान, दुष्यंत साहू, सुरेद्र पटेल, आदर्श श्रीवास,अभिषेक सोनी आदि थे। अग्रवाल ने बताया कि करोना काल मे भी रायगढ़ वासियों ने मुक्त हाथों से आपसी सहयोग किया था, ऐसे मे ट्रांसपोर्टर भाइयों से आग्रह करने पर उक्त जला मोबिल उन्हें ट्रांसपोर्टरों ने उपलब्ध कराया और जरूरत होने पर भविष्य में भी जला मोबइल निशुल्क रूप से शहर वासियों के लिए उपलब्ध किया जाएगा इस अवसर पर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अमृत लोहिया भी उपस्थित थे।

निगरानी के लिये 30 से अधिक अधिकारियों की बनाई गई टीमः तारन सिन्हा

■ डेंगू नियंत्रण के लिये हर संभव प्रयास जारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ शहर में फैल रहे लगातार डेंगू बीमारी को लेकर प्रशासनिक टीम पूरी तरह सतर्क हो गई है और जनता को डेंगू से बचाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने इस संबंध में आपात बैठक लेकर न केवल तीस जिला अधिकारियों की एक टीम बनाई है बल्कि घर-घर में सर्वे करने के भी दिशा निर्देश देते हुए स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करते हुए हर स्तर पर काम करने के लिये दिशा निर्देश दिये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने बताया कि निगम के कुछ वार्डो में लगातार बढ़ रही डेंगू मरीजों की संख्या के मामले में सजगता बरती जा रही है और जनता को जागरूक करने के साथ-साथ उसके नियंत्रण के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वे खुद व्यक्तिगत रूप से इस बढ़ती बीमारी को रोकने के लिये 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं ताकि कोई लापरवाही के कारण जनता को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि दो समवर्ती गतिविधियाँ हो रही हैं। जिसमें नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण कर रहा है। घर-घर सर्वे अभियान से न केवल डेंगू मरीजों की संख्या का पता चलेगा बल्कि घरों में जमा होनें वाले पानी तथा गंदगी को लेकर भी दी गई टिप्स से डेंगू मच्छर के लारवे पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। एक जानकारी के अनुसार प्रशासन को लगातार यह जानकारी मिल रही थी कि सरकारी अस्पतालों में कुछ कमियों की वजह से मरीजों का इलाज नही हो पा रहा था लेकिन जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी चिकित्सालय में न केवल इसकी तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गए हैं बल्कि शासकीय अस्पताल में अलग से वार्ड भी बनाये गए हैं। साथ ही साथ मोबाईल मेडिकल युनिट एवं स्लम इलाकों में जाकर मौके पर ही जांच की भी सुविधा जनता को दी जा रही है।जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने बताया कि दो दिनों से स्थिति काफी हद तक काफी नियंत्रण में है और प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिये सजग एवं तैयार है।

निरीक्षक मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी चांपा को दी गई प्रसस्ती पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को विभिन्न धाराओं में 1-1 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किए जाने से उत्कृष्ट विवेचना करने वाले पुलिस अधिकारी को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। निरीक्षक मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी चांपा को दी गई प्रसस्ती पत्र। न्यायालय द्वारा निर्णय में आरोपी को धारा 354 भादवि में 01 वर्ष कठोर कारावास एवं अर्थदंड धारा 448 में 01 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदंड से दंडित किया तथा अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर पृथक से कारावास का आदेश दिया

ग्राम परसाही नाला थाना अकलतरा का आरोपी अर्जुन जगत वर्ष 2020 से प्रार्थिया/पीड़िता से लगातार छेड़छाड़ करता था। परन्तु प्रार्थिया लोक लाज के कारण उसकी शिकायत कहीं नहीं की लेकिन 19 जून 2021 की शाम 5 बजे लगभग प्रार्थिया अपने घर के आंगन में टहल रही थी। उसी समय आरोपी प्रार्थिया के घर की बाउंड्री से कूदकर आंगन में टहल रही प्रार्थिया के साथ बुरी नियत से अश्लील हरकत करते हुए उसका हाथ पकड़ने लगा। प्रार्थिया द्वारा विरोध कर चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर घर के अंदर से प्रार्थिया के माता पिता व भाई बाहर आंगन तरफ आए जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग गया, जिसकी रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया जाकर, आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय अकलतरा में पेश किया गया था, जिसकी विवेचना निरी मनीष सिंह परिहार तत्कालिक थाना प्रभारी अकलतरा द्वारा किया गया था न्यायालय अकलतरा द्वारा गवाहों के परीक्षण, प्रति परीक्षण उपरांत आरोपी को उस पर लगाए गए आरोपों पर दोषी पाते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अकलतरा द्वारा आरोपी अर्जुन उर्फ देव जगत निवासी परसाहीनाला को धारा 354 भादवि में 1 वर्ष कठोर कारावास एवं अर्थदंड धारा 448 में 1 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदंड से दंडित किया तथा अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर पृथक से कारावास का आदेश दिया। विवेचना अधिकारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार द्वारा उत्कृष्ण विवेचना कियें जाने के फलस्वरूप उनको पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रसस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

भा जा पा ने किया कांग्रेस पर घोटाला का प्रहारख हाथी को कान्हा केसली भेजने कि तैयारी

जैजैपुर विधानसभा में भाजपा के तीन केंद्रीय मंत्री परिवर्तन यात्रा में हुंकार भरे

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

यहां पर भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का आगाज हुआ जिसमे की भारतीय जनता पार्टी के तीन केंद्रीय मंत्री विशेष रूप से दिखाई पड़े जिस पर मंत्रियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम लोग 16 सितंबर 2023 से परिवर्तन यात्रा में निकले हुए हैं जो आज 24 सितंबर 2023 को जैजैपुर पहुंचे। इस तरह से हमारा अभियान पूरे भारत में चल रहा है।जिसमें मनसुख मडाविया केंद्रीय मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी की गाथा को सुनाते हुए कहा कि आज से 2 वर्ष पहले कोविड से पूरे देश में हां-हां कार मचा हुआ था उस समय छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सहायता जनता को नहीं की । जबकि हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने कोविड संक्रमण को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को तीन-तीन कोविड खुराक दिलाने की बात कही, वहीं पर धान खरीदी, यह केंद्र सरकार का ही देन है जो छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी कर रहे हैं और उसमें प्रति क्विंटल में प्रदेश सरकार 25 रू आप लोगों को दे रही है। बाकी की राशि केंद्र सरकार का है। वहीं पर राव साहेब पाटील दानवे केंद्रीय मंत्री ने अपने विचार रखते हुए पांच बार सांसद एवं दो बार महाराष्ट्र का विधायक रहे उन्होंने आज नरेंद्र मोदी के वजह से महिलाओं को 33त्न आरक्षण में भागीदारी दिलाने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी ने गरीब, किसान ,आदिवासी ,दलित के लिए 80 करोड़ इस देश के करीब को मोदी जी ने आवास ,शौचालय जनधन खाता एवं 20 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में जनधन खाता एवं उज्जवला गैस 100 रू में देने की बात कही और कोविड के समय प्रत्येक राशन कार्ड धारी को 5 किलो अनाज मुफ्त देने की बात कही लेकिन छत्तीसगढ़ शासन ने केंद्र की 5 किलो अनाज देना उचित नहीं समझा।
बी एल वर्मा केंद्रीय मंत्री ने मोदी द्वारा किए गए कार्य को भी अपने उद्बोधन में आगे बढ़ाते हुए कहा, कि छत्तीसगढ़ में अंनेको प्रकार की घोटाला हो रही है ।आप लोग जानते हैं कि यहां पर घोटाला,भ्रष्टाचार, पक्का मकान का घोटाला,शौचालय का घोटाला, डामर घोटाला,उज्जवला गैस का घोटाला, गौठान घोटाला, गोबर घोटाला छत्तीसगढ़ प्रदेश के कांग्रेस सरकार घोटाला पे घोटाला कर रही है । आप लोग हमें पुनः एक मौका दें ताकि हम लोग जो गरीबी है उसे हटाकर भ्रष्टाचार एवं घोटाला की सरकार से मुक्त कर सकें भाजपा ही मुक्ति दिलाने वाली एक पार्टी है। मंच में बैठे सभी नेताओं ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को घोटाला एवं भ्रष्टाचार की सरकार घोषित किया। जैजैपुर विधानसभा में अनेक नेताओं ने यहां के बहुजन समाज पार्टी के हाथी को अब हमें कान्हा केसली भेजना है ताकि यहां पर कमल का फूल खिलाया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ,नारायण चंदेल, सांसद गुहाराम अजगल्ले पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, कीर्तन चंद्रा, गोपी कुमार सिंह ठाकुर, सोनसाय देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर, डॉ कैलाश साहू,छोटेलाल भारद्वाज,नीलकंठ सोनी,सुखदेव खूंटे,अमृत साहू, सुरेश साहू, मोहन कुमारी साहू, बंटी साहू, गणेशराम साहू, लोकेश साहू,नरेंद्र प्रजापति, सचिन सिंह, घसीयाराम यादव ,भूषण चंद्रा से मंच खचाखच भरा हुआ दिखाई पड़ा। यहां पर तीन केंद्रीय मंत्रियों को क्षेत्रीय नेताओं ने भव्य स्वागत किया। सैकड़ो की संख्या में दर्शक परिवर्तन यात्रा को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ संगीत कलाकार मोना सेन ने संगीत के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा जिसमें रंगारग प्रस्तुति उनके साथियों के द्वारा किया गया। गुहाराम सांसद को भाषण से दूर-भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में सांसद गुहाराम अजगल्ले दिखाई मंच पर पड़े लेकिन उन्हें वक्तव्य करने के लिए कोई अवसर नहीं दिया गया।

पत्रकारिता पर वार्षिक कार्यशाला प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के तत्वावधान में हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विगत प्रेस क्लब भवन में प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं पोर्टल्स पत्रकारिता में कैरियर और चुनौतियां विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमन्त्रित मुख्य अतिथि वक्ता आलोक तिवारी ब्यूरो चीफ हरिभूमि भिलाई दुर्ग, यशवन्त साहू संस्थापक, संपादक भिलाई टाइम्स, भिलाई तथा अंजन कुमार सहायक प्राध्यापक, कल्याण महाविद्यालय भिलाई ने सर्वप्रथम माता सरस्वती के तैल चित्र में सादर श्रद्धापूर्वक पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मां सरस्वती के लिए श्लोक पाठ के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रेस क्लब ऑफ कुम्हारी कोषाध्यक्ष सुरेश वाहने ने ससम्मान अतिथियों को मंचासीन होने हेतु निवेदन किया। अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, संरक्षक डॉ. आनंद मोहन वाधवानी, कोषाध्यक्ष सुरेश वाहने सचिव संजय श्रीवास्तव और अनुज शुक्ला द्वारा किया गया। समस्त उपस्थित पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए प्रचार प्रमुख अनुज शुक्ला ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम पत्रकारिता की शुचिता के लिए सतत् अलख जगाने का प्रयास कार्यशाला के माध्यम से कर रहे हैं, इस दिशा में हमारे अतिथियों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद हमें समय समय पर प्राप्त होता है जो युवा पत्रकार साथियों को प्रेरणा प्रदान करता है। इस वर्ष कार्यशाला में प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं पोर्टल से संबंधित विषय वस्तु प्रस्तुतीकरण सूचनात्मक पत्रकारिता के अंतर संबंधों पर आधारित करियर और चुनौतियां विषय पर अतिथि वक्ताओं ने क्रमशः अपने विचारों से युवा पत्रकार साथियों को प्रेरित कर मार्गदर्शन किया। दो सत्रों की कार्यशाला में पोर्टल्स पर चर्चा करते हुए यशवंत साहू संस्थापक, संपादक भिलाई टाईम्स ने कहा कि सफलता रातों-रात नहीं मिलती, संघर्ष, परिश्रम एवं अदम्य आत्म बल सफ्लता के सूत्र होते हैं । इसके बिना कोई कार्य संभव नहीं है और नकलची व्यवहार छोड़ना चाहिए, कट पेस्ट से बचना चाहिए, तभी जाकर आप अपने कार्य से पहचाने जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर चर्चा करते हुए कवि, समालोचक, सहायक अध्यापक अंजन कुमार ने पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक दौड़ में पूंजीवाद समाचार पत्रों, मीडिया को क्रमशः उदरस्थ करता चला जा रहा है । समाचारों को सहज तथा तथ्य परक प्रस्तुत किया जाए तो उससे उसकी सार्थकता निष्पादित होती है। द्वितीय सत्र में आलोक तिवारी ब्यूरो प्रमुख हरि भूमि दुर्ग भिलाई, ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज ही नहीं वर्णन भविष्य में भी रहेगी यह एक समाचार पत्र ही नहीं बल्कि एक दस्तावेज बन जाता है ऐसे कई प्रकरण है जो न्यायालय ने भी इसे स्वीकार किया और निर्णय के लिए आधार बने हैं इसलिए समाचारों के प्रति गंभीरता विश्लेषण सर्वेक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीत पत्रकारिता से युवा पत्रकार साथियों को स्वयं को दूर रखने की सलाह दी। वर्तमान परिस्थितियों में समाचार पत्र के माध्यम से समाचारों का विस्तार पूर्वक उल्लेख मिलता है जिसके पाठक गण कभी भी समाप्त नहीं होंगे क्योंकि तात्कालिक सूचनाएं क्षणिक होती हैं । लोगों के पास जानकारी तत्काल पहुंच तो जाती है किंतु आधी अधूरी होती है। जबकि समाचार पत्र उसका विस्तार पूर्वक उल्लेख करता है इसलिए भी समाचार पत्र विश्वसनीय है। नए पत्रकार साथियों का आह्वान करते हुए उन्हें इस कंटक पूर्ण मार्ग पर चलने के लिए स्वयं की मानसिकता को मजबूत करने की सीख दी, साथ ही बधाई भी दी। इसके साथ ही अंत में प्रश्न कल के सत्र में जिज्ञासु पत्रकार साथियों ने अपनी पत्रकारिता से संबंधित समस्याओं और अन्य जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्न किया मुख्य अतिथि वक्ताओं ने जिसे बड़े ही सरल शब्दों में उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया।

सूरजपुर में ऑटो पलटने के दौरान एक महिला की मौत, पांच घायल

तीन को आई गंभीर चोट, सभी घायलों का इलाज़ जिला अस्पताल में जारी

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

घटना सूरजपुर कोतवाली के नेवरा गांव का है, दरअसल ओड़गी से ग्रामीण ऑटो में बैठकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने बरबसपुर जा रहे थे, जहां लोधिमा चौक पर सोना बाई के साथ एक अन्य महीला भी ऑटो में सवार हो गई, और सभी 10 लोग बरबसपुर के लिए निकल गए।

जैसे ही ऑटो कुछ किलोमीटर चली थी कि ग्राम नेवरा के समीप बाइक सवार युवकों ने गलत साइड से बिना हाँथ दिए बाइक मोड़ दिया जिसे बचाने के दौरान ऑटो पलट गई, जहाँ मौके पर ही ग्राम खोपा निवासी सोना बाई 60 वर्ष की मौत हो गई, वहीं पाँच घायलों को जिला अस्पताल सूरजपुर लाया गया है, जहां घायलों का इलाज़ जारी है, फि .लहाल कोतवाली पुलिस जांच में जुटी है।

क्या कहा चिकित्सक ने

जिला चिकिसालय के डॉ अंकित कुमार पॉल बताया कि ऑटो पलटने के दौरान कुछ लोगों को एम्बुलेंस के ज़रिए लाया गया था, जहां एक महिला की हॉस्पिटल आने से पहले ही मौत हो चुकी थी, बाकी पांच घायलों में तीन को हेड इंज्यूरी और फ्रेक्चर की सम्भवना से इंकार नहीं किया जा सकता फिलहाल एक्सरे, या सिटीस्कैन के बाद ही कुछ कहना सम्भव होगा।

गुजराती समाज ने मनाया पीर रामदेव बाबा का जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्थानीय गुजराती समाज के अध्यक्ष हरीश भाई गोहिल ने बताया कि विगत 14 वर्षो से राजस्थान वाले पीर रामदेव बाबा जी के सिद्धांतों उपदेशों का अनुसरण कर उनके समस्त अनुयायी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, भाव से जन्मोत्सव मानते चले आ रहे हैं। कार्यक्रम संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि सुबह से ही भजन, पूजन एवं हवन आदि संपन्न कराया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम में समाज के समस्त महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक ढोल ताशे के साथ बाबा का विशाल तैल चित्र एवं कलश के साथ शोभा यात्रा निकाली। वार्ड क्रमांक 10 एवं 15 की परिक्रमा कर यह यात्रा गुजराती भवन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंची यहां पर बाबा को संध्या आरती की गई। रात्रि 7:30बजे से सार्वजनिक महा प्रसाद वितरण किया गया। बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन सोमवार को प्रातः दस बजे गुजराती भवन स्थित मन्दिर में उद्यापन के उपरांत सम्पन्न किया गया।

सूरजपुर जिला जहां के हजारों शिक्षक अपने मृत शिक्षक साथी के परिवार को देते है सहारा

संयुक्त संवेदना समिति, मानवता की बनी मिसाल

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

सूरजपुर जिले के हजारों शिक्षको ने संयुक्त सहयोग से अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिवार का साथ व उन्हें संवेदना प्रगट करने के लिए एकजुट हो संयुक्त संवेदना समिति के माध्यम से विगत 3 वर्षो से एक अनोखी शुरुवात की है।

जँहा जिले के शिक्षक दिवंगत शिक्षक परिवार को एक लाख रुपये प्रदान कर,अनुकम्पा सहित लम्बित देयक के भुगतान में सहायता करते है। विकास खण्ड भैयाथान के प्राथमिक शाला खुटरापारा में कार्यरत शिक्षिका रीता साहू के मृत्यु पश्चात उनके दशगात्र पर विकास खण्ड के शिक्षकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुवे उनके पुत्र प्रज्ज्वल साहू को एक लाख का चेक प्रदान कर अपनी संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि संयुक्त संवेदना समिति के द्वारा जिले के अब तक दस मृत शिक्षक के आश्रितो को कुल दस लाख रुपये प्रदान किया जा चुका है तथा उनके नामिनी अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर चुके है। संवेदना प्रगट करने में मुख्यतः राकेश शुक्ला,राधे साहू ,मनोज कुशवाहा, सुरेंद्र दुबे, कुलदीप सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, संधारी देवांगन, बिंदेश्वर कुशवाहा, डॉ. मोहन साहू, अजीत गुप्ता, दिलीप साहू, शैलेश साहू, ईश्वर सिंह, बिजेंद्र साहू, के के साहू, कमलेश्वर कुशवाहा, सोमार साय, राजा राम, प्रदीप साहू, अनिल साहू, संजय साहू, अरुण साहू, सिया राम यादव, अशोक साहू, रोशन साहू, भैया लाल सिंह, राम कुमार, राजकुमार शिवनाथ सिंह, उमेश सिद्दार, नीलेश चंद्रवंशी, पुनीता साहू, मंजू लता साहू, अनिता साहू,रामहित साहू, बसंत लाल यादव, नीरज साहू, विशारद जायसवाल इत्यादि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

पुलिस ने जुआ खेल रहे 10 जुआड़ियों को पकड़ा, 34100 रूपये किया बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन जयनगर पुलिस ने ग्राम बीरपुर जंगल में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के मामले में 4 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। बीते दिन थाना प्रभारी को मुखबीर ने सूचना दिया कि बीरपुर जंगल में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 4 व्यक्ति तनवीर, बिहारी राम राजवाड़े, विनोद विश्वकर्मा व सुखदेव सिंह को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फ्ड से 33100 रूपये जप्त कर चारों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, सैनिक नोहर, अकबर व जहांगीर सक्रिय रहे। वहीं दूसरे मामले में रविवार को थाना चंदौरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर हारजीत का दाव लगाकर ग्राम मटिगड़ा में जुआ खेल रहे विनोद नायक, मुन्नीलाल, विजय, मन्नू गुप्ता, अनिल गुप्ता व राजू प्रसाद राजवाड़े को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फ्ड से 1000 रूपये जप्त कर छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदौरा निलिमा तिर्की, एएसआई राम सिंह, प्रधान आरक्षक उदय सिंह, प्रमोद लकड़ा, आरक्षक मनमोहन विश्वकर्मा, शिवभजन राजवाड़े, सूरज पाटिल सक्रिय रहे।

पॉलीकैब इंडिया की अब एक नई ब्रांड पहचान: 'आइडियाज कनैक्टेड'

पायनियर संवाददाता ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

POLYCAB
IDEAS. CONNECTED.

भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है। नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तारों और केबलों के निर्माण में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद, पॉलीकैब आधुनिक जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और सस्टेनेबल बनाने के लिए बेहतर इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज पेश करने का प्रयास कर रही है। खास बात यह है कि इस दिशा में कंपनी लगातार अपने क्षितिज का विस्तार करने की दिशा में जुटी हुई है। कंपनी की रीब्रांडिंग सिर्फ विजुअल आइडेंटिटी या ब्रांड आर्किटेक्चर में बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी फिलॉस्फी है, जो इनोवेशन, टैक्नोलॉजी, सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के प्रति पॉलीकैब की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इन सबसे ऊपर है ब्रांड का उद्देश्य यानी 'सभी को एक उज्जवल भविष्य से जोड़ना'। ब्रांड की यह नई विचारधारा दरअसल इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस मार्केट में ग्राहकों की पसंद का अग्रणी ब्रांड बनने के पॉलीकैब के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रांड रिफ्रेश की कल्पना और डिजाइन इंटरब्रांड ने की है। नई विजुअल पहचान भोर के रंगों को दर्शाती है, जो नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए पॉलीकैब की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही इसमें उगते सूरज की झलक नजर आती है और कंपनी के अभिनव दृश्य प्रतीक में पॉलीकैब नाम में एक प्रमुख ध्वनि 'ओ' अक्षर को शामिल करके एक उज्जवल भविष्य की ओर सभी को एकजुट करने के विजन को दर्शाया गया है। तीन रंग लाल, नीला और बैंगनी क्रमशः तारों और केबलों में कंपनी की अग्रणी स्थिति, एफएमईजी श्रेणी के माध्यम से ग्राहकों के साथ कनेक्शन और इसकी भविष्य की तैयारी का प्रतीक हैं। इस नई पहचान को अपनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य संगठन के मूल मूल्यों को बनाए रखते हुए ब्रांड को अधिक आधुनिक, समकालीन और ग्राहकों के लिए भरोसेमंद बनाना है। 'हर किसी को उज्जवल भविष्य से जुड़ने में मदद करने के लिए इनोवेशन की शक्ति का इस्तेमाल करने' के अपने ब्रांड विजन के अनुरूप, पॉलीकैब ने एक दूरदेशी ब्रांड लाइन पेश की है, जो कंपनी की मौजूदा टैगलाइन 'कनेक्शन जिंदगी का' के अनुरूप आगे बढ़ते हुए 'आइडियाज.कनैक्टेड' के रूप में कंपनी के विकास को दर्शाती है।

विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का द्वितीय चरण हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

निकटस्थ ग्राम लिमतरा जिला दुर्ग के रावणभाठा चौक स्थित सामुदायिक भवन में विकास खण्ड स्तरीय निःशुल्क आयूष स्वास्थ्य मेला द्वितीय चरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत कुमार टिकरिहा उपसरपंच के करकमलों से शिविर शुभारंभ किया गया।

डॉक्टर रवि सिदार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में कल 424 लोगों ने विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्राप्त किया। 26 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया, जिसमें सुखिया निषाद एवं चिंताराम निषाद को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। इसी प्रकार मधुमेह (शुगर) रोग की जांच 16 लोगों ने कराया और लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में उपस्थित चिकित्सक डॉ रुबी वासनिक, डॉ अल्का रागासे, डॉ तनुजा चन्द्राकर डॉ. अशोक कुमार पंडित डॉ रूबी, देवकुमार देवागंन सौरभ पाण्डेय, तिलक बन्छोर, सालिक राम वर्मा खिलेश देशमुख, अखिलेश साहू गणेश्वरी ठाकुर बार - योगिता वर्मा, नेत्र अधिकारी, सुधाकर मिश्रा, राजेश शर्मा, आर एच ओ रवि वर्मा, सी एच ओ शिवांगी साई द्वारा शिविर प्रभारी डॉ रवि कुमार सिदार के मार्गदर्शन से शिविर संपन्न किया गया।

ललिता देवी का निधन

रायपुर। ललिता देवी श्रीवास्तव मनेन्द्रगढ़.पत्रकार अमित श्रीवास्तव की पूज्य माताजी एवं रेल्वे रिटायर्ड गार्ड स्व. मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी ललिता देवी 75वर्ष का निधन उपचार के दौरान हो गया. उनका अंतिम संस्कार सोमवार को रेलवे मुक्ति धाम में किया गया.वे अपने पीछे पाँच पुत्र, एक पुत्री का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है।

आवश्यकता है

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के अनुदान से संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक के लिए निम्न पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

पद का नाम : आउटरिच वर्कर (ORW)
पद संख्या : 01
योग्यता : मान्यता प्राप्त संस्था से 12वीं Graduation, एवं कम्प्यूटर की जानकारी होना चाहिए
वेतनमान : 10500/-
यात्रा भत्ता : 1500/-
कार्य अनुभव : 02 वर्ष फील्ड कार्य

नोट :- 1. आवेदन पत्र सादे कागज पर अपने पासपोर्ट फोटो एवं बायोडाटा के साथ समस्त दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र स्वयं कार्यालय में कार्यालयीन समय पर प्रातः 10.00 से शाम 06.00 तक सीधे जमा करें या कार्यालय के ईमेल में आवेदन व बायोडाटा भेजें।
3. अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी एवं दो पहिया वाहन एवं वैध लाईसेंस का होना आवश्यक है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 30/09/2023
साक्षात्कार दिनांक : 30/09/2023
मो.: 7828678890, 7024799454
E-mail Id - njpjashpur @ rediffmail.com के माध्यम से जमा करें।

कार्यालय का पता: लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, नवयुवा जागरण प्रतिष्ठान जशपुर, वार्ड क्रं. 01, कदमटोली जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.) पिन नं.-496331

आम सूचना

(ग्राम दलदलसिवनी, तह. व जिला रायपुर से संबंधित)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल मेसर्स श्री बालाजी मेडिकल फाउण्डेशन एवं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस, मोवा रायपुर द्वारा श्री भोजराम पटेल ने (1) श्री तेजश नवरंगे पिता श्री चेतनदास नवरंगे निवासी वर्धमान नगर, बेमचा, महासमुन्द से उनके स्वामीत्व हक एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 761/1 एवं 761/2, रकबा 0.059 एवं 0.144 हेक्ट. स्थित ग्राम दलदल सिवनी, प.ह.नं. 41, तह. व जिला रायपुर (2) श्री उदयराम कुर्रे पिता श्री रूपचंद कुर्रे निवासी धनेली, रायपुर से कृषि भूमि खसरा नं. 761/3, रकबा 0.230 हेक्ट. स्थित ग्राम दलदल सिवनी, प.ह.नं.41, तह. व जिला रायपुर, (3) श्री अजय कुमार पिता श्री बद्री प्रसाद मिश्रा निवासी सी-71, राधास्वामी नगर, भाठागांव चौक, रायपुर से कृषि भूमि खसरा नं. 767/1 एवं 762/2, रकबा 0.138 एवं 0.065 हेक्ट. स्थित ग्राम दलदल सिवनी, प.ह. नं. 41, तह. व जिला रायपुर एवं (4) श्री रावेन्द्र गौतम पिता श्री रामनाथ गौतम निवासी सी-71, राधास्वामी नगर, भाठागांव चौक, रायपुर से कृषि भूमि खसरा नं. 767/1 एवं 762/2, रकबा 0.138 एवं 0.065 हेक्ट. स्थित ग्राम दलदल सिवनी, प.ह.नं. 41, तह. व जिला रायपुर को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याने की राशि विक्रेता को दे चुके है एवं अब केवल शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री कराना शेष है।

यदि उपरोक्त वर्णित करारशुदा सम्पत्ति के सौदे पर किसी भी बैंक, साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार चकी उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे समक्ष हमारे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे के बीच लिखित में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद बीतने पर हमारे मुवक्किल द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे।

जो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 21.09.2023

एन. के. श्रीवास्तव
(एडव्होकेट)
श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स
एफ-33, हीरा आर्केड, पुराना बस स्टैण्ड, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 98261-13956

विधायक कमरो ने किया 9 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

परिवर्तन यात्रा से बीजेपी की सत्ता की आस नहीं होगी पूरी : गुलाब

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भूपेश सरकार ने क्षेत्र को अनुमान से अधिक बुनियादी जरूरतों से जुड़ी विकास कार्यों की सौगात दी है। अब प्रदेश में दोबारा कांग्रेस को जन आशीर्वाद देने की जिम्मेदारी जनता की है। आज बीजेपी महंगाई और बेरोजगारी से लोगों का ध्यान भटकाने परिवर्तन यात्रा निकाल रही है, लेकिन उनकी सत्ता की आस कभी पूरी नहीं हो पाएगी। उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने सोमवार को शासन की योजनाओं के तहत भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 1 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों डामरीकरण, सांस्कृतिक शेड, सामुदायिक भवन, पुलिया और सीसी निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने ग्राम पंचायत डोमनापारा के ठिहाई पारा में विधायक मद से डेढ़ लाख की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, डोमनापारा में ही मनरेगा मद से 11 लाख 68 हजार की लागत से नर्सरी नाला में आरसीसी पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत खैरबना के ग्राम बरकेला में मुख्यमंत्री समग्र योजना से पुलिया निर्माण 8 लाख, गुलाबखंड पारा में 300 मीटर सीसी रोड 7.80 लाख, ग्राम पंचायत कोथारी स्थित झोरगी नाला में पुलिया निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत सिरियाखोह के हरिजनपारा में सीसी रोड 5.20 लाख, चिरईपानी में देवशरण घर से बांगा घर की ओर सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में मेन रोड चेरवा पारा में सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में ही विधायक मद से ग्राम सलका भाटाबारी में सांस्कृतिक शेड निर्माण 1.50 लाख, ग्राम पंचायत हर्रा में मनरेगा मद से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य चुक्तिपानी 20 लाख, बरबसपुर में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत भवानी घाट की ओर एवं खेड्डुरी पारा में सीसी रोड अलग-अलग 5.20 लाख, उजियारपुर में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, लक्ष्मण घर के पास 200 मीटर सीसी रोड 5.20 लाख, उजियारपुर राधारमननगर तक डामरीकरण 774 लाख, सोनवर्षा में वार्ड क्र. 8 बगीचा पारा में पुलिया निर्माण 5 लाख, लोहारी के मझरीपारा में सीसी रोड 7.80 लाख, साहू समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, मोरगा के हरिजनपारा मोहल्ला में सीसी रोड 5.20 लाख एवं ग्राम पंचायत सरभोका में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत पुलिया निर्माण हेतु 6 लाख कुल 9 करोड़ 1 लाख 18 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्यों के भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली साथ ही विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य कृष्णा सिंह, नानकुंवर सिंह, आरती सिंह उइके एवं बृजमोहन साहू तथा सरपंच भवन सिंह, सुनीता सिंह, सोहन श्याम, फूलमती उइके, मानमती, अजय सिंह, श्याम सिंह खैरवार, सावन कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, जगरनाथ पंडो, कदम कुंवर एवं उपेंद्र मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

सिगनलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्याः एसएनटी-आर-2023-06, दिनांक: 20.09.2023.

कार्य का नाम: निम्नलिखित के संबंध में सिगनलिंग एवं दूरसंचार कार्य का निष्पादनः (1) रायपुर मंडल के केईटीआई (कियोटी) और एएजीएच (अंतगढ) (केईटीआई अंत) (KETI end) स्टेशन पर डबल डिस्टेंट सिग्नल का प्रावधान, (2) रायपुर मंडल पर डेटा लॉगर के लिए रखरखाव कंसोल का प्रावधान, (3) रायपुर मंडल पर टेलीकॉम बैटरियों के प्रतिस्थापन के साथ-साथ ओएफसी हट और एक्सचेंजों में फायर आलार्म सिस्टम की स्थापना। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,27,09,888.20. **अमानत राशि:** ₹ 2, 13,600/-. **कार्य की पूर्णता अवधि:** 09 (नौ) माह।

बिडर्स अपना **मूल/संशोधित** (Revised) बिड्स केवल **20.10.2023 को 15.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। पूर्ण विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि./
पीआर/आर/एसएण्डटी/आईपी/139 रायपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

क्रमांक/लो.क.वि./2023/12/7 रिसाली, दिनांक 14/09/2003

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से कुल 07 कार्यों हेतु ई-निविदा क्र. 147386 (2nd Call), 147266 (2nd Call), 147263 (2nd Call) एवं 147245, 147123, 147203, 147120 आमंत्रित की जाती है।

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

किसानों को ठगकर फरार मक्का खरीददार, किसानों को धकेला कर्ज में

मानपुर थाने में मामला दर्ज, पर अब तक नहीं पकड़ पाई है आरोपी को पुलिस

■ करीब 40 किसानों से 27 लाख 85 हजार 117 रु. की ठगी

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

मानपुर विकासखंड में एक मक्का खरीददार बहुत से किसानों से मक्का खरीदकर किसानों को बिना पैसा चुकाए फरार हो गया है। उक्त खरीददार के किसानों से ठगी के चलते कई किसान कर्जदार हो गए हैं। किसानों ने मानपुर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है । हालांकि फ्रॉड मक्का खरीददार को पुलिस अब तक पकड़ नही सकी है। पीड़ित किसानों व पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोहला व मानपुर में रहने वाले जितेंद्र उर्फ बंटी बेहरे ने इलाके के विभिन्न ग्रामों के करीब 40 किसानों से मक्का खरीदा है। जिसकी रकम 27 लाख 85 हजार रुपए 117 रुपए बंटी बेहरे से लेना है। किसानों ने बताया कि बंटी बेहरे किसानों को बिना पैसे दिए गायब हो गया है। वहीं उसके मोहला स्थित घर मे ताला जड़ा हुआ है। वही मानपुर के घर से भी उक्त फ्रॉड नदारत है।

6 किसानों ने लिखाई रिपोर्ट, बाकी भी कराना चाहते है रिपोर्ट

बता दें कि नवागांव,भरीटोला व विभिन्न गांवों के ग्रामीण किसान जिन्होंने उक्त व्यक्ति के पास मक्का बेचा है उनमें से 6 किसानों ने बीते दिनों मानपुर थाने में पहुंचकर उक्त मक्का खरीददार बंटी बेहरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानपुर पुलिस ने थाने में भादवी की धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। वहीं किसानों की माने तो बाकी के कई पीड़ित किसान खड़गाव व कांकेर जिले के लोहत्तर थानाक्षेत्र से संबंधित हैं। बाकी के कई किसान भी रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते हैं। थानों तक भी किसान पहुंचे लेकिन वे रिपोर्ट दर्ज अब तक नही करा पाए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश में ये किसान जुटे हुए हैं।

खरीददारी के मध्यस्थ को भी मिला धोखा, चिंता में मध्यस्थ

बताया जा रहा है कि भर्रीटोला निवासी एक ग्रामीण को उक्त मक्का खरीददारी में बंटी ने मध्यस्थ बनाया था। जिसके जरिये किसानों का मक्का खरीदा। अब हालात ऐसे हैं कि अपने उक्त मध्यस्त को भी आरोपी मक्का खरीददार फरार है। यही नही खरीददार ने अपने मध्यस्थ से भी कन्नी काट रखी है। आलम ऐसा है कि मध्यस्थ ग्रामीण के सामने किसानों के पैसे दिलवाने की चिंता खड़ी हो गई है।

कलेक्टर,एसपी से भी किसानों ने लगाई है गुहार

ठगी का शिकार हुए किसान इस मसले पर न्याय के लिए कलेक्टर व एसपी के पास भी गुहार लगा चुके हैं। किसानों के मुताबिक बिते दिनों उन्होंने कलेक्टर व एसपी के समक्षभी ज्ञापन सौंप कर आरोपी ठग को पकड़कर उनकी डूबी रकम दिलाने की मांग की है। हालांकि नतीजा अब तक सिफर ही रहा है। आरोपी ठग पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ज्ञापन में किसानों ने कलेक्टर व एसपी को अवगत कराया है कि 40 किसानों ने बंटी बेहरे को मक्का बेचा है जिसका 27,85117 रुपए लेना बचा है। कलेक्टर एसपी से पैसा दिलवाने की गुहार किसानों ने लगाई है।

करंट की चपेट में आने से बच्ची और युवक की मौत

छुरिया। अंबागढ़ चैकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दाऊटोला में ह्दय विदारक घटना घटित हुई है जहां एक सात वर्षीय बालिका व उसे बचाने गए गांव के ही एक युवक की करंट के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। गांव में एक साथ दो लोगों की मौत होने से परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन व पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सात वर्षीय हिना मंडावी पूजा के लिए सुबह फूल तोड़ने गई हुई थी जहां सोलर स्ट्रीट लाइट के खंभे के विघुत लाइन पर झुकने की वजह से बाड़े में विघुत आने से करंट की चपेट में आई जिसे देखकर बचाने गए गांव के 32 वर्षीय युवक तामेष्वर साहू भी करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद तत्काल डायल 112 की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैकी लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। गांव में असमय हुई दो लोगों की मौत से ग्रामीणों में जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ काफी रोष भी देखने को मिल रहा है। बताया गया कि पोल को लेकर ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि को ध्यानाकर्षण कराया गया था लेकिन मामले को दरकिनार करने की वजह से बड़ी दुर्घटना घट गई।

जरूरतमंदों के लिए मेडिसीन बैंक से निःशुल्क दवाई

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिंदगी की रोजमर्रा में अधिकतर लोग मेडिसिन लेने के बाद दो से तीन खुराक खाने के बाद ठीक होने के बाद नहीं खाते हैं, तो वहीं कई बार डाक्टर ही मेडिसिन मरीज के सेहत के हिसाब से बदल देते है। ऐसे में मेडिसिन को मेडिकल स्टोर्स में वापस भी नहीं कर सकते हैं, तो कई बार मरीज के देहांत हो जाने के बाद मेडिसिन फेकना पड़ जाता है। दरअसल ऐसे मेडिसिन के लिए मेडिसिन बैंक की शुरुआत की जा रही है। जहां अनुपयोगी दवाई को एक्सपायरी तिथि कम से कम 3 माह बचे होने पर बैंक में जमा कर सकते हैं, तो वहीं डॉक्टर की पर्ची के आधार पर निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। डोंगरगांव सीएचसी अंतर्गत तीन फार्मासिस्ट भोज साहू, विशाल खत्री व खेमराज लहरे ने गुजरात, नईदिल्ली व नोएडा के पैटर्न में मेडिसिन बैंक की परिकल्पना के साथ जनहित में सरकारी अस्पताल परिसर में एक अलग से मेडिसिन रखने के लिए काउंटर का निर्माण अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से कराया है। फार्मासिस्टों के मुताबिक यह छत्तीसगढ़ का पहला मेडिसिन बैंक होगा। तीनों इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन आईपीए से जुड़े हुए हैं भोज साहू जिला अध्यक्ष हैं, एवं दुर्ग संभाग के पदाधिकारी है। वहीं फार्मासिस्ट विशाल खत्री जिला सचिव है।

मेडिसीन बैंक के लिए शर्तें लागू

फार्मासिष्टों के मुताबिक मेडिसिन बैंक में अनुपयोगी दवाई जमा करने हेतु नियम व शर्तें लागू है। इसके लिए मेडिसिन के रेपर में साफ सुथरे शब्दों में मेडिसिन का नाम स्पष्ट होने के साथ व एक्सपायरी तिथि कम से कम तीन माह के लिए बाकी होनी चाहिए। वहीं निःशुल्क दवाई लेने हेतु डॉक्टर की पर्ची आवश्यक होगी।

विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू जी के करकमलों से क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। सोमवार को आयोजनों की कड़ी में रियाटोला में 02.80लाख की लागत से मुख्य सड़क से प्राथमिक शाला तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम मगरधोखरा में शीतला मंदिर लोकार्पण लागत 04.00 लाख, नाली निर्माण कार्य भूमिपूजन 03.00लाख का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू जी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, कृषि सहित अनेक क्षेत्र में हमारे राज्य सरकार ने जो कार्य किये है उससे हमारे राज्य की जनता को इसका सीधा सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा की प्रदेश में बैठी जनहितैषी सरकार ने हर एक व्यक्ति के लिए सोचा और उस हिसाब से योजना बनाकर उनका क्रियान्वयन किया गया। आज प्रदेश के हर व्यक्ति तक कांग्रेस की योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है और आम जनता समृद्ध हो रही है। धान के बेहतर मूल्य से किसान समृद्ध हुए, युवाओ को राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सामाजिक कार्य मे आगे बढ़ने के अवसर मिले है। राज्य में जिस तरह कोविड के समय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य किये है वो अभूतपूर्व हैं। हमारे समय मे सबसे ज्यादा धान संग्रहण केंद्र खुले हैं। चंदू साहू ने कहा की ऐसा कोइ क्षेत्र नहीं है जहाँ विकास की गाथा नही गढ़ी गई हो। जाती, सम्प्रदाय, भेद भाव से अलग हटकर कांग्रेस ने सिर्फ विकास किया है और विकास की ये यात्रा अनवरत जारी रहेगी ।

रेल महाप्रबंधक को विधायक बघेल ने पत्र के माध्यम से रेलवे की समस्या से कराया अवगत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

दपू मध्य रेलवे बिलासपुर के रेल महाप्रबंधक बीतें दिनों डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल व्यस्तता होने के कारण अपने निजी सहायक रामजी साहू व अनिल मेश्राम के माध्यम से पत्र देकर रेलवे से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया है। पत्र के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक को बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन का सीमावर्ती डोंगरगढ़ स्टेशन छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे प्रमुख धार्मिक पर्यटक स्थल है। लेकिन बहुत ही दुःखद मन से कहना पड़ रहा है कि रेल यात्री सुविधा के नाम से जैसा व्यवस्था होनी चाहिए कुछ भी नहीं है। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का रेलवे स्टेशन सुविधाओं के लिए मोहताज है. सुविधाओं के नाम से आपके संज्ञान में कुछ महत्वपूर्ण बिंदु पर अपनी मांग रखी। विधायक बघेल ने पत्र के माध्यम से रेलवे महाप्रबंधक से आग्रह किया कि मानवीय आधार पर जनसेवा में विशेष भूमिका अदा करते हुए यात्रियों को समय हो रही समस्या का निदान करें।

किसान के खेत में पेड़ पर चढ़ता दिखा तेंदुआ, इलाके में दहशत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

धर्मनगरी डोंगरगढ़ व खैरागढ़ के मध्य स्थित मां भवानी मंदिर के जंगल में फिर से तेंदुआ दिखाई दिया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है। भवानी मंदिर क्षेत्र से लगे ग्राम बनबोड़ में एक किसान के खेत में स्थित ऊंचे पेड़ पर तेंदुआ चढ़ा हुआ दिखाई दिया है। जिसका गांव के कुछ लोगों ने वीडियों भी बना लिया। तेंदुआ ऊंचे पेड़ पर अटखेलियां करता हुआ दिख रहा है। हालांकि तेंदुआ ने अभी तक किसी को नुकसान तो नहीं पहुंचाया है। लेकिन खेतों तक दस्तक देनें से ग्रामीण दहशत में है। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार ग्रामीण जंगल में बाघ होने की शिकायत कर रहे थे। लेकिन पेड़ पर दिखें तेंदुआ से स्पष्ट हो गया कि बाघ ने नहीं बल्कि तेंदुआ ने दस्तक दे दी है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि तेंदुआ पूरे परिवार के साथ है। जिनमें एक मादा तेंदुआ और दो शावक शामिल है। पहले तो वन विभाग के अफसरों ने पल्ला झाड़ते हुए जंगली जानवर के न होने की बात की थी। लेकिन वीडियो वायरल होने पर अब वन विभाग भी तेंदुआ होने की पुष्टि कर रहा है।फ़िलिहाल ग्रामीणों में भय का माहौल है और वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। बता दें कि डोंगरगढ़ से 20 किमी की दूरी पर मां भवानी मंदिर पहाड़ पर स्थित है। यहां के घनें जंगल में बाघ, भालू, तेंदुआ व अन्य जंगली जानवर कई बार देखे गए है। इस बार तेंदुआ खेतों तक पहुंच गया है। जिसके बस्ती तक भी पहुंचनें की संभावना है।

तेल टीपा चोरी करने वाले युवक गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

तेल टीपा चोरी करने वाले एक युवक को गंड़ई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं उसके सहयोगी की तलाश जारी है। आरोपित युवक के पास से पांच नग तेल टीपा बरामद किया है। गौरतलब है कि 23 सितंबर को प्रार्थी ने लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 21 सितंबर के रात्रि में उसके घर ग्राम कृतबांस में अज्ञात चोर ने घर में रखे तेल टीन रजनीपाम 05 नग कीमत 8500 रू. को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से चोरी करने वाले आरोपी के पहने हुए कपडे व चप्पल की मदद से आरोपी गजेन्द्र यादव को उसके मोहल्ले में घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया । आरोपी ने चोरी के तेल टिन को अपने घर के बाड़ी में झाड़ियों में छुपाकर रखा था।

कन्या शाला में किया गया सायकल वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरस्वती सायकल का वितरण वितरण किया गया। सायकल वितरण कक्षा नौवीं के 40 अनुसुचित जाति एवं जनजाति के छात्राओं को दिया गया। इस अवसर पर लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, विनोद ताम्रकार, चेतन देवांगन, जावेद खान, हबीब खान, सुरज नामदेव, नीलम नामदेव, पुरेन्द्र साहू, शैलेंद्र दामोदर जायसवाल, श्रीमती संध्या पात्रीकर, प्रधान पाठक चंदेल और समस्त शिक्षक व बालिकाएं उपस्थित रहे।

भाग्यशाली ही आयोध्या का श्रीराम मंदिर देखेंगे : डॉ. नीरेंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के किरगी ब में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यअतिथि बतौर समाजसेवी डॉ नीरेंद्र साहू सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता मे 16 मंडलियों ने भाग लिया। इस मौके पर साहू ने जोर देकर कहा कि देशवासियों का सौभाग्य है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हो रहा है, और भाग्यशाली होंगे, जो अयोध्या में श्रीराम मंदिर देखेंगे। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ नीरेंद्र साहू ने सर्वप्रथम श्रीराम के तैल्यचित्र पर पुष्पार्पित वंदन कर मंडलियों से मुलाकात की।उन्होंने कहा कि श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर अपने जीवनशैली में उतारना चाहिए। इस दौरान महेश्वर साहू व मामेश साहू ने भी संबोधित किया। समिति के द्वारिका प्रसाद, सुग्रीम निषाद, ज्ञानचंद साहू, छोटू साहू, भवानी साहू, संदीप साहू, उभे राम साहू, दीपक साहू, कमल साहू सहित संचालक शिक्षक राजेंद्र साहू उपस्थित थे।

नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना की राशि प्रदाय करने दिया आवेदन

मकान पूरा गिरने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुँचें लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को सुनते हुए शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 172 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम गाड़ाडीह निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका कच्चा मकान अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिसका एक हिस्सा गिर गया है। जिसका अवलोकन पटवारी एवं सरपंच द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका नाम सर्वे सूची में दर्ज है। मकान पूरा गिरने की स्थिति में है जिससे मुझे और मेरे परिवार को आवासीय परेशानियों का सामना करना होगा। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।वार्ड 57 निवासी दिव्यांग ने बैट्री चलित ट्रायसायकल की मांग की। उन्होंने बताया कि गरीबी के चलते पैर के इंफेक्शन का इलाज समय पर नही होने की वजह से इंफेक्शन पूरे पैर में फैल गया, जिसके कारण पैर को कटवाना पड़ा। चलने के लिए एक बैट्री चलित ट्रायसायकल की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम मलपुरी निवासी ने अपने दिव्यांग पुत्री के इलाज के लिए सहायता राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि पेंटिंग का कार्य करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता हूॅ। उनकी पुत्री दिव्यांग होने के साथ-साथ मनोरोगी है, जिसके कारण न ही वह उठ सकती है, बैठ सकती है और न ही खाना खा सकती है। वह पांचवी पास है। आगे की पढ़ाई करने के पहले ही उसकी तबियत खराब हो गई। दिव्यांग पेंशन जो प्राप्त होता है उससे उसकी मनोरोग की दवाई लेता हूॅ। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम मोहलाई निवासियों ने अन्य व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि कृषि भूमि में पानी निकासी के लिए बनाए गए शासकीय नाला को अन्य व्यक्ति द्वारा बंद कर दिया है एवं शासकीय भूमि में कब्जा कर कृषि भूमि से लगाकर बाउंड्री वाल बनाया जा रहा है। साथ ही बिना अनुमति के निर्माण कर विकास कार्य किया जा रहा है। नाला बंद करने से पानी निकासी बंद हो जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। पोलसाय पारा वार्ड क्रमांक 27 के निवासी ने नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना की राशि प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि मजदूरी कर जीवन यापन करता हूॅ। मेरी पुत्री कॉलेज में अध्ययनरत है। पुत्री की पढ़ाई हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन किया गया था। मेरी पुत्री की सन् 2022 की नौनिहाल योजना की राशि अभी तक अप्राप्त है। कलेक्टर ने सहायक श्रमायुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसी प्रकार प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ आरटीआई संघ एवं व्हीसल ब्लोअर द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, पट्टा प्रदान करने, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की दूसरी किस्त प्रदान करने, निराश्रित पेंशन राशि, मकान निर्माण कार्य करने सहायता राशि प्रदान करने, आर्थिक सहायता, वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

215 पदों के लिए 29 सितम्बर को रोजगार मेला का आयोजन

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 29 सितम्बर 2023 को समय प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में नियोजक यशोदा नंन्दन चिल्ड्रन हॉस्पीटल दुर्ग, एलआईसी ऑफ इंडिया सिविक सेंटर भिलाई, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कॉम लिमिटेड, एलआईसी रिसाली भिलाई एवं एलआईसी स्मृति नगर भिलाई के लिए 215 पद रिक्त हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व बेरोजगारी भत्ता आवेदन की कॉपी एवं समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट केम्प/रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते है।

हत्या का प्रयास व छेड़खानी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड

आरोपी ने अपने भाई के साथ पुरानी रंजिश पर युवक को कार से कुचलने का किया था प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास और छेड़खानी मामले में फरार चल रहे आरोपी मदन चैहान (22 साल) निवासी ग्राम रायकेरा थाना घरघोड़ा को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी युवक अपने बड़े भाई मधुसूदन चैहान के साथ पुरानी रंजीश पर कोनपारा के युवक को अपने मारूति कार से कुचलकर हत्या की कोशिश की गई थी। घरघोड़ा पुलिस द्वारा घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना दरम्यान 10 सितंबर को आरोपी मधुसूदन चैहान (28 साल) का गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपित दोनों ही भाई हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी मामले में गिरफ्तारी हेतु वांछित थे। जानकारी के मुताबिक आहत युवक की पत्नीध्प्रार्थीया घटना को लेकर 09 सितंबर को थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना के कुछ दिनों

पहले मधुसूदन चैहान उसके भाई मदन चैहान उनके साथियों के विरुद्ध थाने में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसे लेकर आरोपीगण रंजीश रखे हुए थे। 09 सितंबर को प्रतिदिन की तरह दोनों पति-पत्नी अपनी दुकान में बैठे थे। उसी समय मधुसूदन चैहान और मदन चैहान एक मारूति कार में आए और कार से उतर कर दोनों दुकान के सामने आकर थाने में रिपोर्ट को लेकर गाली गलौज कर धमकी दिए और फिर चले गए। दोपहर जब पति अपने स्कूटी से घर खाना खाने आ रहा था। तब दोनों भाई मधुसूदन चैहान और मदन पहले से घात लगाये रायकेरा मेन रोड पांझर पुलिया के पास पीछे से अपने मारूती कार में स्कुटी पर सवार पति की हत्या करने की पूर्ण नियत से ठोकर मारें जिससे स्कुटी के साथ गिरे प्रार्थीया के पति के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आयी है। प्रार्थीया के बताये अनुसार मारूति कार को आरोपी मधुसुदन चैहान चला रहा था। आहत को उसके परिवार वालों द्वारा रायगढ़ अस्पताल में भर्ती कारण है। आरोपियों द्वारा साजिश कर हत्या की नीयत से अपराध को अंजाम देने संबंधी आवेदन पर आरोपी मधुसुदन चैहानऔर मदन चैहान पर हत्या के प्रयास समेत सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया जिसमें आरोपी मधुसूदन चैहान को गिरफ्तार किया गया जिससे घटना में प्रयुक्त क्षतिग्रस्त मारुति कार को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

फरार आरोपी मदन चैहान की घरघोड़ा पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी तथा मुखबिरों को आरोपी मदन चैहान के क्षेत्र में देखे जाने पर तत्काल सूचना देने कहा गया था। इसी कड़ी में कल आरोपी मदन चैहान को रायकेरा में घूमते देखे जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दिये जाने पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने से स्टाफआरोपी की पतासाजी के लिये रवाना किया गया, स्टाफ द्वारा आरोपी मदन चैहान पिता ईश्वर चैहान उम्र 28 साल निवासी रायकेरा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे पूछताछ कर आरोपी के मेमोरंडम पर एक बांस का डंडा वजह सबूत जप्त किया गया है। आरोपी मदन चौहान को घरघोड़ा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास और बलवा समेत छेड़खानी दोनों ही मामलों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

फास्टरपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं जन सहयोग से शातिर मवेशी चोरो पर शिकंजा कसा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

फास्टरपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं जन सहयोग से शातिर मवेशी चोरो पर शिकंजा कसा है। पुरा मामला फास्टपुर थाने का है जहां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा श्वेतगंगा निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा रोज की तरह 23 सितंबर को अपने घर से लगे मवेशी कोठा में मवेशियों को चारा आदि खिलाकर रात्रि करीबन 9-10 बजे अपने परिवार के साथ सोया हुआ था सुबह करीबन 4.00 बजे मवेशी कोठा तरफ मवेशियों का आवाज सुनकर नींद खुलने पर घर से बाहर निकला देखा कि दो व्यक्ति उसके मवेशी कोठा का ताला तोडकर मवेशी कोठा के अंदर बंधे दो रास भैंस, दो रास पडिया तथा एक गाय को चोरी कर बाहर निकाल लिये थे कि लक्ष्मीनारायण शर्मा अपने रिश्तेदारों के साथ-साथ फास्टरपुर पुलिस को फोन द्वारा चोरी की सूचना दिया कि पुलिस अधीक्षक मुंगेली चन्द्र मोहन सिंह (भा.पु.से.) तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डे द्वारा शराब तस्करी चोरी, नकबजनी आदि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने दिये गये निर्देशानुसार फास्टरपुर पुलिस की गस्ती टीम तुरन्त मौके पर पहुंची और लक्ष्मीनारायण शर्मा तथा उसके पडोसी अंशु शर्मा, योगेन्द्र शर्मा आदि के सहयोग से घेराबंदी कर मवेशी चोर को मय मवेशी के पकडकर पुछताछ करने पर अपना नाम जय कुमार दिवाकर पिता जीवन दिवाकर उम्र 20 वर्ष निवासी राजपुर मौहार थाना फास्टरपुर तथा राजेन्द्र घृतलहरे पिता लक्ष्मण घृतलहरे उम्र 28 वर्ष निवासी मुढपार (सम्बलपुर) थाना नांदघाट जिला बेमेतरा का रहने वाला होना बताये प्रार्थी लक्ष्मीनारायण के रिपोर्ट थाना में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों के कब्जे से दो रास भैंस दो रास पडिया एवं एक गाय कीमती 63000/ रूपये बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल मुंगेली भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, सउनि राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्र. आर. नीरज नेताम एवं फागूलाल गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

आक्रोशित नागरिकों ने शहर में पैदल मार्च कर सौपा ज्ञापन

पुलिस ने दो दिन में दिया कार्रवाई का आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा अंचल में सामाजिक कार्यकर्ता और मिशन रोड स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालक आनंद रैकवार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर व्यापारी और सामाजिक संगठन ने आरोपियों के विरुद्ध अत्यंत कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए पुराना बस स्टैंड से कोतवाली थाना तक पैदल मार्च निकाली। इस दौरान कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड में इस विषय को लेकर बैठक रखी गई। चेम्बर ऑफ कामर्स के साथ ही जेसीआई कोरबा, लायंस क्लब, राजपूत क्षत्रिय समाज,

गुजराती समाज, जैन समाज, अग्रवाल सभा एवं कोरबा कोसाबाड़ी उप नगर के पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। बैनर पोस्टर के साथ इन लोगों ने पुलिस थाना तक प्रदर्शन किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कोतवाली थाना परिसर का घेराव करने के साथ व्यापारियों ने थाना प्रभारी रूपक शर्मा को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि मुलाहिजा की रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों पर एक दो दिन में ही सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

डांडिया मैदान में 4 व्यक्तियों पर हत्या करने का दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद की सजा

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा नगर में लगभग 1 साल पहले दशहरा की पूर्व रात्रि डांडिया मैदान में हुए विवाद के बाद तुरंत बदला लेने के लिए एक युवक की 4 व्यक्तियो द्वारा चाकू और बेलचा से मारकर हत्या कर देने के मामले में न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बालको नगर थाना अंतर्गत सेक्टर-3 के डांडिया मैदान में 4 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे बालको निवासी की हत्या कर दी गई थी। डांडिया

मैदान में मौजूद 4 व्यक्ति द्वारा चाकू एवं बेलचा से मारपीट कर हमला कर हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा था। उक्त प्रकरण में बालको पुलिस ने अपराध आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला विचारण हेतु अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) पीठासीन अधिकारी ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन ने आरोपीगणों के विरूद्ध मामला प्रमाणित करने में सफलता हासिल की। परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषी पाते हुए विभिन्न धाराओं में सजा से दंडित किया गया।

बंगुरसिया मार्ग में फिर सड़क में आए जंगली हाथी

रायगढ़। शहर से लगे रायगढ़ रेंज वन मंडल क्षेत्र के बंगुरसिया सर्किल में इन दिनों हाथियो के दल की आवाजाही लगातार बन रही है। इस बीच रविवार को शाम लगभग 4 बजे के आसपास उस वक्त हड़कंप मच गया जब हाथियों का दल सड़क पार करते हुए नजर आए। मुख्य मार्ग में इस स्थिति को देखते हुए वाहनो के पहिए कुछ देर के लिए थम गए। लोग स्वयं एवं वन्य जीव के सुरक्षा के मद्देनजर दूर से उक्त वस्तु स्थिति का नाजारा भय के साथ लेते रहे।

राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने कुम्हारी के पावर लिफ्टर्स ने किया गोवा प्रस्थान

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

बहु प्रतिष्ठित जय हनुमान व्यायामशाला के प्रशिक्षक प्रदीप झा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नगर के छह प्रतिभाशाली युवा जूनियर पावर लिफ्टर्स विवेक शाह एन.साई कार्तिक,थानेश्वर धीवर (बिल्ला), देव कुमार, काजल सिंह एवं खुशी सिंह आदि गोवा रवाना हुए। ज्ञातव्य हो कि विगत माह पूर्व राज्यस्तरीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बनी खुशी सिंह के साथ नगर भी गौरवान्वित हुआ था इसी प्रकार इस राष्ट्रीय जूनियर क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक के प्रति सभी युवा प्रतिभाओं से नगर के साथ प्रदेश भी आशान्वित है।

सीएचसी बागबाहरा फिक्स डे मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों का निःशुल्क दवाई के साथ उपचार किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुन्द
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सी पी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया 26 मरीज को निदान किया, सायकोसिस 9, डिप्रेशन 6, एनजायटी 2, ऐल्कोहल विथड्रॉल 2, जीएडी 3, सोमेटो फॉम 1, आर्गेनिक 1, बिहेबियरल डिसऑर्डर

2 निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा बीएमओ डॉ बी एस ,बढ़ाई बीपीएम हेमकुमार सोनकर एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा. शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे सेकेट्रिक सोशल वर्कर, गौतम यादव सेकेट्रीयल असिस्टेंट टीम उपस्थित थे.

दो उप अभियंता और पोलमी सरपंच से होगी दो लाख 60 हजार रुपये से ज्यादा की वसूली

कोरबा। कोरबा जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोलमी में तत्कालीन सरपंच एवं दो उप अभियंता के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक का भुगतान किए जाने पर संबंधितों से उक्त राशि वसूली किए जाने का आदेश न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पाली ने पारित किया है। ग्राम पंचायत पोलमी में वर्ष 2016 में तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर वसूली की कार्यवाही।

हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने आवाज बुलंद करते हुए कोरबा, कुसमुंडा, दीपका एरिया में किया जन-जागरण

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोयला कर्मियों के 11वां वेतन समझौता के अनुमोदन को जबलपुर उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है। ऐसे में कोयला कर्मियों के बढ़े दर पर वेतन भुगतान में तलवार लटकने लगी है। वेतन वृद्धि में कटौती होने पर कोल सेक्टर में तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया गया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन के इस चेतावनी के बाद जिले की खदानों में कर्मियों को एकजुट करने जन-जागरण किया जा रहा है। इस कड़ी में कोरबा, कुसमुंडा और दीपका एरिया में कर्मियों को हड़ताल के लिए तैयार किया गया। कोल इंडिया में अक्टूबर में प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर पांचो श्रम संगठन द्वारा जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसईसीएल के कोरबा, कुसमुंडा, दीपका क्षेत्र के खदान परिसर में बीएमएस, सीटू, इंटक, एटक और एचएमएस के

पदाधिकारियों ने कर्मियों को वेतन कटौती के खिलाफ लामबंद हो जाने की अपील की। पूर्व में 11वां वेतन समझौता कोल इंडिया, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन तथा पांच राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के बीच संपन्न हुआ था। समझौते के उपरांत माह जुलाई, अगस्त के वेतन का भुगतान अगस्त, सितंबर में किया गया। तदुपरांत कुछ अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय कोयला 11वां वेतन समझौता में कर्मचारियों को अधिकारियों से अधिक वेतन देने संबंधी याचिका दायर की गई है। जिसके बाद 14 सितंबर 2023 को पांचो श्रम संगठन की संयुक्त बैठक दरभंगा हाउस, रांची (झारखंड) में संपन्न की गई। जिसमें संयुक्त रूप से पांचो श्रम संगठन के प्रतिनिधियों ने यह निर्णय लिया कि यदि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को राष्ट्रीय कोयला 10वां वेतन समझौता के आधार पर सितंबर का वेतन अक्टूबर में किया गया तो पूरे कोल इंडिया और एसईसीएल के सभी क्षेत्र व इकाइयों में 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल किया जाएगा। जिसे लेकर शनिवार को कोरबा, कुसमुंडा, दीपका क्षेत्र के खदान परिसरों में पांचो श्रम संगठन की संयुक्त मोर्चा के तहत कर्मचारियों के बीच द्वारा सभा के माध्यम से जन जागरण का कार्यक्रम किया गया।

3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट पर 'घेरा डालो-डेरा डालो' के साथ घेराव करेगी किसान सभा

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ किसान सभा तथा भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ ने एसईसीएल के क्षेत्र में काबिज भू-विस्थापितों को पट्टा देने, पूर्व में अधिग्रहित भूमि मूल खातेदार किसानों को वापस करने, लंबित रोजगार प्रकरणों, पुनर्वास एवं खनन प्रभावित गांवों की समस्याओं के निराकरण करने की मांग पर 3 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट पर "घेरा डालो-डेरा डालो" आंदोलन करते हुए घेराव करने का फैसला किया है। इस संबंध में कलेक्टर के नाम 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। माकपा के जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि जिला प्रशासन की मदद से एसईसीएल द्वारा कुसमुंडा, गेवरा, कोरबा, दीपका क्षेत्र में कई गांवों का अधिग्रहण किया गया है। इस अधिग्रहण का शिकार गरीब किसान हुए हैं। आज भी हजारों लोग भू-विस्थापित पट्टा, जमीन वापसी, रोजगार, बसावट और मुआवजा के

लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। अधिग्रहण के बाद जिन जमीनों पर 40 सालों में भी कोल इंडिया ने भौतिक कब्जा नहीं किया है और मूल किसान ही पीढ़ियों से काबिज है, उन्हें किसानों को वापस किया जाना चाहिए। जब किसानों की जबरन अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए जा रहे हैं, तो पुनर्वास गांवों के हजारों भू-विस्थापित किसानों को पट्टों से वंचित रखना समझ के परे हैं। किसान सभा नेता जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक, शिवदयाल कंवर, देवकुमार पटेल, विजय कंवर, बसंत चौहान, राजू यादव, सुभद्रा कंवर, देव कुंवर कंवर,पवन यादव आदि ने भू-विस्थापितों की समस्याओं के लिए जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन दोनों को ही जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कुसमुंडा में जमीन के बदले रोजगार की मांग को लेकर 692 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है और समस्याओं की ओर कई बार प्रशासन और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन भू-विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण के प्रति कोई भी गंभीर नहीं है। कोयला की दो दिनों तक आर्थिक नाकेबंदी के बाद त्रिपक्षीय वार्ता को टालने के काम भी उन्होंने किया है। इसलिए अब कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

बडी संख्या में अंचल की महिलाये शामिल हुई

विधानसभा स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन लोरमी के मानस मंच में

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विधानसभा स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन लोरमी के मानस मंच में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर बडी संख्या में अंचल की महिलाये शामिल हुई । ज्ञात हो महिलाओ के सम्मान में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया, जिसमें बडी संख्या में मितानिन, आंगनबाडी की कार्यकर्ताए, विहान समुह की महिलाएं,शिक्षिकाए सहित बडी संख्या में महिलाए उपस्थित रही । कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज की महिलाए आत्मनिर्भर बन रही है प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन जीने और आर्थिक

रूप से सक्षम बनने की दिशा में बडा योगदान दिया है। इस अवसर पर उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का ही परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्रो की महिलाए स्वसहायता समूह के माध्यम से अपनी आजिविका बेहतर ढंग से चला रही है। गौठानो में चल रहे रीपा योजना जिसके माध्यम से आज महिलाओं को रोजगार मिला है । सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि अभिव्यक्ति ऐप - महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शासन द्वारा ष्अभिव्यक्तिष् महिला सुरक्षा ऐप विकसित किया है, जिसका शुभारंभ 01 जनवरी 2022 को किया गया है।अभिव्यक्ति जन-जागरूकता अभियानः- महिलाओं को कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान इकाई - राज्य के 06 जिलों में प्ब्ॅ का गठन किया गया है।महिला थाना - राज्य के 04 जिलों में पृथक से महिला थाना संचालित है। थाना स्तर पर महिला सेल - राज्य के समस्त 455 पुलिस थानों / चैकी में महिला सेल का गठन किया गया है। जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ - महिलाओं से संबंधित प्रकरणों एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । सीसीटीव्ही कैमरा - सार्वजनिक स्थानों में लगभग 50,000 सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं । पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना - यौन उत्पीड़न / अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं / उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना - 2018 राज्य में लागू है, जिसमें अधिकतम 10 लाख रूपये तक राहत राशि दिये जाने का प्रावधान है। महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ किया जाएगा तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सख्त नियम बनाए जाएंगे । स्व सहायता समूहों का 12.77 करोड़ रूपए का कालातीत ऋष्ा माफ राज्य की 27 लाख महिलाएं 2,50,853 बिहान समूहों से जुड़ी साढ़े चार साल में 1,68,181 समूहों को 3081 करोड़ रू का बैंक ऋण प्रदत्त योजनाएं है जो महिलाओं से जुडी है। इस अवसर पर उन्होने महिलाओं का सम्मान करते हुए कार्यक्रम की सफ्लता के लिए महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए बहन का फ्र्ज अदा करते हुए लगभग दस हजार महिलाओं को साडियों वितरण किया।

भाजपा कार्यालय में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात: सुनील रामदास

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भाजपा के जिला कार्यालय में मन की बात सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास ने संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित नव मतदाताओं को आमंत्रित किया। उनके आमंत्रण पर सैकड़ों की संख्या में नव मतदाता व भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण ने मोदी द्वारा संचालित होने वाला सुप्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात को सुनी। मन की बात में आज का प्रमुख विषयवस्तु-मोदी जी ने मन की बात में बापू के विचारों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि जी - 20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं द्वारा राजघाट पहुंचकर, उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। यह उनके विचारों की समाज में प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश के सम्भल में 70 गांवों के लोगों द्वारा अपनी भागीदारी से नदी को पुनर्जीवित करने वाले उल्लेखनीय कार्य का उल्लेख किया और उसके माध्यम से सामूहिक प्रयासों से होने वाले बदलाव पर जोर दी।

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के एडवर्स ड्रग रिएक्सन मानिटरिंग सेंटर विभाग द्वारा तृतीय राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के एडवर्स ड्रग रिक्सन मानिटरिंग सेंटर (एएमसी) द्वारा तृतीय राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह 17 सितम्बर से 23 सितम्बर के मध्य मनाया गया जिसके तहत अलग-अलग जगहों में हेल्थ केयर वर्कर, सामान्य लोग, डाक्टर, विद्यार्थियों व मेडिकल से जुड़े लोगों को दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के पूर्व डीन डॉ. सनत कुमार शर्मा, फार्मेकोलाजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली रोड़े प्रोफेसर एवं एएमसी समन्वयक डॉ. थामिज हर्सन, एएमसी के सहायक समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तुषार असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकाश केवलानी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृष्णा, जूनियर रेसीडेन्ट डॉ. अनिमेश द्वारा अलग-अलग जहों में जागरूकता कार्यक्रम किये गए। पहला कार्यक्रम 19 सितम्बर 2023 को शासकीय नर्सिंग कॉलेज में जाकर नर्सिंग विद्यार्थियों के मध्यम नए दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई साथ ही विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को एडीआर फार्म भरने के बारे में जानकारी दी गई। 20/09/2023 को श्री बालाजी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के ग्रामीण स्वास्थ्य ट्रेनिंग सेंटर (आरएनटीसी) दोंदेकला में मरीजों, स्टाफ व सामान्य लोगों को दवाओं के सेवन दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव व दवा डाक्टरी परामर्श के पश्चात् लिया जाना चाहिए यह बताया है। 21 सितम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोंदेकला में फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, सहकर्मी व विद्यार्थियों को दवाओं के प्रकार, दवा सेवन के तरीके व डाक्टरी परामर्श का महत्व तथा दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव से अवगत कराया गया। 22 सितम्बर को श्री बालाजी हास्पीटल के ओपीडी में आए मरीज तकनीकी स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिं स्टाफ व सामान्य लोगों के मध्य दवा सेवन के दुष्प्रभाव की जांच, दवाओं के सेवन में डाक्टरी परामर्श की भूमिका इत्यादि विषय पर लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया। 23 सितम्बर को श्री बालाजी मेडिकल कालेज के द्वितीय वर्ष अध्ययनरत एमबीबीएस विद्यार्थियों के मध्यम पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस के विद्यार्थियों में फार्माकोलाजी विभाग के प्रोफेसर, एसोसिट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर ने विद्यार्थियों के सवाल के जवाब दिए अंत में विभाग के प्रोफेसर डॉ. थामिज हर्सन ने फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के सभी कार्यक्रम के लिए विभाग के सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के प्रति आभार व्यक्त किया गया व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

बीजेपी की प्रदेश स्तरीय परिवर्तन यात्रा पहुंची भाटापारा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

बीजेपी के प्रदेश स्तरीय परिवर्तन यात्रा देर शाम भाटापारा पहुंची जहां पर जगह जगह फूल मालाओं व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया इस रथ यात्रा मे मुख्य रुप से प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव बृजमोहन अग्रवाल सांसद सुनील सोनी परिवर्तन यात्रा प्रभारी शिव रतन शर्मा गुरु बाल दास सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे गौरतलब है कि यात्रा दंतेवाड़ा से प्रारंभ होकर बिलासपुर मे समापन होगा।

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का हो त्वरित उपचारः मुख्य सचिव



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं सहायता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में सड़क सुरक्षा परिदृश्य की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सहित इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्गों के आस-पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने यातायात शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए भी सभी जरूरी कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। मुख्य सचिव ने राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित मेडिकल कॉलेजों तथा जिला चिकित्सालयों में ट्रामा सेंटर की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिलों के सभी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए प्रारंभिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अस्पतालों में मौजूद चिकित्सा उपकरणों एवं एम्बूलेंस में मौजूद चिकित्सा उपकरणों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजमार्गों के आस-पास स्थित सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बूलेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसकी समुचित व्यवस्था एवं निगरानी करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए है।

पिछड़ा वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कुछ नहीं किया : मोतीलाल साहू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराए जाने के बयान पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस पांच साल तक छलती रही और जब चुनाव आया तो उन्हें पिछड़ा वर्ग की याद आने लगी । भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात इसलिए कह रही है ताकि वह ओबीसी वर्ग को फिर से गुमराह कर सके। वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस जाति की राजनीति में ही अपने लिए राजनीतिक मोक्ष तलाशने के लिए विवश हो चुकी है? 10 साल पहले तक जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण पर खुलकर विरोध करने वाली कांग्रेस आज जब जातिगत जनगणना के लिए इतनी व्याकुल हो रही है ।

भाजपा के परिवर्तन यात्रा में प्रधानमंत्री से लेकर दर्जनों केंद्रीय मंत्री आ गये पर छत्तीसगढ़ को मिला क्या?: धनंजय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्रियों पर कांग्रेस ने सवाल उठाए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के परिवर्तन यात्रा में 14 दिन में प्रधानमंत्री से लेकर दर्जनों केंद्रीय मंत्री आए और चले गये इनके आने से छत्तीसगढ़ की जनता को क्या मिला? भाजपा के राजनैतिक यात्रा में सरकारी खर्चे और सुख सुविधा विलासिता उपभोग कर आये केंद्रीय मंत्रियों ने सिर्फ भाजपा का प्रचार-प्रसार किया। जब कोई मंत्री का दौरा होता है तब जनता उस मंत्री से कोई नई सौगात की उम्मीद करती है। उनके विभाग से संबंधित समस्याओं का हल चाहती है जो इन केंद्रीय मंत्रियों के दौरा में कहीं नहीं दिखा। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में प्रधानमंत्री, केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री, सहकारिता राज्य मंत्री, बिजली एवं उद्योग राज्य मंत्री, जल शक्ति एवं जनजाति राज्य मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, आयुष राज्य मंत्री, सहकारिता मंत्र, आये थे।

गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट समूह की महिलाओं ने गिफ्ट किया राहुल गांधी को

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना अंतर्गत नारी शक्ति समिति गनियारी की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। महिलाएं इन हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन से समय की बचत और उत्पाद में वृद्धि करके अपनी कमाई में वृद्धि कर सकेंगी। नारी शक्ति समूह की महिलाओं ने सांसद राहुल गांधी को गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गारमेंट फैक्ट्री में बना कुर्ता पैजामा भी भेंट किया। सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बिलासपुर द्वारा बनाए गए उत्पादों का निरीक्षण किया। गांधी ने समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित गोबर पेंट के डिब्बे को खोलकर देखा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें बताया कि प्रदेश में महिलाओं और स्व सहायता समूह को गोबर पेंट निर्माण के माध्यम से अच्छी कमाई हो रही है। इस गोबर पेंट का उपयोग करके स्कूल और शासकीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जा रहा है। गांधी ने समूह द्वारा अब तक निर्मित गोबर पेंट के अब तक उत्पाद निर्माण और किया जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली।

जीत का दावा करने वाले राहुल गांधी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना बंद करें : सिद्धार्थनाथ सिंह

- भाजपा के छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी और विधायक सिंह ने कहा - राहुल गांधी धरती पर उतरें, जनता से मिलें, जनता कांग्रेस को फिर से सत्ता नहीं सौंपने वाली है।

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी और प्रयागराज (उप्र) के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऊहापोह से ग्रस्त बताते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत को लेकर राहुल गांधी को मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने आने लगे हैं। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी हकीकत को स्वीकार कर यह मान लें कि कांग्रेस शासित राज्यों में जबर्दस्त परिवर्तन लहर बह रही है। भाजपा के छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी और प्रयागराज से विधायक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की देह-भाषा (बॉडी लैंग्वेज) और शब्दों का चयन बताते हैं कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व तक राजनीतिक दिशाहीनता और संशय का शिकार है! राहुल गांधी कह रहे हैं कि 'प्रॉबबली (संभवतः)', 'मे बी (हो सकता है)', 'सरटनली (निश्चित रूप से)', तो उनको खुद में ही विश्वास नहीं है कि कांग्रेस चुनाव जीतने जा रही है, इसलिए इन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी धरती पर उतरें, जनता से मिलें। जनता का जो हक कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने मारा है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने जो लूट की है और कांग्रेस का जो मध्यप्रदेश में कमलनाथ का कार्यकाल रहा है, उसे देखते हुए जनता कांग्रेस को फिर से सत्ता नहीं सौंपने वाली है, यही हकीकत है। इसलिए कांग्रेस की जीत को लेकर दुविधाग्रस्त राहुल गांधी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखना बंद करें।

कांग्रेस पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी अमर्यादित और अस्वीकार्य भाजपा में आतंकवादी और देशद्रोही शामिल हो गयेः सुशील शुक्ला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के संबध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमर्यादित और अस्वीकार्य बताते हुये कहा कि भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी के बयान प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाले रहते है, देश की सबसे पुरानी पार्टी जिसने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जिस कांग्रेस ने देश के लिये कुर्बानियां दिया है। उसको अर्बन नक्सलियों से जोड़ना भाजपा और मोदी के मानसिक दिवालियेपन को दिखाता है। जिस भाजपा का सांसद विधुड़ी संसद के अंदर अपने ही सहयोगी विपक्षी सांसद के धर्म सूचक अभद्र टिप्पणियां करता हो धर्म के आधार पर विपक्ष के सांसद को उसके धर्म के कारण आतंकवादी होने का आरोप लगाता हो उस दल के नेता से ओर अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आजादी के पहले और उसके बाद से ही भाजपा के पितृ संगठन और भाजपा दोनों में ही आतंकी विद्वेष फैलाने वालों का प्रश्रय दिया गया राष्ट्रपिता का हत्यारा और देश का पहला आतंकवादी नाथूराम गोंडसे भाजपाईयों का आदर्श रहा है। भाजपाई आज भी नाथूराम गोंडसे का महिमा मंडन करने से पीछे नहीं हटते है। प्रज्ञा ठाकुर जैसे आतंकी गतिविधियों में शामिल जो खुलेआम महात्मा गांधी के लिये अभद्र शब्दों का प्रयोग करती है वह भाजपा की सांसद है दिखावे के लिये मोदी कहते है वे प्रज्ञा को कभी माफ नहीं कर सकते लेकिन संसदीय दल में उसका सम्मान करते है। असम और मणिपुर में भाजपा उग्रवादियो के साथ खड़ी रहती है 110 बोडो उग्रवादियों को भाजपा ने अपना सदस्य बनाया है। पाकिस्तानी एजेंट ध्रुव सक्सेना, प्रदीप कुरीलकर जैसे देशद्रोही भाजपा और आरएसएस के पदाधिकारी थे। बीजेपी के दो नेताओं हिमंता बिसवा सरमा और राम माधव ने 2017 में मणिपुर विधानसभा चुनाव जीतने के लिये कुकी आतंकी संगठनों की मदद ली थी, कुकी विद्रोह संगठन के नेता का दावा है कि उसने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अपनी सरकार की 9 साल की नाकामियों से जनता का ध्यान हटाने प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस को कोसने का गालियां दे रहे है लेकिन वे कुछ भी कर ले उन्हें जनता को बताना ही होगा कि नोटबंदी, जीएसटी के क्या फायदे हुये? महंगाई कम क्यों नही हो रही है? रसोई गैस पेट्रोल- डीजल के दाम आसमान क्यो छू रहे है? 2 करोड़ रोजगार के अनुसार 19 करोड़ रोजगार का क्या हुआ? किसानों की आय दुगुनी क्यो नही हुई, लोगों के खाते में 15 लाख कब आयेंगे? देश की बेरोजगारी दर 50 साल में सबसे ज्यादा क्यो है? भाजपा और नरेन्द्र मोदी सोचते है कि कभी धर्म की आड़ लेकर कभी विरोधियों को कोसकर अपनी जिम्मेदारी से भाग जायेंगे तो मुगलाते में है अब की बार न सेना के पराक्रम के आधार पर और न ही राष्ट्रवादी के नाम पर जनता भुलावे में नही आने वाली अबकी बार तो जनता के सवालों का जवाब देना ही होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403